फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 289 प्रभात जयपुर, बुधवार 25 मई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Keystone Cops!** The Punjab police is purported to have neglected to give prior information and just informed the Delhi police in passing as they returned post haste to Punjab.

**Incredible Atmospheric Waves**

**Perfect Playtime Outfits for Kids**



विश्व की सर्वाधिक संकटग्रस्त समुद्री स्तनपायी प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है। नुकीली नाक वाली, डॉल्फिन से मिलती जुलती ''वकीटा पॉरपस'' की आबादी घटकर केवल दस रह गई है। मैक्सिको में इसे नैशनल ट्रैज़र माना जाता है, जहाँ ये गल्फ ऑफ कैलिफोर्निया के ऊपरी भाग में मिलती हैं। इन स्तनपायियों को ''लिटल सी काओ'' भी कहते हैं। सबसे पहले सन् 1978 में इन्टरनैशनल यूनियन ऑफ कंज़र्वेशन नेचर (आई.यू.सी.एन.) ने इस मछली को अपनी रैड लिस्ट में ''वल्नरेबल'' वर्ग में रखा था लेकिन अब इनका अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है। तथापि, शोधकर्ताओं की एक अन्तर्राष्ट्रीय टीम का मानना है कि, अभी भी बहुत देर नहीं हुई है, इन्हें बचाया जा सकता है। ''साइन्स'' जर्नल में इसी माह प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि, इतनी कम आबादी के बावजूद वकीटा में अन्तर्प्रजनन के कारण होने वाले हानिकारक म्यूटेशन्स का खतरा न्यूनतम है। पिछले एक दशक में बड़ी समुद्री मछली, टोटोबा का अवैध व्यापार तेजी से बढ़ने के कारण वकीटा की संख्या 576 से घटकर केवल दस रह गई है। चीन के ब्लैक मार्केट में, हजारों डॉलर में बिकने वाली ''टोटोबा'' मछली के लिए अवैध शिकारियों द्वारा डाले गए गिलनैट्स में वकीटा पॉरपस फंस जाती हैं। गल्फ ऑफ कैलिफोर्निया के उत्तरी सिरे पर मिलने वाली ये मछलियाँ 1958 में खोजी गई थीं। आवास क्षेत्र सीमित व छोटा होने के कारण दसियों हज़ार साल तक इनकी आबादी 5000 के नीचे रही। युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रैंसिस्को में इवोल्यूश्नरी जैनेटिसिस्ट तथा शोध की सहलेखक, जैकलीन रॉबिन ने कहा, ''इनके उद्विकासी इतिहास में बहुत लंबे समय तक इनकी आबादी कम रहना तथा निम्न जैनेटिक डायवर्सिटी इनके पक्ष में है। आबादी में आई भारी गिरावट के बाद, पलटकर वापस आने की इनकी संभावनाएं बहुत अच्छी हैं। इनके अंदर छुपे हुए नुकसानदायक जैनेटिक वेरिएशन कम हैं जो कि भविष्य के अन्तर्प्रजनन में समस्या बन सकते हैं। शोधकर्ताओं की टीम का आकलन था कि, यदि वकीटा को संरक्षण दिया जाए तथा गिलनैट्स में फंसकर होने वाली मृत्यु पूरी तरह खत्म हो जाएं तो आधी सदी में इनकी विलुप्ति की संभावना केवल 6 प्रतिशत होगी। लेकिन यदि इन स्तनपायियों का, बहुत छोटे स्तर पर भी नैट्स में फंसना जारी रहा, तो विलुप्ति की संभावना बढ़ जाएगी।

# 'अगर ताईवान पर आक्रमण हुआ तो ''नाटो देश'' पर आक्रमण जैसी प्रतिक्रिया होगी'

## अमेरिका ने चीन को चेतावनी दी जापान में आयोजित क्वाड सम्मेलन में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जापान में आयोजित क्वाड सम्मेलन के दौरान चीन व रूस के लड़ाकू विमान जापान के नजदीक आसमान में फहरा रहे थे। जवाबी कार्यवाही में जापान ने भी अपने लड़ाकू विमान आसमान में उतारे।
- अब तक अमेरिका ''स्ट्रैटेजिक एम्बीग्विटी'' (अस्पष्ट भाषण) की नीति अपनाता आया है। अमेरिका ''नो कमैन्ट्स'' का रुख रखता था, जब भी यह पूछा जाता था कि, अगर ताइवान पर आक्रमण हुआ तो वह क्या करेगा।
- एक बार तो वर्तमान राष्ट्रपति बाइडन ने पूर्व तथा तत्कालीन राष्ट्रपति की कड़ी आलोचना तक की थी, जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस ''स्ट्रैटेजिक एम्बीग्विटी'' का उल्लंघन किया था।
- जैसा कि, विदित है, जब राष्ट्रपति निक्सन ने चीन से कूटनीतिक संबंध स्थापित किये थे। तब से ताइवान से सीधे संबंध रखना बंद कर दिया।
- चीन ने दूसरी ओर स्पष्ट कहा है कि, ताईवान में किसी प्रकार हस्तक्षेप चीन के खिलाफ कार्यवाही मानी जायेगी।

नई दिल्ली, 24 मई। दुनिया में जहां कुछ बुरा होने की आशंका पहले ही बनी हुई है, वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ताइवान के बारे में सोमवार को बयान देकर उसे और झकझोर दिया है।

राष्ट्रपति बनने के बाद एशिया के अपने पहले दौरे में बाइडन ने संकेत दिया कि यदि चीन ताइवान पर किसी तरह का हमला करता है तो अमेरिका सैन्य रूप से तुरन्त प्रभाव से उसमें कुद पड़ेगा। ताइवान पर चीन के हमले की सूरत ने उन्होंने अमेरिका की तरफ से वैसी ही भावना व्यक्त की जैसी कि नाटो देशों की होती है।

दरअसल, यदि रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोपीय देशों में अस्थिरता ला दी है तो अब वही अनिश्चितता एवं संभावित अस्थिरता एशिया प्रशांत क्षेत्र में आने वाली है।

टोक्यो में जब मंगलवार को क्वाड नेता मीटिंग कर रहे थे, तब रूस और चीन के लड़ाकू विमान जापान के निकट आकाश में उड़ान भर रहे थे। इन विमानों ने मंगलवार को जापान के इलाके से लगते आसमान में संयुक्त युद्धाभ्यास किया। इसके जवाब में जापान ने भी अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए और चिंता प्रकट करते हुए अपने फाइटर जैट्स रवाना किए।

राष्ट्रपति बाइडन चार चुनिंदा देशों- यथा ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और अमेरिका के नेताओं की एक शिखर बैठक में भाग लेने के लिए जापान दौरे पर थे। इन देशों के समूह को क्वाड कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल फिर टारगेट

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। भाजपा राहुल गांधी की इंग्लैंड यात्रा की निंदा करने के लिए ज्यादा ही आगे बढ़ गई और लेबर पार्टी के पूर्व नेता जैरेमी कॉर्बिन के साथ हुई उनकी भेंट को लेकर एक विवाद खड़ा करने की कोशिश की, तो कांग्रेस ने भी तुरन्त ही एक फोटो ट्वीट कर दिया, जिसमें उक्त लेबर नेता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात

- राहुल इंग्लैंड में लेबर पार्टी के जैरेमी कॉर्बिन से मिले तो, जैरेमी कश्मीर समर्थक अवांछनीय व्यक्ति, पर, मोदी से मिले तो सब अवगुण गायब।

करते दिखाये गये है। कांग्रेस ने मीडिया से दोनों की पहचान जानने को कहा।

भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने एक फोटोग्राफ ट्वीट करते हुए पूछा, "राहुल गांधी जैरेमी कॉर्बिन (बीच में खड़े सज्जन) के साथ क्या कर रहे हैं? जैरेमी कॉर्बिन अपने भारत-विरोधी, हिन्दू विरोधी रुख के लिये बदनाम हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'रणदीप सिंह सुरजेवाला भाजपा की राह की ओर चले?'

## कहा जा रहा है कि, सुरजेवाला अमित शाह के सीधे सम्पर्क में हैं, तथा भाजपा उन्हें राज्यसभा के टिकट का आश्वासन दे चुकी है, पर सुरजेवाला मंत्री पद के इच्छुक हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। दिल्ली के राजनैतिक हल्कों में आजकल यह अफवाह है कि ए.आई.सी.सी. मीडिया प्रमुख तथा पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला भाजपा नेता अमित शाह के सम्पर्क में हो सकते हैं। कहा तो यहाँ तक जा रहा है कि शाह के साथ उनकी मीटिंग तथा गहन चर्चा हो चुकी है।

अफवाह के अनुसार, भाजपा उन्हें एक राज्यसभा सीट देने के लिये तैयार है लेकिन सुरजेवाला मंत्री पद के लिये अड़े बताये जा रहे हैं।

बताया जाता है कि बात इसी बिन्दु पर अटक गई है।

एक नेता ने समझाया कि जहाँ सुरजेवाला भाजपा के लिये बहुत ज्यादा उपयोगी नहीं हैं क्योंकि उनमें चुनाव जीतने की क्षमता भी नहीं है तथा वे

- भाजपा का मानना है, सुरजेवाला का कुछ चुनावी महत्व नहीं है पर, ''ऑप्टिक'' महत्व है क्योंकि, वे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नज़दीक बताये जाते हैं।

लगातार कई चुनाव हार चुके हैं, लेकिन वहीं, लेकिन वे केवल दिखाने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे राहुल तथा प्रियंका गांधी दोनों के नजदीक माने जाते हैं।

इसके साथ ही, वे कांग्रेस से भी राज्यसभा सीट लेने के लिये प्रयासरत हैं। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ तथा मजबूत नेता भूपिन्दर सिंह हुडा ने सुरजेवाला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है तथा उन्होंने सुरजेवाला का पत्ता काटने के लिये अजय माकन को समर्थन करना शुरु कर दिया है। माकन भी राहुल गांधी के नवरत्नों में से एक हैं तथा वे भी राज्यसभा सीट के लिये पूरी तरह प्रयासरत है। वे राजस्थान के प्रभारी महासचिव हैं तथा इस कारण उन्हें राजस्थान से राज्यसभा का टिकट मिलना मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

उदयपुर चिन्तन शिविर के दौरान, सुरजेवाला किसी पालतू जानवर की तरह अशोक गहलोत के पीछे लगे हुये थे तथा हर वक्त उनके साथ ही दिखाई पड़ रहे थे। चूँकि वे जानते हैं कि हुडा उन्हें हरियाणा से राज्यसभा का टिकट नहीं लेने देंगे, इसलिये उन्होंने यह आस लगा रखी है कि अशोक गहलोत राजस्थान से उनके नाम की सिफारिश कर देंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## टास्क फोर्स

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा गठित टास्क फोर्स हरेक 72 घण्टे बाद अपनी मीटिंग करेगी और संभव हुआ तो हर 48 घंटे बाद। एक सीनियर नेता ने कहा कि यदि ऐसा हो सकता है तो यह वास्तव में शानदार हैं।

टास्क फोर्स का गठन आज सुबह ही किया गया और आज ए.आई.सी.सी. में ही इसकी पहली मीटिंग हुई जिसमें पी. चिदम्बरम, प्रियंका गांधी, जयराम

- पहली बैठक सोमवार की सुबह हुई, तथा 48 घण्टे में नहीं, तो हर 72 घण्टे में तो बैठक आयोजित होगी।

रमेश, के.सी. वेणुगोपाल, सुरजेवाला, अजय माकन, मुकुल वासनिक व अन्य ने भाग लिया।

कमेटी विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनावों तक चुनाव प्रबन्धन, मीडिया रणनीति आदि पर निर्णय करेगी। सर्वानुमति से कोई निर्णय नहीं किया जाएगा, बल्कि प्रत्येक सदस्य को एक विषय दिया जाएगा और उस पर राय तैयार करने के लिए सहायता के रूप में कुछ सदस्य दिए जाएंगे, फिर इसकी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को भेजी जाएगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना के मु.मंत्री नीतीश को विपक्ष का उम्मीदवार बनाने में जुटे हैं

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- चंद्रशेखर राव मानते हैं कि, चाहे उन्हें, विपक्ष के उम्मीदवार को जिताने में सफलता नहीं मिले, पर इस कवायद से 2024 के संसदीय चुनावों तक विपक्ष जरूर एकजुट हो जाएगा।
- पर, अहम् सवाल हैं, क्या नीतीश कुमार, बलि का बकरा बनने को तैयार हैं।

नई दिल्ली, 24 मई। राजनैतिक हल्कों में एक बार फिर ये अटकलें जोरों पर हैं कि विपक्षी दल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में खड़ा करेंगे।

चूँकि निर्वाचक मण्डल में 48.9 प्रतिशत वोट भाजपा के हैं, अतः वह अपने प्रत्याशी को आसानी से जिताने में सक्षम दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय दल, तथा खासतौर से तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव, 2024 के लोकसभा चुनावों का पूर्वाभ्यास माने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में एकजुटता जुटता का प्रदर्शन करने के कमर कसे दिखाई दे रहे हैं।

जहाँ हारी हुई बाजी दिखाई दे रही इस चुनावी लड़ाई में बलि का बकरा बनने में बिहार के मुख्यमंत्री को ऐतराज हो सकता है, वहीं पक्की संभावना यह भी है कि वे भाजपा प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेंगे, जैसा कि उन्होंने पहले किया था। इस बीच के.सी.आर. राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी को लेकर सर्वसम्मति बनाने के विचार के साथ विपक्षी खेमें में विचार-विमर्श करने में लगे हुये हैं।

हाल ही में, के.सी.आर. ने दिल्ली में, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के साथ मीटिंग की थी। इससे पूर्व, वे इस सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ भी चर्चा कर चुके हैं। 26 मई को, वेंगलुरू में पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. दैवेगौड़ा तथा जे.डी.एस. नेता एच.डी. कुमारास्वामी के साथ मीटिंग करेंगे। आशा की जा रही है कि इस माह के अन्तिम दिनों में वे कोलकाता जायेंगे तथा तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम 'गाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मीटिंग करेंगे तथा इसके बाद वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा आर.जे.डी. नेता तेजस्वी यादव के साथ मीटिंग करेंगे। के.सी.आर., एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार, केरल के मुख्यमंत्री चिनारी विजयन तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ पहले ही मीटिंग कर चुके हैं। के.सी.आर. ने भी विपक्षी नेताओं के साथ मार्च में भी मीटिंग की थीं।

के.सी.आर. की ये पूरे देश की यात्राएं राष्ट्रपति चुनाव में मतदान के रूप में परिवत होंगे या नहीं, लेकिन तेलंगाना के मुख्यमंत्री यह उम्मीद तो बाँध ही सकते हैं कि वे कांग्रेस को विपक्षी दलों का अगुआ बनने से रोकने के लिये तीसरे मोर्चे के गठन के लिये जमीन तैयार कर रहे हैं। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में, कांग्रेस ने राष्ट्रपति पद के लिये मीरा कुमार की उम्मीदवारी की घोषणा कर दी थी। टी.आर.एस. के सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दल यह सुनिश्चित करें कि इस बार विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में किसी गैर-कांग्रेस उम्मीदवार को खड़ा किया जाये।

## चीफ जस्टिस सबीना

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की वरिष्ठतम जज जस्टिस सबीना को चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक की सेवानिवृत्ति के बाद मंगलवार को हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया गया। यह जानकारी

- राष्ट्रपति भवन से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट की वरिष्ठतम जज जस्टिस सबीना को हिमाचल हाई कोर्ट का एक्टिव चीफ जस्टिस बनाया गया है।

राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में दी गई।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने इलाहबाद हाईकोर्ट के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को इसी हाईकोर्ट में पदोन्नत कर स्थायी जज बनाए जाने की स्वीकृति दी है।

# कांग्रेस ने बनाईं तीन महत्वपूर्ण कमेटियां, लेकिन राजनीतिक मामलों की कमेटी में एक भी नेता 50 साल से कम का नहीं है

## तो क्या उदयपुर संकल्प शिविर में किया गया वायदा सिर्फ युवाओं को सपने दिखाने जैसा था

जयपुर, 24 मई (का.प्र.)। उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के बाद कहा गया था कि पार्टी संगठन में 50 प्रतिशत पदों पर 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों को लिया जाएगा, लेकिन कांग्रेस ने शिविर के संकल्पों को पूरा करने को लेकर जो कमेटियां गठित की हैं, उनमें सबसे महत्वपूर्ण पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी में राजस्थान से जितेंद्र सिंह को लिया गया है, जिनकी उम्र 50 वर्ष से ज्यादा है। वही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को कॉर्डिनेट करने के लिए बनाई गई समिति में सचिन पायलट को सदस्य बनाया गया है, जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम है। यानी कि कांग्रेस के राजनीतिक फैसलों में जहां जितेंद्र सिंह की भूमिका होगी, वही सड़कों पर संघर्ष करने के मामले में सचिन पायलट को आगे किया गया है।

दरअसल उदयपुर में लिए गए पार्टी के संकल्प के बिल्कुल विपरीत पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में जितने भी नेताओं को शामिल किया गया है, उनमें एक की उम्र भी 50 वर्ष से कम नहीं है। यानी कि पार्टी की ओर से अब

- राजनीतिक मामले देखेंगे जितेंद्र सिंह, भारत जोड़ो यात्रा करेंगे सचिन पायलट।

राजनीतिक मामले देखे जाएंगे, उन सब पर फैसला 50 साल से अधिक उम्र के या यूं कहें बुजुर्ग नेता करेंगे और युवाओं को जिस समिति में लिया गया है, वह समिति सिर्फ पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा को कॉर्डिनेट करेगी। यानी कि सड़कों पर संघर्ष करने का काम तो युवाओं को दे दिया गया है, लेकिन पार्टी के महत्वपूर्ण फैसले लेने वालों में बुजुर्गों की ही भूमिका रहने वाली है। इन तीनों कमेटियों को देखने के बाद स्पष्ट नजर आता है कि आरपीएन सिंह और जितिन प्रसाद के कांग्रेस छोड़ने के बाद इन समितियों में जगह देकर यह जताया गया है कि कांग्रेस दबाव समूह के दबाव में आ चुकी है।

कहां जा रहा है कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करते हुए पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसके लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। साथ ही 8 सदस्यीय पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) भी बनाई है। कमेटी में सांसद राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, गुलाम नबी आजाद, अम्बिका सोनी, दिग्विजय सिंह, आनन्द शर्मा, के.सी. वेणुगोपाल और जितेंद्र सिंह जैसे दिग्गज नेताओं को शामिल किया गया है। इन सभी नेताओं की उम्र 50 वर्ष से अधिक है और एक भी नेता 50 वर्ष से कम उम्र का इस महत्वपूर्ण समिति में शामिल नहीं किया गया है। टास्क फोर्स में पी चिदम्बरम, मुकुल वासनिक, जयराम रमेश, के.सी. वेणुगोपाल, अजय माकन, प्रियंका गांधी, रणदीप सुरजेवाला और सुनील कनगोलु का नाम शामिल किया गया है।

इसके अलावा कांग्रेस की ओर से कश्मीर से कन्याकुमारी तक 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली भारत जोड़ो यात्रा के लिए सैन्ट्रल प्लानिंग ग्रुप फॉर भारत जाड़ो यात्रा बनाया गया है। इसमें दिग्विजय सिंह, सचिन पायलट, शशि थरूर, रंवीत सिंह बिट्टू, केजे जॉर्ज, जोथी मानी, प्रद्युत बोलदोलोई, जीतू पटवारी,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कुतुब मीनार फैसला नौ जुलाई को

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। दिल्ली के एक अतिरिक्त जिला न्यायालय ने मंगलवार को उस याचिका पर अपने फैसले को 9 जून के लिये सुरक्षित रख दिया, जिसमें कुतुबमीनार कॉम्प्लेक्स के अन्दर के 27 हिन्दू तथा जैन मंदिरों को पुनः प्रतिष्ठापित करने की माँग की गई थी,

- ''पुराने अन्यायों से आज की शान्ति नहीं भंग की जा सकती।''

जबकि आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (ए.एस.आई.) जो पुराने स्मारकों को संरक्षण प्रदान करता है, ने दृढ़तापूर्वक कहा कि यह पूजा स्थल नहीं है तथा मौजूदा संरचना में कोई भी परिवर्तन करने की अनुमति देय नहीं है।

जज निखिल चोपड़ा ने मंगलवार को जिरह पूरी हो जाने के बाद, सभी पक्षों को संक्षिप्त सार, अगर हो तो, प्रस्तुत करने की अनुमति दे दी। एक अपीलार्थी,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चतुराई दरबारियों के लिए गुण है, साधुओं के लिए दोष। –शेख सादी

# नए उभरते राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए ( व्यंग मात्र )

राजनीतिक निर्णय, युवा, वृद्ध, अमीर, गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, प्रोफेशनल्स, सेवा प्रदाता अर्थात सभी वर्गों को प्रभावित करते है। अमीरों को कुछ कम और गरीबों, मजदूरों, माध्यम वर्ग को कुछ ज्यादा। हर वर्ग के व्यक्ति थोड़ी बहुत रुचि राजनीति में रखते है।

महंगाई, लचर कानून व्यवस्था, लचर न्याय व्यवस्था से भी हर वर्ग प्रभावित–दुष्प्रभावित है। युवाओं के समक्ष बेरोजगारी बड़ी समस्या है। इन सब का समाधान राजनीतिक निर्णयों में ही है।

इस सारी ऊहापोह की स्थिति में बहुत से युवा राजनीतियों की चमक–दमक से आकर्षित होकर, राजनीति में ही अपना भविष्य तलासने और तरासने लगे है।

युवा साथियों, यदि आपको राजनीति के जंगल में सफल होना है तो कुछ बुनियादी शर्तें है।यदि आपने उनको समझ लिया, आत्मसात कर लिया तो आप बहुत आगे न भी जा पाओ तो भी सरपंच, प्रधान, प्रमुख, एमएलए तो बन ही सकते हो।

**नीचे कुछ बानगी है उन अनिवार्य शर्तों की:-**

सर्वप्रथम 1, 2 ठीक–ठाक पद पर बैठे, नेताओं को चुने और येन–केन प्रकारेण, मौके–बिना मौके उनकी नजरों के सामने रहने का, कोई मौका नहीं चुकें। उनके जन्मदिन पर अपने गांव, मोहल्ले में और जहां नेताजी की नजर पड़े ऐसी किसी बड़ी जगह, नेताजी का बड़ी तस्वीर वाला पोस्टर लगाए।

आपकी पॉकेट वजन हो। एक बड़ी सी गाड़ी में 5, 10 लोगों को हरदम, खिला–पिला कर साथ रखने का मादा हो। यदि इस फ़ौज में कोई लाइसेंसी,.गैरलाइसेंसी बंदूकधारी भी हो तो सोने में सुहाग। यह अपरोक्ष रूप से आपकी निजी सेना है जो आपके इशारों पर नाचें।

आदर्शवादी विचारधारा का अपना महत्व है किंतु उस वजनी पोटली को आप सर पर रख कर नहीं डोलना। यह काम कुछ बड़े केंद्रिय, राज्य स्तरीय नेताओं द्वारा विशेष अवसरों पर बोलने के लिए है। यह उनका ही विशेषाधिकार है, इसमें अतिक्रमण नहीं करना।

नेताजी नें यदि रात को दिन कह दिया तो आपको उसे सिद्ध करने के लिए जायज–नाजायज सब सीमा लांघनी हैं। नेताजी के यदि कहें कि ताली और थाली बजानी हैं या मोमबत्तियां जलानी हैं तो पूरा शहर न सही मोहल्ले में तो रात और दिन आसमान गूंजना ही चाहिए। आप मोमबत्तियां रात के साथ दिन में भी जलाएं।

आजकल बहुत से जुमले, नैरेटिव्स, नए–नए विषय नेताओं की जुबान पर है। इन में से कुछ आप चुनिए और उन के पक्ष या विपक्ष में, बेहिचक कुछ भी तथ्यात्मक अथवा अनर्गल बोलने की कला, क्षमता विकसित करें। बोलने में लंग पावर का इतना उपयोग जो कि सामने वालों की आवाज कोई सुन ही नहीं पाए।

इतिहास को अपनी सुविधानुसार तोड़ने–मरोड़ने–अर्थ का अनर्थ करने की क्षमता हासिल करो।

**कर्म करने वाले सबसे नीचे व कर्मकांड करने वाले सबसे उपर क्यों,यह कभी नहीं पूछना? दलित स्वर्ण समस्या पर भूल कर भी नही बोलना। कर्मकांड दिन दूने रात चौगुने फलें-फूलें किन्तु इस झगड़े में नहीं कूदना।**

इतिहास पॉलिटिशियन्स के लिए बड़े काम की चीज सिद्ध हो रही है। हिंदुस्तान के पुराने जातीय–साम्प्रदायिक सूरमाओं को इतिहास के विदेशी आक्रांताओं व देशी खलनायकों नें जो कुछ नही करने दिया या नहीं कर सके, उसे अब करने का उद्घोष करो। इतिहास की किताबों से सारी असुविधाजनक सामठी जो चाहे तथ्यपरक ही क्यों न हो उसे भी हटा डालो या ऐसा करने का वादा करो। इतिहास से गड़े मुर्दे निकाल कर, शहरों, गांवों, सड़को के नाम बदलने के वादे करो। पुरानी ऐतिहासिक, प्रसिद्ध इमारतों में भिन्न धर्मों के अवशेष, कलात्मक स्तम्भ, तोरणद्वार आदि होने की घोषणा कर डालो।

कभी–कभी 2, 4 मसल मैन के साथ भीड़ में घुसो और लोगों का धर्म पूछो, जोर–जोर से जयकारे करवाओ, न करे उसे ऐसा पाठ पढ़ाओ कि लोग आपकी सेना के समक्ष, कभी न कहने का साहस भी न करें।

धर्म संसद आयोजित करो, कुछ बाबा लोगों को बुलाओ। कुछ ऐसा नया एलान कराओ की बवाल पैदा हो और टीवी एंकर्स उसे लपक लें। जैसे ज्ञानवापी में शिवलिंग मिल गया है, किसी को उसे फव्वारा बोलने ही मत दो।

मीडिया में एक तरफा गलत, भ्रामक खबरें बेहिचक चलवाने, वोट के गणितानुसार सामाजिक–जातीय–साम्प्रदायिक वैनस्य फैलाने और झूठ बोलने में महारत हासिल करो। जनता में रोबदोब जमाने के लिए तलवार–त्रिशूल–डंडे–गंडे–टोपी–पजामा–शेरवानी वाली सेनाए बनाओ और लड़ने भिड़ने को तैयार रखो।

वर्तमान संविधान बनाम पुरातन भारतीय शास्त्रों पर आधारित नया विधान निर्माण तथा कानून आधारित न्याय बनाम बुलडोजर से नव–त्वरित–ऑनसपोट न्याय पर बहस करो, कराओ।

आपकी सुविधा के लिए, आज कल चलने वाले कुछ पॉपुलर मुद्दे नीचे हैं, आपको इनके पक्ष या विपक्ष में क्या बोलना, नहीं बोलना यह तय करें और फिर पूरी ताकत से बोलना शुरू कर दें:-

श्मशान बनाम कब्रिस्तान, हिंदुस्तान–पाकिस्तान, मंदिर बनाम मस्जिद, मजार, अजान बनाम हनुमान चालीसा, हिजाब बनाम भगवा टोपी, पट्टी, हलाल बनाम झटका, रोजी–रोटी, रोजगार बनाम त्रिशूल, 80 बनाम 20, रामजादे बनाम हराम जादे, हिन्दू बनाम मुसलमान, धोती बनाम टोपी, ओबीसी, एस सी,एस टी आरक्षण बनाम मूल ओबीसी, अन्य वंचित, दलित आरक्षण, भगवा बनाम हरा, गीता, रामायण, पुराण बनाम कुरान, बाइबल, आस्था बनाम संविधान, राष्ट्रवाद बनाम देशद्रोही।

**क्या नहीं करना:-**

कुछ बातें कथा,कहानियों, भाषणों में अच्छी, वहीं रहने देनी है, आप अनावश्यक बोझ दिमाग पर न डालना और न बोलना, जैसे कि हिंदुस्तान सबका है, भारतीय संस्कृति हजारों नदी–नालों का संगम है, धर्म ईश्वर तक पहुंचने व सच्चा इंसान बनने के एक नहीं अनेक मार्ग बताता है, धर्म बात–बेबात लड़ना–भिड़ना नहीं सिखाता। झूठे–ढोंगी–बेईमान लोग पाखंडी करने का रास्ता अपनाते है, यह तो भूल कर भी मत बोल देना।

कर्म करने वाले सबसे नीचे व कर्मकांड करने वाले सबसे उपर क्यों,यह कभी नहीं पूछना? दलित स्वर्ण समस्या पर भूल कर भी नही बोलना। कर्मकांड दिन दून रात चौगुन फले–फूले किन्तु इस झगड़े में नहीं कूदना। सारे नेताओं के पास विष्णु के विभिन्न अवतारों का पूरा रिकॉर्ड है लेकिन वराह अवतार की बधाई किसी को मत दे देना। डॉक्टर, इंजीनियर तो किसानों–मजदूरों–मीणा–मेहतरों–मेघवालों आदि बनें और अब कोई रोक भी नही पाता किन्तु इनको पुजारी बनाने की वकालत भूल कर भी मत कर देना।

यदि यही नहीं मानों गे तो चलते रास्ते आफत आमंत्रित कर लोगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह, आई.ए.एस. ( से.नि. )**

## राशिफल बुधवार 25 मई, 2022



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रात्रि 11:20 तक, प्रीति योग रात्रि 10:44 तक, विष्टि करण दिन 10:33 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मीन, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–मेष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 10:53 तक है और पंचक है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:42 से 12:24 तक, चर 3:46 से 5:27 तक, लाभ 5:23 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08

**मेष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**सिंह**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।

**धनु**
परिवार में वाद–विवाद टालने का प्रयास करें। आपसी मतभेद बढ़ने का भय बना रहेगा। परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। व्यावसायिक विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि हो सकती है और आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। चलते कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**कर्क**
धार्मिक–सामाजिक समारोह में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सुसंदेश प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# सड़क सुरक्षा, जीवनरक्षा एक चुनौती है

आवागमन के साधनों में सड़क यातायात प्रमुख स्थान रखता है। भारत में जनता की सड़क यातायात के साधनों पर 71 फीसदी व रेलवे पर 19 फीसदी निर्भरता है। सड़क परिवहन द्वारा 65: तथा रेलवे से 34: माल की ढुलाई होती है। वर्तमान में देश में 2021 में 30 करोड़ व राजस्थान में 1.5 करोड मोटर वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। प्रतिवर्ष राज्य में 1.5 लाख नये वाहन बढ़ते जा रहे हैं। किन्तु इसके लिए आवश्यक सड़कों का जाल, नियामक तंत्र, आम जनता में यातायात के नियमों की जानकारी के अभाव में हमारी सडकें विश्व में सबसे ज्यादा असुरक्षित बनी हुयी हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यु.एच.ओ.) की रिपोर्ट के मुताबिक सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़कों का खराब बुनियादी ढांचा व अंधाधुंध वाहन संचालन है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या लगभग 1.5 लाख प्रति वर्ष है। इन दुर्घटनाओं से भारतीय अर्थव्यवस्था की 3-4 फीसदी की हानि होती है। एन.सी.आर.बी. के अनुसार वर्ष 2019 में भारत में प्रतिमिनट एक सड़क दुर्घटना होती है और इससे प्रति 3) मिनट में एक व्यक्ति की मौत होती है। प्रत्येक चार घायलों में से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है।

राजस्थान में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या प्रतिवर्ष लगभग 25 हजार है जिसमें घायलों की संख्या 27 हजार तथा मृतकों की संख्या औसतन सालाना 10 हजार से अधिक है। राज्य में प्रतिदिन 63 सड़क दुर्घटनाओं में 28 व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है तथा 66 व्यक्ति घायल होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों को आम लोगों के जीवन रक्षा के लिए जानना बहुत जरूरी है।

1. तेज गति से वाहन चलाने के कारण 22 फीसदी सड़क दुर्घटनाऐं होती हैं। अधिकतर युवाओं में तेजगति से वाहन चलाने की प्रवृति पायी जाती है।

2. विश्व में नशे में वाहन चलाने के कारण 18 फीसदी हादसे होते हैं। रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं में नशे में वाहन चलाना मुख्य कारण होता है। कभी–कभी चालकों द्वारा पूरी नींद नहीं लेने व झपकी आने से भी गंभीर दुर्घटनाऐं हो जाती हैं।

3. वाहनों में यांत्रिक खराबी के कारण दुर्घटना घटित हो जाती है।


4. वाहन चालन के समय, तत्कालीन मौसम का प्रभाव चालक पर भी पडता है।

5. सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद भी लापरवाह लोग हेलमेट नहीं लगाते, अनेकों चौपहिया वाहन चालक सीटबैल्ट नहीं लगाते हैं। वाहन चलाते वक्त मोबाइल पर बात करना, दुपहिया या चौपहिया वाहनों के लिए आमबात हो गयी है।

6 सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाऐं ट्रेफिक नियमों की, शिक्षा का अभाव होने से होती हैं।

7. सड़क उपयोगकर्ता (यूजर्स) यातायात नियमों में सजा के कड़े प्रावधान होने के बावजूद भी पालन नहीं करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है।

8. सड़क सुरक्षा हेतु आधुनिक तकनीक से लैस तथा प्रशिक्षित कार्मिकों के साथ प्रभावी नियामक तंत्र की कमी के कारण भी सड़क दुर्घटनाऐं बढ़ती ही जा रही है।



यादरामसिंह यादव

यक्ष प्रशन यह है कि आखिर इन विभिन्न कारणों से हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान–माल की क्षति को रोकने के लिए तरीके, यातायात प्रबन्धन में लागू कर उनमें कमी लाई जा सकती है।

1. समय–समय पर वाहनों की जांच व सर्विस करायी जाकर दुरूस्त रखने से यांत्रिक खराबी से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

2. सड़क निर्माण करते समय, यातायात इंजीनियरिंग तकनीक को आवश्यक रूप से शामिल किया जाकर, रोड डिफेक्ट्स के कारण होने वाले हादसों से बचा जा सकता है। अकसर चालक साइन बोर्डों के अभाव में गलत रास्ते पर भटककर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

3. सड़क सुरक्षा शिक्षा को बढावा देने की नितान्त आवश्यकता है। शासन को स्कूल, कॉलेजों एवं अन्य सभी शैक्षिक एवं व्यावसायिक संस्थानों में 'रोड सेफ्टी एज्यूकेशन' को कोरोना सतर्कता की तरह सम्मिलित करना चाहिये। आम जनता को नुक्कड नाटकों, लघु फिल्म, टीवी व सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म के जरिए जानकारी देनी चाहिए।

4. सड़क यूजर्स के व्यवहार को कन्ट्रोल करने हेतु, यातायात नियमों को सख्ती से पालन कराने की आवश्यकता है। इसके लिए यातायात सम्बन्धी अपराध करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्यवाही हेतु 'इंटेलीजेन्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम' का उपयोग कर दुर्घटनाओं का डाटा बेस बनाकर अध्ययन एवं सुधार करने की आवश्यकता है। हमारे देश का दुर्भाग्य है कि सम्पन्न व उच्च प्रतिष्ठित लोग नशे में वाहन चलाते वक्त चौपाटी व सड़क किनारे सो रहे लोगों को रौंद देते हैं।

5. एन.सी.आर.बी. के अनुसार दुर्घटना के बाद का पहला घंटा जिसे गोल्डन आवर कहा जाता है पीड़ित के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। समय पर प्राथमिक उपचार मिल जाने व अस्पताल पहुंचाने से पीड़ित के जीवन को 80 प्रतिशत तक बचाया जा सकता है।

6. वाहन संचालन के समय मौसम का भी ध्यान चालाकों को रखना चाहिए। यथा कोहरा, वर्षा, आंधी, तूफान, नदी नालों व ओवरब्रिजों पर रात्री के समय, शहरी क्षेत्र व वन्य क्षेत्र आदि का विशेष ध्यान रखकर वाहन संचालन करने से संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है।

7. नदी, नालों, सपाटों पर से पानी में गुजरते वक्त एक साथ सैंकड़ों की जान चली जाती है ऐसी स्थिति में विशेष सतर्कता रखनी चाहिए।

राजस्थान में चार वर्षों के सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के आंकडे दिये जा रहे हैं।

| | |
|---|---|
| 2014 | 10289 |
| 2018 | 10320 |
| 2019 | 10563 |
| 2021 | 10043 ( - ) 50 |

उपरोक्त आंकड़ों से जाहिर होता है कि सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में गत वर्ष 2021 में विशेष कमी आयी है। किन्तु औसत वार्षिक आंकड़ा मृतकों का दस हजार से ऊपर ही चल रहा है, इस भयावह स्थिति के समाधान के सबसे आसान तरीका यह है कि सड़क–सुरक्षा शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल व पुलिस को पादरर्शिता रखते हुए, सरकारी व निजी संगठनों व आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करे । जिससे सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा काफी नीचे आ जावेगा। इसमें सरकार के साथ आम जनता को अपनी साझी जिम्मेदारी निभानी होगी तभी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है केवल सरकार के हाथों यह सड़क -सुरक्षा अभियान, आमजन के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकता है। दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाकर जीवन रक्षा के साथ मुख्यमंत्री महोदय का प्रशंसा पात्र बन दूसरों को प्रेरित कर सकते हैं। 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना' के तहत-प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त कर सकते हैं। मनुष्य का जीवन अनमोल है, इसे सहेज कर रखिये।

**यादरामसिंह यादव,**
**अधिवक्ता एवं स्वतंत्र लेखक**

# उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन दान की

**खिरोड़,** (निसं)। झुझुनू जिले की पुरोहितों की ढाणी के निवासी एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रामेश्वरलाल कल्याण पुत्र मनसुखराम कल्याण ने पुरोहितों की ढाणी में प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए अपनी पैतृक आवासीय भूमि में से 127.78 वर्ग गज का दान पत्र मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा को भेंट किया है।

इससे पूर्व भी कल्याण ने अपनी पैतृक भूमि में से स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन दान की थी। जिसका पट्टा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंपा था। मगर वह भूमि उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए कम पड़ रही थी। अब कल्याण ने अपनी पैतृक भूमि में से 127.78 वर्ग गज स्वास्थ्य विभाग को और दान की है। चिकित्सा विभाग के मुताबिक अब इस भूमि में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण आसानी से हो सकेगा। ढाणी के ग्रामीणों ने ढाणी में उप स्वास्थ्य केंद्र बनने को लेकर खुशी व आभार व्यक्त किया।



पुरोहितों की ढाणी निवासी जिप सदस्य रामेश्वर लाल ने जमीन दान की।

# भरतपुर रेलवे जंक्शन पर न पानी की सुविधा न बैठने की व्यवस्था

■ रेलवे सलाहकार समिति सदस्य ने 22 मई को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर-रेलवे जंक्शन पर साफ सफाई की व्यवस्था और रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं को लेकर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कृपाल सिंह जघीना ने 22 मई को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि मुसाफिरों को पीने के लिए पानी की सुविधा नहीं थी। ना ही बैठने के लिए कोई निश्चित स्थान था। चारों तरफ गंदगी का आलम नजर आ रहा था। हां के विकास कार्यों में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इस बारे में कृपाल सिंह जघीना ने कई बार सीनियर डीसीएम से संपर्क करने की कोशिश की तो उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया। मामले को लेकर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कृपाल सिंह जघीना ने ट्वीट कर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और डीआरएम कोटा सहित रेलवे के अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराया। जहां से जवाब मिला कि आपकी समस्याओं को निस्तारण कमेटी में भेज दिया गया है और जल्द ही उनका समाधान कराया जाएगा। अब देखना यह होगा कि क्या इस मामले में अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी या फिर भरतपुर स्टेशन पर अनियमितताओं का आलम ऐसे ही बना रहेगा।

# नवलगढ़ में अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन

■ देशभर से आए किन्नर हो रहे हैं शामिल

**नवलगढ़,** (निसं) झुंझुनूं के नवलगढ़ में किन्नर समाज का अखिल भारतीय किन्नर सम्मेलन चल रहा है। जिसमें पूरे देश से आए किन्नर शामिल हो रहे हैं। आयोजन के पहले दिन किन्नरों के द्वारा पूरे शहर में एक जूलूस निकाला गया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह जुलूस कस्बे के छोटा बस स्टैंड से शुरू हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ, रामदेवजी के मंदिर तक पहुंचा। इस दौरान किन्नर बग्घी पर सवार होकर चल रहे थे। इसके अलावा अन्य किन्नर पैदल ही बैंड–बाजों धुन पर नाचते हुए चल रहे थे। नानसा गेट इलाके में पुष्प वर्षा कर इनका स्वागत किया गया व इनका आशीर्वाद लिया।

लोक देवता रामदेवजी के मंदिर में किन्नरों के द्वारा चुनरी और चांदी का छत्र चढ़ाया गया। किन्नर समाज को नाचते गाते देख काफी संख्या में लोग जुटे रहे। वहीं रास्ते भर में लोग मोबाइल में वीडियो तस्वीरें बनाते दिखे। किन्नर समाज की रेशमा बाई व अंजू बुआजी ने बताया कि देश भर से किन्नर आए हुए हैं। इस सम्मेलन के जरिए अपने यजमानों की सुख समृद्धि की कामना करते हैं व उन्हें आशीर्वाद भी देते हैं। रामदेवजी के मंदिर के चौक पूजन कार्यक्रम भी हुआ। यह सम्मेलन 30 मई तक चलेगा।



किन्नरों ने रामदेव जी के मंदिर में चुनरी और चांदी का छत्र चढ़ाया।

# शादी में दूल्हे ने 2.51 लाख रुपये लौटाकर दिया संदेश



गांव तामडिया में लग्न के समय दूल्हे ने सिर्फ 251 रूपये ही लिये।

**चाकसू,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र के ग्राम तामडिया के राजपूत परिवार के लड़के की शादी में 251 रुपये लेकर क्षेत्र के सभी समाज के लोगों के लिए मिशाल कायम की। प्राप्त जानकारी के अनुसार तामडिया बाग की ढाणी निवासी लक्ष्मण सिंह के पुत्र मनमोहन सिंह की 21 मई को मच्छीपुरा (गंगापुरसिटी) निवासी रूपसिंह की पुत्री नीशा कंवर से शादी हुई। दुल्हन नीशा कंवर के पिता ने शादी की सारी रस्में जयपुर से की। दुल्हा बने मनमोहन के पिता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि राजपूत समाज में बारात की अगवानी के समय दुल्हे का लग्न टीका का दस्तूर दुल्हन पक्ष के लोगों द्वारा किया जाता है।

दुल्हा मनमोहन के लग्न टीका की रस्म अदायगी में दुल्हन के पिता रूपसिंह ने 2 लाख 51 हजार रुपये भेंट किये। जिनको दुल्हा बने मनमोहन व पिता लक्ष्मण सिंह ने शगुन के नाम पर मात्र 11 रूपये लेने की मांग की। दुल्हन पक्ष के लोगों द्वारा बार –बार आग्रह करने पर 251 रूपये शगुन के तौर पर सहर्ष स्वीकार कर किए । समाज के सभी लोगों को बिना दहेज के शादियां करनी चाहिए। दुल्हे न कहा कि समाज सुधार के लिए सभी को पहल करनी चाहिए।

# स्वस्थ हुई माहिनूर, पढ़-लिखकर बनेगी कोहिनूर

## मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में कैशलेस हुई हार्ट सर्जरी

**नागौर,** (निसं)। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, राजस्थान की अवाम के जीवन को निरोगी बनाने में मिल का पत्थर साबित होती नजर आ रही है। योजना में पंजीकृत परिवार में शामिल बच्चे से लेकर वृद्धजन तक को कैशलेस उपचार का लाभ मिल रहा है। जिले के कुचेरा गांव निवासी मोहम्मद हनीफ की डेढ़ साल की नन्हीं–मुन्नी माहिनूर को जन्म से ही दिल में छेद की बीमारी थी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) मूंडवा टीम बी की चिकित्सक डॉ. मधु परिहार व उनकी टीम कुचेरा गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र नं. 4 पर पहुंचती है और यहां सभी बच्चों की हैल्थी स्क्रीनिंग के दौरान माहिनूर के सांस फूलने की तकलीफ के बारे में चिकित्सकीय दल को बताती है । इसके बाद उच्च स्तरीय चिकित्सकीय जांच में पता चला कि उसके दिल में छेद है।

आरबीएसके चिकित्सकीय दल ने माहिनूर का हैल्थ कार्ड बनाकर उसे जोधपुर के मेडीपल्स हॉस्पिटल में उपचार के लिए रैफर किया। 10 मार्च 2022 को माहिनूर का विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने हार्ट का सफल ऑपरेशन करते हुए उसे दिल में छेद की बीमारी से निजात दिलाई। अब माहिनूर बिल्कुल ठीक है । आरबीएसके कॉर्डिनेटर डॉ. शुभकरण घोलिया ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अब तक 34 बच्चों की कैशलेस हार्ट सर्जरी की जाकर उन्हें दिल में छेद की बीमारी से निजात दिलाई जा चुकी है।



आरबीएसके में माहिनूर का उपचार किया गया।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि

## राज्य में मंगलवार को 10 जिलों में 71 नए संक्रमित मिले, इससे पहले सोमवार को 52 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 19 और मामले बढ़ने के साथ ही 71 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं रिकवरी बढ़ने के साथ ही एक्टिव केस घटकर पांच सौ के नीचे आ गए हैं।

- राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 44 नए संकमित मिले हैं।
- प्रदेश में रिकवरी में सुधार होने से एक्टिव केस घटकर पांच सौ से कम रह गए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को 10 जिलों में 71 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले 52 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी लगातार दूसरे दिन नए संकमितों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान यहां 44 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा अलवर में 10, बारां में 7, चूरू में 3, नागौर में 2 तथा सवाई माधोपुर, जोधपुर, दौसा, भीलवाड़ा और बाड़मेर में 1-1 संक्रमित मिला है। इस बीच 23 जिलों अजमेर, बांसवाड़ा, भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, सिरोही, टोंक और उदयपुर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में मंगलवार को रिकवर में सुधार हुआ है। इस दौरान राज्य में 88 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 12 लाख 75 हजार 251 लोग स्वस्थ्य हो चुके हैं। राज्य में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 491 रह गए हैं। वहीं जयपुर में 258 मामले है। राज्य में मंगलवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि अब तक इस बीमारी से राज्य में 9554 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

### जगतपुरा में 6 नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में मंगलवार को सबसे ज्यादा 6 नए मरीज जगतपुरा में पाए गए हैं। इसके अलावा मालवीय नगर में 4, मानसरोवर, सांगानेर, सिरसी रोड व वैशाली नगर में 3-3, बजाज नगर, बनीपार्क व दुर्गापुरा में 2-2 तथा बस्सी, चाकसूं, चांदपोल, सिविल लाइन, घाटगेट, गोनेर, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, किरण पथ, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, प्रताप नगर, शाहपुरा, शास्त्री नगर और सोड़ाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जिले में 57 मरीज ठीक हुए हैं।

# कृषक पंजीयन सीमा को 20 फीसदी तक बढ़ाया

**जयपुर, (का.सं.)।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मंगलवार को बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना बेचान करने के लिए किसानों की पंजीयन सीमा को 20 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। राज्य के 22 जिलों के 152 केन्द्रों पर चने की निर्धारित पंजीकरण सीमा पूर्ण होने के कारण पंजीयन सीमा में 20 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। इससे 7 हजार 693 और किसानों को लाभ मिलेगा। किसान 25 मई से चना बेचान के लिए पंजीयन करा सकेंगे।

आंजना ने बताया कि अब तक 97 हजार 388 किसानों ने चना विक्रय के लिए पंजीकरण करवाया है। इनमें से 68 हजार 925 किसानों को तुलाई दिनांक आवंटित कर दी गई है तथा 43 हजार 369 किसानों से 90 हजार 660 मीट्रिक टन चना खरीदा गया है, जिसकी राशि 474 करोड़ रूपए है। न्यूनतम समर्थन मूल्य चना खरीद 29 जून तक होगी।

# आमेर के विकास कार्यों को पूरा करने की मांग



**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मंगलवार को जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त रवि जैन से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, जालसू प्रधान हरदेव यादव इत्यादि मौजूद रहे।**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त (जेडीसी) से मिलकर आमेर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले गावों व शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों, जिनमें सड़कों के नवीनीकरण, डामरीकरण, हाइमास्क लाइट्स, भूमि आवंटन इत्यादि से जुड़ी समस्याओं के बारे में अवगत कराया एवं शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण करने को कहा।

इस दौरान डॉ. पूनिया के साथ चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, जालसू प्रधान हरदेव यादव इत्यादि मौजूद रहे। डॉ. पूनिया ने आमेर क्षेत्र की निम्नलिखित समस्याओं के समाधान के संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मांगें रखी। उनमें जयपुर विकास प्राधिकरण जोन 12 के अंतर्गत बरसात के मौसम में राजावास स्टैंड पर पानी भरने की बड़ी समस्या है, जिसका उचित समाधान होना है। राजावास बस स्टैंड से भूरथल गांव तक सड़क क्षतिग्रस्त जर्जर है, जिसका नवीनीकरण होना है। प्रेम नगर तिराहे से अनंतपुरा तक सड़क निर्माण। एनएच 52 जाखोटिया फार्म से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा तक सड़क निर्माण। एनएच 52 कपूर अस्पताल के सामने से हरिजन मौहल्ला जाहोता रोड रामपुरा तक सड़क निर्माण। सहरिया फार्म से महेशपुरा तक सड़क निर्माण। जोन 12 की अन्य महत्वपूर्ण सड़कें खोराबीसल से दादर वाया चतरपुरा, सरदारपुरा से चक रोजदा, आछोजाई से सरदारपुरा, महेशवास कलां से महेशवास खुर्द, चतरपुरा से सरदारपुरा पेट्रोल पंप तक, हरदतपुरा राधास्वामी सत्संग भवन से सरना डूंगर बावड़ी तक, आछोजाई से मोहनबाड़ी तक वाया गदला की ढाणी, मोहनबाड़ी जालसू तक दादर सड़क तक, महेशवास खुर्द से मुंडोता तक, रामपुरा रायथल सड़क डेयरी से श्योरानों की ढाणी, मावलियों की ढाणी से शेरावतों स्टैंड बावडी तक सड़क निर्माण इत्यादि कार्य जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा होने हैं, इन्हें शीघ्रताशीघ्र पूरा करने के लिये डॉ. पूनिया ने आयुक्त से मुलाकात की।

# 'क्यों ना विधायक मलिंगा को मिली जमानत को रद्द कर दिया जाए'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एईएन से मारपीट के मामले में बाड़ी विधायक गिर्राज मलिंगा व अन्य को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों ना प्रकरण में मलिंगा को मिली जमानत को रद्द कर दिया जाए। जस्टिस फरजंद अली ने यह आदेश प्रकरण के पीड़ित एईएन हर्षदापति की याचिका पर दिए।

- हाईकोर्ट ने एईएन से मारपीट मामले में बाड़ी विधायक गिर्राज मलिंगा व अन्य को नोटिस जारी किया

याचिका में कहा गया कि उसने मलिंगा सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ धौलपुर के बाड़ी थाने में मारपीट और एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज कराया था। मामले में मुख्यमंत्री के कहने पर मलिंगा ने 11 मई को सीएमआर में आत्मसमर्पण किया था। वहीं निचली अदालत की ओर से 12 मई को जमानत अर्जी खारिज कर आरोपी को जेल भेजने के आदेश देने के बाद वह करोना पॉजिटिव हो गया। ऐसे में उसे जेल ना भेजकर अस्पताल के एसी कमरे में रखा गया। याचिका में कहा गया कि हाइकोर्ट ने गत 17 मई को मलिंगा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे। इसके बाद अगले ही दिन वह करोना से मुक्त हो गया और 19 मई को उसने शक्ति प्रदर्शन करते हुए रोड शो निकाला, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान उसने भाषण दिया कि जनता की तरफ आंख उठाई तो आंख निकाल लेंगे। इसके अलावा मलिंगा के साथ कुछ अन्य विधायकों ने भी ऐसे ही भाषण दिए। याचिका में कहा गया कि आरोपी ऐसे भाषण देकर यह साबित करना चाहता है कि उसने जनता के हितों के लिए यह काम किया था। इसके अलावा वह अपने भाषण से याचिकाकर्ता को भी डराना चाहता है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता पिछले करीब 55 दिनों से अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती होकर इलाज करवा रहा है। वह खड़ा होना तो दूर की बात, सही ढंग से बैठने में भी असक्षम है। अदालत ने मलिंगा जमानत देते समय इस तथ्य को नहीं देखा की याचिकाकर्ता किस स्थिति से गुजर रहा है। ऐसे में मलिंगा को दी गई जमानत को रद्द किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने मलिंगा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

गौरतलब है कि बाडी विद्युत निगम कार्यालय में एईएन पद पर तैनात याचिकाकर्ता ने गत 31 मार्च को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि कार्यालय में मीटिंग के दौरान कांग्रेस विधायक गिर्राज मलिंगा और करीब आधा दर्जन लोग आए और उसके साथ मारपीट की। विधायक और उसके साथ पहुंचे लोगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना के कुछ दिनों बाद सीएम के कहने पर मलिंगा ने समर्पण किया था। कोर्ट की ओर से मलिंगा को जेल भेजने के बाद करोना पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं बीते दिनों हाइकोर्ट ने मलिंगा को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

# राज्यसभा चुनाव के लिए पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यसभा द्विवार्षिक निर्वाचन-2022 के लिए 24 मई को अधिसूचना जारी होने के साथ नांमाकन पत्र भरने की प्रक्रिया आरंभ हो गई। नामांकन के पहले दिन मंगलवार को कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

मुख्य निवार्चन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 मई से 31 मई, तक नामांकन पत्र लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 28 मई एवं 29 मई को राजकीय अवकाश के दिन नामांकन प्रक्रिया नहीं होगी।

गुप्ता ने बताया कि नामांकन पत्र 30 जून प्रातः 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक राज्य विधानसभा के कमरा नंबर 110 एवं 706 में लिए जाएंगे। कमरा नंबर 110 में रिटर्निंग ऑफिसर (आर.ओ.) नामांकन पत्र लेंगे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

संख्या: NWR-All-COMM-GCT-2022-BSJ-Re-Tender दिनांक 23.05.2022

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** अजमेर मंडल के भूपाल सागर स्टेशन पर रेलवे भूमि पर गति शक्ति मल्टी मोड़ल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए निविदा। **2. कार्य का कुल अनुमानित मूल्य :** रूपये 9,19,77,037/- **3. जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रूपये 91,97,700/- **4. निविदा फार्म का मूल्य :** निःशुल्क **5. ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13.06.2022 समय 15.00 बजे तक **6. वेबसाईट का विवरण :** www.ireps.gov.in 329-CQ/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India**

शाखा कार्यालय:-अरावली विहार, प्लाट नं. 3/12, अरावली विहार, अलवर (राजस्थान), फोन नं. 0144-2703989

सर्व साधारण के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना परिशिष्ट-IV-क (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

**अचल सम्पत्ति की विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियो के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। सर्व-साधारण को और विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार को विशेषतः यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ इंडिया/प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का अधिग्रहण भौतिक रूप से बैंक ऑफ इंडिया - प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" को नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि, ऋणी/जमानतदार से बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, अग्रिम राशि (धरोहर राशि) सम्पत्ति के आगे नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

| लोट नं. | शाखा कार्यालय<br>खाते का नाम<br>ऋणी/जमानती का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (बंधककर्ता का नाम) | (ए) 13(2) नोटिस की दिनांक<br>(बी) बकाया ऋण राशि दिनांक तक<br>(सी) कब्जा दिनांक<br>(डी) कब्जे का प्रतीक प्रतीकात्मक/ भौतिक/रचनात्मक | (ए) आरक्षित मूल्य (रुपये लाखों में)<br>(बी) धरोहर राशि<br>(सी) बोली वृद्धि राशि | ई - नीलामी प्रतिभूत दिनांक व समय | प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अरावली विहार, अलवर<br>श्री भोलू पुत्र श्री दया राम<br>श्री भोलू पुत्र श्री दया राम पता:- प्लाट नम्बर ए-357, ग्राम दिवाकारी अलवर, राजस्थान श्रीमती माया देवी पत्नी श्री दया राम पता:- प्लाट नम्बर ए-357, ग्राम दिवाकारी अलवर, राजस्थान | श्रीमती माया पत्नी दया राम की सम्पत्ति जो कि प्लाट नम्बर ए-357, खसरा नम्बर 230, ग्राम दिवाकारी, अलवर - राजस्थान पर स्थित है। जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। जिसका कुल क्षेत्रफल 176.30 वर्ग गज है। | (ए) 09/04/2021<br>(बी) रुपये 20.31 लाख दिनांक 31.03.2021<br>(सी) 05/05/2022<br>(डी) भौतिक कब्जा | (ए) रु. 26.76 लाख<br>(बी) रुपये 2.68 लाख (26.6.2022)<br>(सी) रुपये 10,000<br>निरीक्षण का तारीख:- 25/06/2022 | 27.06.2022 सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक | ज्ञात नही है। |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए ई-नीलामी के नये प्लेटफार्म (एमएसटीसी) की वेबसाइट अर्थात (1) https://www.ibapi.in, (2) http://www.mstcecommerce.com, (3) https://eprocure.gov.in/epublish/app (4) https://www.bankofindia.co.in पर देखें।

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अधीन विक्रय की 30 दिवस की वैधानिक सूचना**

एतद द्वारा ऋणी/जमानतियों एवं बंधककर्ता को नीलामी तिथि से पूर्व उक्त वर्णित बकाया राशि मय ब्याज एवं खर्चो को भुगतान करने हेतु नोटिस दिया जाता है जिसके अभाव में उक्त सम्पति बकाया राशि की वसूली हेतू विक्रय कर दी जावेगी। तथा बकाया राशि मय ब्याज व खर्चों के वसूल की जावेगी।

दिनांक :- 23.05.2022, स्थान :- अलवर

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया





# कांग्रेस पार्षद रोहित को एक लाख 50 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथों दबोचा

## स्टीप ऑफ लैंड में मकान निर्माण करने देने की एवज में रिश्वत मांग रहा था

**बून्दी,** (निसं)। एसीबी की स्पेशल यूनिट कोटा इकाई द्वारा मंगलवार अलसुबह कार्यवाही करते हुए बून्दी के कांग्रेस पार्षद रोहित बैरागी को एक लाख 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

बैरागी यह रिश्वत परिवादी से स्टीप ऑफ लैंड (अतिप्रवण भूमि) में मकान निर्माण का कार्य करने देने एवं परेशान नहीं करने की एवज में मांग रहा था। एसीबी की टीम ने बैरागी को शहर के चूड़ी बाजार स्थित सोने चांदी की एक दुकान में परिवादी से डेढ़ लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोचा। बैरागी दूसरी बार पार्षद चुना गया है और बालचंदपाड़ा स्थित ढ ाई दिन का झोपड़ा के पास निवास करता है। एसीबी ने यह कार्यवाही परिवादी त्रिभुवन सिंह हाड़ा की शिकायत पर की।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि परिवादी त्रिभुवन सिंह हाड़ा ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई कि पार्षद बैरागी द्वारा स्टीप ऑफ लैंड में मकान निर्माण करने देने एवं अनावश्यक परेशान नहीं करने की एवज में डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत देने का दबाव बना रहा है। जिसमें 50 हजार रुपये सभापति के नाम पर और एक लाख रुपये की अपने लिए मांग की थी। इस पर एसीबी ने शिकायत का सत्यापन करवाया और शिकायत सही पाये जाने पर मंगलवार को उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया।



**फोटो में नीचे बैठे आरोपी पार्षद रोहित बैरागी तथा बायीं और से दूसरे पुलिस उप अधीक्षक एसीबी स्पेशल टीम धर्मवीर सिंह, तीसरे पुलिस निरीक्षक एसीबी नरेश चंद्र आर्य एवं एसीबी टीम के सदस्य।**

कोटा एसीबी की स्पेशल यूनिट ने पार्षद बैरागी को रिश्वत की राशि के साथ सिटी कोतवाली लेकर गई। जहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार व उप अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बैरागी से पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद बैरागी ने पूछताछ में इस प्रकरण में कुछ नगर परिषद के कर्मचारियों के नाम भी उजागर किये हैं। एसीबी की टीम पार्षद बैरागी के आवास व अन्य ठिकानों पर भी तलाशी ले रही है।

- **शहर में भाजपा व अन्य लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं**

एसीबी यूनिट की टीम में पुलिस निरीक्षक रमेशचंद आर्य भी शामिल रहे। सिटी कोतवाली में घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा व कांग्रेस के पार्षद भी पहुंचे। उन्हें देख बैरागी का मुंह उतर गया। दूसरी ओर बैरागी द्वारा सभापति के नाम पर 50 हजार की रिश्वत मांगने की चर्चा लोगों के जुबान पर है। जिसको लेकर शहर एवं भाजपा के लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

# कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में दिवाकर स्कूल की मान्यता रद्द

## नकल के खिलाफ कानून बनने के बाद एक्शन में शिक्षा विभाग

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ सरकार ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार को शिक्षा विभाग ने कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में जयपुर के दिवाकर पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी है। 14 मई को दिवाकर पब्लिक स्कूल से ही कॉन्स्टेबल परीक्षा का पेपर लीक हुआ था । जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने 14 मई को आयोजित होने वाले पेपर को रद्द कर दिया था। वहीं इस पूरे मामले में अब तक 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दरअसल, 14 मई को 4588 पदों के लिए कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन था। जयपुर के झोटवाड़ा के दिवाकर पब्लिक स्कूल में समय से पहले ही पेपर को खोल दिया गया था। इसके बाद स्कूल से ही पेपर आउट हो गया। दूसरी ओर पुलिस ने पेपर लीक प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों को सीज कर उनके खिलाफ 10 साल की सजा का प्रावधान रखा गया है।

## गिरदावर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**दौसा,** (निसं)। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को उप तहसील सिकन्दरा में कार्रवाही करते हुये गिरदावर सतीश जाटव को 7 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मरियाडा निवासी कमल सिंह की जमीन के हक त्याग की प्रक्रिया विचाराधीन थी, जिसकी जिसकी एवज में गिरदावर सतीश जाटव ने 10 हजार रुपए की डिमांड की। गिरदावर ने सोमवार को पीड़ित कमल सिंह से 2 हजार रुपए लिए थे, इसके बाद बाकी पैसों के लिए दबाव बना रहा था। जिसकी शिकायत एसीबी में करने के बाद रिश्वत की डिमांड का सत्यापन होते ही एसीबी ने गिरदावर को रंगे हाथों घूस लेते दबोच लिया।

# ट्रेलर चालक की लापरवाही ने दो युवकों की जान ली

**जोधपुर,** (कासं) । निकटवर्ती देचू के गुमानपुरा गांव की सरहद में ट्रेलर चालक की लापरवाही ने दो युवकों की जान ले ली। जबकि एक अन्य चपेट में आने से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर का चालक फरार हो गया। पुलिस ने घटना में मामला दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है। हादसा देचु पुलिस थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 125 व मेगा हाइवे पर गुमानपुरा के निकट हुआ।

देचू पुलिस ने बताया कि गुमानपुरा निवासी मेहबूब अली सडक़ पार कर रहा था। तभी देचू की तरफ से मंडला जा रही मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक नीचे गिर गए। इसी

- **देचू के गुमानपुरा गांव की सरहद पर हुआ हादसा**

बीच पीछे चल रहे ट्रेलर के पहिए दोनों के ऊपर से निकल गए। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रेलर को लेकर मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों की सहायता से टोल प्लाजा के निकट ट्रेलर को रुकवाया गया व देचू थाने लाया गया। हैड कांस्टेबल चंपालाल पालीवाल ने बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार मनोहरराम पुत्र मगाराम भील निवासी मंडला कलां, दिनेश पुत्र मोहनराम विश्नोई गायणा निवासी मंडला कलां की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# कांग्रेस सरकार भी वैट में कटौती करे: डिकोलिया

**करौली,** (निंसं.) भाजपा ने पेट्रोल,डीजल तथा रसोई गैस में राहत देने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। करौली भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 8 रुपये, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 7 रुपये की कटौती की है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर पर प्रति गैस सिलेंडर 200 रुपये की सब्सिडी देने का निर्णय किया है।

उन्होंने कहा कि इस भयंकर गर्मी में जनता को यह राहत देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मी में भी ठंडक का एहसास करा दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा है कि इस राहत से भाजपा सरकार का जनकल्याणकारी चेहरा एक बार फिर सामने आ गया है। महंगाई के इस दौर में आम आदमी को बड़ी राहत देने का काम देश के प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होने यह ऐतिहासिक व साहसिक निर्णय कर आमजन को बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। मोदी का यह फैसला गांव,गरीब व किसान के प्रति समर्पित रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने मांग की है की अब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को महंगाई का ठीकरा केंद्र सरकार के माथे पर फोड़ना बंद करना चाहिए और वैट में कमी करके पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस में राजस्थान की जनता को और अधिक राहत देनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया है कि पिछली बार भी केंद्र सरकार द्वारा डीजल,पैट्रोल में राहत दी गई पर राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के परामर्श के बावजूद वैट में कमी नहीं की थी।अब राजस्थान की कांग्रेस सरकार भी तुरंत प्रभाव से वैट में कटौती कर जनता को राहत प्रदान करे। गहलोत सरकार राजस्थान में पूरे देश में सबसे अधिक वैट वसूल कर रही है। गहलोत सरकार को आमजन को राहत देने हेतु वैट में कटौती करें केवल बयानबाजी के बजाय धरातल पर कार्य करके दिखाएं।

## परीक्षाओं में अनियमितता को लेकर प्रदर्शन

**भरतपुर,** (निसं) । भरतपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा बृज विश्वविद्यालय में परीक्षाओं में दलाली का आरोप लगाकर महारानी श्री जया महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर विभाग संयोजक कृष्णा जाट व सह मंत्री अंकित मंगल के नेतृत्व में कुलपति का पुतला फूंककर जमकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कृष्णा जाट ने बताया कि बृज विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा पूर्व में जांच कमेटी बनाई गई थी जिसमे ब्रज विश्विद्यालय के द्वारा ही अपने कुछ अधिकारियों को शामिल किया था और 20 दिन होने के बाद भी जो मुख्य मांग रखी गई थी उन पर कोई कार्यवाही हुई विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि विश्विद्यालय प्रशासन व दलाल आपस में मिले हुय है ओर जांच कमेटी ने जो कार्यवाही की वो भी अभी सामने नहीं आई है। ब्रज विश्विद्यालय प्रशासन दलालो के साथ मिलकर दलाली को दबाने का काम कर रहे है।

# मालपुरा सीएचसी के भर्ती रोगियों को सुविधाओं की दरकार

## 29 महिनों में 2260 घायल व गंभीर रोगी जयपुर रैफर किये

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक व सुविधाओं के साथ-साथ भर्ती वार्डो के अभाव में महज 29 महीनों में मालपुरा सीएचसी से 2260 घायल व गंभीर रोगियों को सुविधाओं के अभाव में जयपुर रैफर किये जाने का गंभीर मामला आया सामने।

मालपुरा सीएचसी में प्रतिदिन ओपीडी का आंकडा 400 से 500 के पार पहुंच रहा है। तो आईपीडी का आंकडा 100 के पार पहुंच रहा है। सरकारी आंकड़ों व रिकॉर्ड में कहने को तो मालपुरा सीएचसी में 75 बैड स्वीकृत है तथा 15 चिकित्सक पदस्थापित है। लेकिन शहर से होकर गुजर रहे दूदू छाण व जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे जैसे दो-दो हाईवे गुजरने से आये दिन सड़क दुर्घटनाओं का आंकडा बढ़ता जा रहा है। तो मालपुरा - टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र का सबसे बडा व एकमात्र सरकारी अस्पताल



**मालपुरा सीएचसी में कई मरीजों का उपचार एक ही बैड पर किया जा रहा है।**

मालपुरा होने के चलते भर्ती रोगियों व ओपीडी में भी दिन-प्रतिदिन भारी वृद्धि हो रही है। लेकिन इन सब के बावजूद व्यक्ति के सबसे महत्वपूर्ण पार्ट कहे जाने वाले आंख व ऑर्थोपैडिक जैसे महत्वपूर्ण व अतिआवश्यक चिकित्सक के पद कई सालों से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में गंभीर रोगी व गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचने पर बेबस व लाचार चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ विशेषज्ञ चिकित्सक तथा रोगी वार्ड में जगह-जगह के अभाव में घायल को प्राथमिक उपचार दे जयपुर रैफर का कार्ड हाथ में थमा देते हैं।

आंकडे पर नजर डाले तो वर्ष 2021 में 1022, वर्ष 2020 में 949 व वर्ष 2022 के महज 5 महीनों में 289 रोगी मालपुरा अस्पताल से जयपुर रैफर किये गये है। अस्पताल में नवीन वार्ड निर्माण के साथ-साथ ट्रॉमा सेन्टर खोलने तथा मालपुरा अस्पताल को 100 बैड का अस्पताल किये जाने की जनप्रतिनिधियों के जरिए आमजन ने अपनी मांग से सरकार को अवगत कराया। लेकिन आज तक इस पर कोई अम्ल नहीं हुआ। जिसका खामियाजा अस्पताल में भर्ती रोगियों व घायलों को चिकित्सक व सुविधाओं के अभाव मे टेबिल अथवा कुर्सी पर उपचार करवाने पर विवश होना पड़ रहा है।

# नियुक्ति के लिए लेवल वन के 15,500 शिक्षकों की चल रही काउंसलिंग

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य में सरकार एक तरफ रीट भर्ती 2021 में चयनित लेवल वन के 15500 शिक्षको को नियुक्ति देने के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसमे इन्हें स्कूल आवंटन किए जा रहे हैं । जबकि दूसरी ओर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले भाजपा सरकार में 2018 में हुए थे उसके बाद कांग्रेस सरकार ने अगस्त 2021 में राज्य में तृतीय श्रेणी शिक्षको से शाला दर्पण के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन लिए है जिनमें राज्य भर से 85 हजार शिक्षको ने तबादले हेतु आवेदन किए।

शिक्षा मंत्री डॉ.बीडी कल्ला का कहना है कि तबादला नीति तैयार है सीएम अशोक गहलोत से अनुमति मिलते ही तबादले कर दिए जाएंगे। सरकार वरिष्ठ अध्यापक, एचएम, व्याख्याता, प्रधानाचार्य सभी के तबादले कर देती है और जब बात तृतीय श्रेणी शिक्षकों की आती है तो तबादला नीति का बहाना लेकर शिक्षको को गुमराह कर रही है।

सरकार हर बार नीति के लिए कमेटी बना देती है लेकिन कमेटी ने आज तक नीति नहीं बनाई। 2017 में भाजपा सरकार ने कमेटी बनाई जिसकी

- **दूसरी ओर 85 हजार शिक्षक 9 माह से कर रहे तबादला सूची का इंतजार**

नीति नही बन पाई ,अब कांग्रेस सरकार ने शिक्षा विभाग के पूर्व निदेशक के नेतृत्व में कमेटी बनाई लेकिन अभी तक नीति का पता नहीं है। शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया की तबादला सूची जारी करवाने की मांग को लेकर शिक्षक संघ रेसटा राज्य भर में विरोध प्रदर्शन कर चुका व निदेशक से लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर ज्ञापन दे चुके लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं हुई जिससे राज्य भर के शिक्षको में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन रेसटा (राज.) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का कहना है कि सरकार की हठधर्मिता से साफ है की 85 हजार तृतीय श्रेणी शिक्षकों के साथ हमेशा की तरह इस बार भी तबादला नीति के नाम पे धोखा किया जा रहा है।

## चूरू में 15.8 एम.एम बारिश दर्ज

**चूरू,** (कासं)। चूरू में गत शाम आयी बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से मौसम खुशनुमा बन गया।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को यहां का अधिकतम 34.2 व न्यूनतम 18.4 डिग्री सेल्सियस तापमान तथा 15.8 एम.एम बारिश रिकॉर्ड की गई। गत शाम करीब आधे घंटे तक चले बारिश के दौर से भीषण गर्मी से राहत मिल गयी।

# शेखावाटी को प्रयागराज-बीकानेर ट्रेन का तोहफा

**रींगस,** (निसं)। शेखावाटी को लम्बे इन्तजार के बाद आखिरकार प्रयागराज-जयपुर-बीकानेर ट्रेन का तोहफा मिल ही गया। मंगलवार से यह ट्रेन शेखावाटी के ट्रैक पर दौड़ने लगी। ट्रेन की घोषणा होते ही शेखावाटी व बीकानेर में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि हाल ही में रींगस आये सीकर सांसद स्वामी सुमेधानन्द व डीआरएम ने पूर्व में यह घोषणा की थी। अब लोगों को रामेश्वरम, वैष्णोदेवी, कोलकाता व गुवाहाटी की ट्रेनों का इन्तजार है। दुरन्तो ट्रेन की रींगस ,सूरत में स्टोपेज की मांग भी लगातार उठ रही है। प्रयागराज जयपुर बीकानेर ट्रेन चार दिन चूरू फतेहपुर होकर तथा तीन दिन लुहारू होकर चलेगी। लेकिन रींगस सीकर सातो दिन चलेंगी। प्रयागराज-जयपुर-बीकानेर चलने से लोगों को बीकानेर व जयपुर के लिए भी दोपहर में ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी। वहीं प्रयागराज ट्रेन चलने से धार्मिक पर्यटन को बढावा मिलेगा।

शेखावाटी के लोगों को प्रयागराज जाने के लिए जयपुर से ट्रेन में चढ़ना पड़ता था। अधिकतर लोग महंगे दामों में बस से यात्रा करते थे लेकिन अब उन्हें बहुत ही सस्ती दर पर प्रयागराज जा पायेंगे। वहीं प्रयागराज जयपुर बीकानेर ट्रेन चलने से रींगस जंक्शन पर यात्रियों का जमावडा लगा रहेगा। यूपी के धार्मिक लोग रींगस भैरोजी, खाटू श्यामजी, जीणमाता, शाकम्भरी, मनसा माता के दर्शन कर पायेंगे। वहीं धार्मिक स्थल मथूरा, वृन्दावन, प्रयागराज, खाटू श्यामजी, जीणमाता, शाकम्भरी, मनसामाता, सालासर, झुझूनू, देशनोक में धार्मिक पर्यटन का बूम आयेगा। पूर्व में शेखावाटी से जयपुर चलने वाली इन्टरसिटी की जगह यह ट्रेन यात्रियों को काम आयेगी। मुम्बई से जयपुर आने वाली ट्रेन की सवारी लेकर यह ट्रेन शेखावाटी पहुंचेगी।

# अब नौकरी के कारण पति-पत्नी नहीं रहेंगे दूर-दूर!

**झुंझुनूं,** (निसं)। अब शिक्षक दंपत्ति को नौकरी के चक्कर में दूर-दूर नहीं रहना होगा। जी, हां शिक्षा विभाग ने इस दिशा में शिक्षक दंपत्तियों को राहत दी है। हाल ही में रीट लेवल-1 के तहत पदस्थापित होने वाले नए अभ्यर्थियों को यह राहत दी गई है। दरअसल मंगलवार से झुंझुनूं में दो दिवसीय पदस्थापन काउसंलिंग शुरू हुई है। जिसमें इस स्थिति को प्राथमिकता दी गई है।

- **रीट लेवल-1 में शिक्षा विभाग ने दिया राहत वाला अवसर, पति-पत्नी है सरकारी नौकरी में, तो पास में मिलेगी पोस्टिंग**

डीईओ एलीमेंट्री मनोज ढाका ने बताया कि पहली बार शिक्षा विभाग ने चयनित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में यह प्राथमिकता दी है कि यदि चयनित अभ्यर्थी का पति या फिर पत्नी, सरकारी नौकरी में है और चयनित अभ्यर्थी उसके पास खाली जगह पर पदस्थापित होना चाहता है तो उसे प्राथमिकता दी



**रीट लेवर-1 के अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में यह जानकारी दी।**

जाएगी। अकसर देखने में आया है कि शिक्षक सैंकडों किलोमीटर दूर पति-पत्नी से रहकर नौकरी करते हैं लेकिन इस तरह के अवसर से अब यह स्थितियां पैदा नहीं होगी। बहरहाल, मंगलवार को झुंझुनूं में रीट लेवल 1 के लिए चयनित 189 में से 185 अभ्यर्थियों की काउसंलिंग शुरू हुई। इनमें से चार अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन नहीं हो पाए थे। इसलिए 185 में से पहले दिन मंगलवार को 108 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें से 107 अभ्यर्थी पहुंचे। जिनकी काउंसलिंग की गई। शेष अभ्यर्थियों की काउंसलिंग बुधवार को होगी। पहले दिन काउंसलिंग का जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी समेत अन्य शिक्षा अधिकारियों ने जायजा लिया। काउंसलिंग के लिए विभाग ने 15 से अधिक प्रिंसीपल स्तर के अधिकारियों को लगाया था।

## सूरतगढ़ में दो इकाइयां बंद

**सूरतगढ़,** (निसं)। एक तरफ राजस्थान बिजली संकट गुजर रहा है, जिसकी वजह से किसानों को मात्र 5 घंटे ही बिजली दी जा रही है। दूसरी ओर राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के जयपुर एलडी के निर्देश पर इकाइयों को बंद करवाकर बिजली उत्पादन कम करवाया जा रहा है। यहां 2880 मेगावाट की परियोजना में मात्र 927 मेगावाट ही बिजली उत्पादन हो रहा है। गौरतलब है कि सुरतगढ थर्मल में 1660 मेगावाट की पांच इकाइयां बन्द है और 1160 मेगावाट की मात्र तीन इकाइयों को चलाकर 927 मेगावाट ही उत्पादन किया जा रहा है।

ऐसे में प्रदेश में बिजली संकट का प्रभावी होना लाजमी है। सुरतगढ थर्मल पावर प्लांट की 250 मेगावाट की छह इकाइयों में से रविवार शाम तक मात्र दो इकाइयों से ही उत्पादन हो रहा था। ऐसे में 1500 मेगावाट उत्पादन वाली इकाइयों से मात्र 406 मेगावाट ही बिजली उत्पादन हो रहा है। तो वही सुपर क्रिटीकल की इकाइयों 660 मेगावाट की दो इकाइयों में से एक इकाई पिछले दो महीने से जनरेशन ट्रांफार्मेर में खराबी के चलते बन्द पड़ी है तो वही आठवीं इकाई से 660 मेगावाट में से 521 मेगावाट उत्पादन ही हो रहा है।

# पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया का खोडनिया पर गंभीर आरोप

## विरोध करने पर पुलिस प्रशासन से बनाया जाता है दबाव

**डूंगरपुर,** (निसं)। सागवाड़ा के पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने दिनेश खोडनिया पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाया।

डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के बाद अब सागवाड़ा के पूर्व विधायक और अन्य नेताओं ने भी कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के विरोध में आवाज उठाई है। पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया सहित कई कांग्रेस नेताओं ने खोडनिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बामणिया और दूसरे नेताओं ने डूंगरपुर सहित पूरे उदयपुर संभाग में कांग्रेस की दुर्दशा के लिए खोडनिया को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि खोडनिया पहले ही सभी आरोपों को नकार चुके है।

सुरेंद्र बामणिया ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का विरोध जताते हुए कहां कि घोघरा का बढ़ ता कद घटाने के लिए ये सब किया जा रहा है, जबकि घोघरा गरीब जनता के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। घोघरा के बढ़ ते कद को देखते हुए अब उन्हें दबाने का काम किया जा रहा है। डूंगरपुर जिले को कौन चला रहा है, प्रशासनिक अधिकारी किसकी सुनते है, यह सबको पता है। सत्ताधारी विधायक को अपने काम के लिए धरने पर बैठना पड रहा है तो आम कार्यकर्ताओं की क्या हालत है, यह सबको पता है। उन्होंने कहा कि घोघरा के साथ जो हुआ वो तो सागवाडा के कार्यकर्ता तीन साल से भुगत रहे हैं।

**आम जनता की नहीं सुन रहे है अधिकारी :-** सुरेंद्र बामनिया ने दिनेश खोडनिया पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहां कि ऐसा लग रहा है कि यहां सरकारी अधिकारी नहींए बल्कि किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारी काम कर रहे हैं। सुनवाई नहीं होने से क्षेत्र की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता पीडित है। सभी विभाग के अधिकारी दबाव में हैं।

- **डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा के बाद अब सागवाड़ा के पूर्व विधायक और अन्य नेताओं ने भी कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के विरोध में आवाज उठाई**

खोडनिया के विरोध में जाने वाले पर पुलिस प्रशासन से दबाव बनाया जाता है, जो कांग्रेस और क्षेत्र की जनता के लिए घातक है। सागवाडा ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल फलोत ने कहां कि यहां संगठन नाम की कोई चीज नहीं है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पाटीदार ने कहा कि संगठन कमजोर हो रहा है। बडो की लडाई में सुनवाई नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि मैं मेरा इस्तीफा जेब में लेकर घूम रहा हूं।

**मैं खोडनिया के रिमोट से चलने वाला नेता नहीं :-** सागवाड़ा के पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने कहा कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया सभी को अपने कंट्रोल में रखना चाहते हैं, लेकिन मैं उनके रिमोट पर चलने वाला नहीं हूं। घोघरा ने भी इसका विरोध किया है। बांसवाडा के हमारे दो बडे नेता उनके रिमोट कंट्रोल पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा की राज्यसभा में कौन जाएगा, यह आलाकमान तय करेगा। यहां हम अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने कहां कि ऐसे व्यक्ति को राज्यसभा में भेजा जाए, जिसका कोई जनाधार हो। ऐसे व्यक्ति को नहीं भेजा जाए, जिससे कांग्रेस को खतरा हो।

# एकल पट्टा मामले की जांच क्यों ना सीबीआई को सौंप दी जाये : हाईकोर्ट

■ याचिका में कहा गया कि एसीबी आरोपियों को येन-केन मामले से बाहर निकालना चाहती है। ऐसे में वह मामले में निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती।

■ 'पूर्व में एसीबी ने शांति धारीवाल, एनएल मीणा, ललित के. पंवार और वीएम कपूर के पक्ष में क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी थी। इतना ही नहीं एसीबी अन्य आरोपियों पूर्व आईएएस जीए संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकार मल सैनी के खिलाफ चल रहे केस को वापस लेने की गुहार कर चुकी है।'

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, एसीबी और सीबीआई को नोटिस जारी कर पूछा है कि एकल पट्टा प्रकरण की जांच क्यों ना सीबीआई को सौंप दी जाए। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश रामशरण सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता संदेश खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि एसीबी कोर्ट ने गत 18 अप्रैल को मामले में एसीबी की ओर से यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल सहित अन्य के पक्ष में पेश क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए कुछ बिंदुओं पर एसीबी को अग्रिम जांच करने को कहा था। याचिका में कहा गया कि एसीबी आरोपियों को येन-केन मामले से बाहर निकालना चाहती है। ऐसे में वह मामले में निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती। पूर्व में एसीबी ने शांति धारीवाल, एनएल मीणा, ललित के. पंवार और वीएम कपूर के पक्ष में क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी थी। इतना ही नहीं एसीबी अन्य आरोपियों पूर्व आईएएस जीए संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकार मल सैनी के खिलाफ चल रहे केस को वापस लेने की गुहार कर चुकी है। याचिका में कहा गया कि आरोपी राजनीतिक पहुंच के व्यक्ति हैं। आरोपी जीएस संधू यूडीएच के मुख्य सलाहकार होने के अलावा आरसीए चेयरमैन वैभव गहलोत के भी सलाहकार हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि एसीबी पहले ही मान चुकी है कि प्रकरण में कोई अपराध घटित नहीं हुआ है। ऐसे में उससे निष्पक्ष जांच की आशा नहीं रखी जा सकती। जांच सीबीआई को सौंपी जाए। एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।


गौरतलब है कि गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को वर्ष 2011 में एकल पट्टा जारी करने में धांधली को लेकर एसीबी ने वर्ष 2016 में रामशरण सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। मामले में कंपनी के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग, तत्कालीन आईएएस जीएस संधू, जेडीए जोन दस के तत्कालीन उपायुक्त ओंकारमल सैनी, निष्काम दिवाकर और गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा शांति धारीवाल व अन्य को लेकर जांच लंबित रखी थी।

एसीबी ने जून 2019 में शांति धारीवाल और एनएल मीणा व अन्य को राहत देते हुए उनके पक्ष में क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी थी, जिसे परिवादी ने प्रोटेस्ट पिटीशन दायर कर चुनौती दी थी। कोर्ट ने गत दिनों क्लोजर रिपोर्ट खारिज करते हुए कुछ बिंदुओं पर एसपी स्तर से उच्च अधिकारी से तीन माह में जांच कराने को कहा था। इससे पहले एसीबी संधू, ओंकारमल और निष्काम दिवाकर के खिलाफ लंबित मुकदमे को वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था।

## एपीआरओ भर्ती के विवादित उत्तरों के लिये जवाब मांगा

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती-2021 के विवादित प्रश्न-उत्तरों से जुड़े मामले में राज्य सरकार और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब तलब किया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश डीके शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने एपीआरओ के 76 पदों पर गत 24 नवंबर को भर्ती निकाली थी। जिसकी लिखित परीक्षा गत 24 अप्रेल को आयोजित की गई। वहीं बोर्ड की ओर से मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी। इस पर याचिकाकर्ता ने आधा दर्जन सवालों के जवाबों पर अपनी आपत्ति पेश की, लेकिन बोर्ड ने आपत्ति का सही ढंग से निस्तारण नहीं किया और याचिकाकर्ता के जवाबों को गलत माना। इसके चलते याचिकाकर्ता चयन से वंचित रह गया। याचिका में मान्यता प्राप्त पुस्तकों का हवाला देते हुए कहा गया कि बोर्ड ने कुछ सवालों के जवाब गलत जांचे हैं। ऐसे में विवादित प्रश्नों की जांच के लिए विषय विशेषज्ञों की कमेटी बनाई जाए और पेपर सेटर को ब्लैकलिस्ट किया जाए।

# एसीबी की दो कार्रवाई : आरएनसी का बाबू व सीए लाखों की रिश्वत लेते दबोचा


नंद किशोर शर्मा


बंशीलाल गुर्जर


पुनीत मोहनोत

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को दो अलग-अलग कार्रवाईयों को अंजाम देकर लाखों रुपए की रिश्वत लेते राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के बाबू को और एक सीए को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीमें आरोपियों के घर और ऑफिस सहित अन्य ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई करने में जुटी है।

एसीबी के महानिदेशक बीएल सोनी ने बताया कि एसीबी को पता चला कि एक प्राइवेट व्यक्ति मंगलवार दोपहर को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के बाबू नंद किशोर के ऑफिस में रिश्वत देने के लिए आ रहा है। इस पर एडिशनल एसपी बजरंग सिंह शेखावत ने नेतृत्व में एसीपी कमलनयन की टीम में ट्रैप कार्रवाई की।

इस दौरान एसीबी की टीम ने नन्द किशोर शर्मा (59) निवासी गोविन्दपुरा कालवाड रोड और एक दलाल बंशीलाल गुर्जर (33) निवासी करेड़ा भीलवाडा को 1 लाख 90 हजार रुपए लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी परिवादी से नर्सिंग कॉलेज की मान्यता और सीट आवंटन के साथ निरीक्षण में मदद करने के एवज में रिश्वत मांग रहे थे। एसीबी के अनुसार आरोपी बाबू अगले साल फरवरी में रिटायर्ड होने वाला था। ब्यूरो ने वर्ष 2021 से ही उसके मोबाइल को सर्विलांस पर लगा दिया था।

■ एसीबी ने राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के बाबू के दलाल को भी गिरफ्तार किया

■ आरोपी काउंसिल का बाबू नर्सिंग कॉलेज की मान्यता और सीट आवंटन के साथ निरीक्षण में मदद करने के एवज में रिश्वत मांग रहा था।

वहीं दूसरी ओर एसीबी मुख्यालय की स्पेशल यूनिट ने मंगलवार को ही आयकर विभाग के अधिकारी के लिए दो लाख रुपए की रिश्वत लेते चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पुनीत मोहनोत को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसीबी ने व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर आई शिकायत के आधार पर की है। पकड़े गए सीए की आयकर विभाग में काफी अच्छी घुसपैठ है।

### फाइल के निस्तारण की एवज में सीए ने ली रिश्वत

ब्यूरो के डीजी सोनी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म के विरुद्ध आयकर विभाग में चल रही फाइल के निस्तारण की एवज में सीए पुनीत मोहनोत जयपुर में पदस्थापित आयकर अधिकारियों के लिए पांच लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था। इस पर एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर मालवीय नगर निवासी सीए पुनीत को परिवादी से दो लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने घूस की डील 5 लाख रुपए में की थी। घूसखोर सीए घूस की रकम लेने के लिए परिवादी के हिम्मत नगर स्थित मकान पर पहुंच गया। जब उसने परिवादी से रुपए लिए तो एसीबी को इशारा कर दिया इस पर एसीबी की टीम ने उसे उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए सीए का नेटवर्क आयकर विभाग में बहुत मजबूत बताया जा रहा है। टीम लगातार उन व्यक्ति की तलाश कर रही है जिनके लिए सीए ने घूस ली थी। हालांकि इस सम्बंध में एसीबी अधिकारियों ने इंकमटेक्स अधिकारियों का नाम नहीं बताया है।

## संक्षिप्त

### दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर,** (कासं)। वैशाली नगर थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को बाड़मेर जिले के सेरूणा इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दस दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चुराई गई कारों को बाड़मेर जिले के तस्करों को बेच देते थे। इनके खिलाफ कई थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित दिनेश कुमार विश्नोई (24) और शंकर विश्नोई (25) थाना गुढ़ामालानी जिला बाड़मेर के रहने वाले हैं। आरोपित 20 मई की रात राजेंद्र नगर से लक्ष्मीनारायण की स्कॉर्पियो कार चुरा कर ले गए थे। सेरूणा थाना इलाके में कार का एक्सीडेंट हो गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो कार चोरी होने का पता चला। इस पर वैशाली नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

### घर में लाखों की चोरी

**जयपुर,** (कासं)। मानसरोवर में रहने वाले एक परिवार को माऊंट आबू घूमने जाना महंगा पड़ गया। चोरों ने उसी रात घर में सेंध लगाकर लाखों की नकदी-ज्वैलरी पर हाथ साफ़ कर दिया। पुलिस ने बताया डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, बदरबास निवासी महावीर प्रसाद 19 मई को परिवार सहित माऊंट आबू घूमने निकला था। अगली सुबह पड़ौसी ने घर में चोरी की सूचना दी तो वापिस लौटकर आया। पीड़ित के अनुसार चोर घर में से लाखो रूपए कीमत की ज्वैलरी सहित करीब सात लाख की नकदी चुरा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एटीएम कार्ड बदल 70 हजार निकाले

**जयपुर,** (कासं)। वैशाली नगर इलाके में बदमाश मददगार बन एक बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर ले गए और बाद उसी कार्ड से 70 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने बताया लाल मंदिर के पास रहने वाले भवानी शंकर मीणा (74) ने 23 मई की दोपहर चांद बिहारी नगर स्थित एटीएम बूथ से रूपए निकालने का प्रयास किया,लेकिन नहीं निकाल पाए। इस दौरान वहां मौजूद दो बदमाश मददगार के रूप में बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर ले गए और बाद में 70 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### लाखों रुपये के माल से भरा बैग चोरी

**जयपुर,** (निसं)। मुहाना इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में से नकदी-ज्वैलरी से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने बताया महिमा फ्लोरेंजा, पत्रकार कॉलोनी निवासी मोहित शर्मा की 21 मई को बालाजी बैंकेट एंड रिसोर्ट में शादी थी। नकदी-ज्वैलरी का बैग उसकी मां के पास रखा था। रात करीब 9 बजे चोर नजर बचाकर बैग लेकर फरार हो गया, जिसमें 6.30 लाख रुपए कीमत की ज्वैलरी, 3 लाख की नकदी सहित मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पूर्व राज्यपाल टिबरीवाल ने किया पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** पूर्व राज्यपाल व पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनएल टिबरीवाल ने 24 मई, मंगलवार को अजमेर रोड स्थित अपने निवास स्थान पर दिशा केयर संस्था, लंदन की तरफ से दिए जाने वाले मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लाइफ टाइम अवॉर्ड के पोस्टर का विमोचन किया। कानूनविद् एचसी गणेशिया, मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ कृष्ण कुमार उपाध्याय, समाजसेवी गौरव, डीडब्ल्यूपी की अध्यक्ष चित्रा गोयल व गिरजा शर्मा, फैशन डिजाइनर नरिष्यंत मौजूद रहे। गौरतलब है कि हिन्दुस्तान में पहली बार मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लाइफ टाइम अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन इसी 29 मई को सी-स्कीम स्थित 5 बाय ओयो मेट्रोपॉलिटन इन एमजीएफ मॉल में होगा।

# 'आरडीटीएम के लिए जुलाई में तैयार होगी राजस्थान पर्यटन इकाई नीति'

■ राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट से राज्य में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : विश्वेंद्र सिंह

**जयपुर,** (का.सं.)। पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) से राज्य में घरेलू पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा। अभी के लिए योजनाबद्ध और सक्रिय तरीके से घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना बहुत महत्वपूर्ण है। वे आज अपने आवास पर फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल उन्हें जुलाई में जयपुर में होने वाले आगामी ट्रैवेल मार्ट की तैयारियों की जानकारी देने आया था।

मंत्री विश्वेंद्र ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2022 को आरडीटीएम के आयोजन तक जारी कर दिया जाएगा। नई नीति आने वाले घरेलू पर्यटकों के लिए फायदेमंद साबित होगी। इसी तरह राजस्थान रूरल टूरिज्म प्रमोशन स्कीम से भी किसानों को काफी लाभ होगा।उन्होंने ने यह भी बताया कि पात्र टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की इकाइयों को पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इस अवसर पर निदेशक, पर्यटन रश्मि शर्मा भी उपस्थित थीं।

एफएचटीआर के अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने कहा कि राज्य में न केवल पर्यटन के लिए बल्कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए वास्तव में अनुकूल वातावरण है। इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रणधीर विक्रम सिंह ने टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने के लिए सरकार का आभार जताया।

इस अवसर पर अध्यक्ष (ओननरी), एफएचटीआर, भीम सिंह, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रणधीर विक्रम सिंह, राजस्थान के होटल और रेस्तरां एसोसिएशन के अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला और उपाध्यक्ष, एफएचटीआर, खालिद खान भी उपस्थित थे।

# युवक की अपहरण के बाद गोली मार कर हत्या

■ दो गैंगों के बीच वर्चस्व की लड़ाई के चलते वारदात को अंजाम दिया गया

■ मृतक आदतन बदमाश था और उसके खिलाफ दर्जनभर मुकदमे दर्ज हैं

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी के झोटवाड़ा इलाके से बदमाशों ने सोमवार रात को एक युवक का अपहरण कर लिया। इस दौरान उसके हाथ पैर तोड़ दिए और बाद में तीन गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। हत्यारे शव को करधनी इलाके स्थित खेत में फेंक कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि दो गैंगों में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मृतक की मां की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है।

एसीपी झोटवाड़ा प्रमोद स्वामी ने बताया कि मृतक सनी सोनी (22) झोटवाड़ा में 21 साउथ कॉलोनी का रहने वाला था। वह सोमवार देर रात इलाके में बिंजारी रोड पर दोस्त के साथ घूम रहा था। इस दौरान दो गाड़ियों में आए आधा दर्जन से अधिक बदमाश उसका अपहरण कर ले गए। मंगलवार सुबह करधनी इलाके में बोयतावाला स्थित हनुमान चौधरी के खेत में उसका पैर बंधा हुआ शव पड़ा मिला। मृतक के सीने में दो और सिर में एक गोली मारी गई है। उसके हाथ-पैर टूटे होने के साथ ही कपड़े से बंधे हुए थे। मृतक की मां सीता देवी ने जय सिंह, नेमीचंद और अशोक नरुका सहित 3-4 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया मृतक सनी सोनी आदतन बदमाश है, जिसके खिलाफ झोटवाड़ा सहित विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट, मारपीट और चोरी के दर्जनभर मुकदमें दर्ज हैं। वह फिलहाल जेल से जमानत पर बाहर चल रहा था। उसकी जयपुर में ही दूसरी गैंग के बदमाशों से पिछले कुछ समय से आपसी रंजिश चल रही थी। सनी के परिवार में मां सीता देवी और एक भाई है। पिता का कुछ साल पहले देहांत हो गया था। सनी का भाई बीएसएफ में बताया गया है। सोनी ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा पास की थी।

मृतक के शव के पोस्टमार्टम के दौरान मोर्चरी के बाहर बैठे उसके दोस्त शाहबाज ने बताया कि वह और सनी दोनों साथ में घूम रहे थे। रात करीब 11 बजे सनी के मोबाइल पर उसके दोस्त मिकी का कॉल आया, जिसने लोकेशन मांगी और आने के लिए कहा। इसके कुछ देर बाद ही दो गाड़ियों में आधा दर्जन से अधिक बदमाश आए, जिन्होंने मिकी को कार में बंधक बनाया हुआ था। इसके बाद बदमाशों ने पीछा किया तो शाहबाज एक कमरे में छिप गया, लेकिन सनी भागते समय नीचे गिर गया। बदमाश उसका अपहरण कर ले गए।

परिजनों और दोस्तों के अनुसार कुछ माह पहले भी सनी के ऊपर बदमाशों ने हमला किया था। उसे चाकू से वार कर घायल कर दिया था। अपहरण करने वाले बदमाशों पर ही पूर्व में हुए हमले को लेकर शक जताया गया है। सनी की चिड़ावा के रहने वाले नेमीचंद चौधरी की गैंग से रंजिश थी। यह लोग झोटवाड़ा के आसपास के इलाकों में वारदात करते हैं। इन दोनों गैंगो के बीच वर्चस्व को लेकर कई बार लड़ाई हो चुकी है। दोनों गैंग के बदमाशों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में कई बार एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया और बदमाशों की तलाश शुरू की है। पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

## रीट परीक्षा में एक और गिरफ्तार

**जयपुर,** (कासं)। एसओजी टीम द्वारा रीट परीक्षा का पेपर परीक्षा से पहले पढ़ने के लिए अभ्यार्थियों को स्थान उपलब्ध कराने वाले मुख्य आरोपित कोटड़ा निवासी रामलाल विश्नोई (46) को भीनमाल के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया है। एटीएस एवं एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ एवं जांच में सामने आया कि रामलाल ने रीट परीक्षा के प्रश्न पत्र को परीक्षा से पहले पढ़ने के लिए अभ्यर्थियों को अपना भीनमाल स्थित मकान उपलब्ध करवाया था। आरोपित की एसओजी की टीम लंबे समय से तलाश कर रही थी, जिसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। अब तक रीट प्रकरण में कुल 63 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, शेष की तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### आशा बोथरा बनी राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति की अध्यक्ष

**जयपुर,** (का.सं.)। वर्ष 1973 में स्थापित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति, जयपुर की कार्यकारिणी के हुए सर्वसम्मत चुनावों में इस बार इतिहास रच गया। 15 सदस्यीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष आशा बोथरा सहित पांच महिलाओं ने स्थान पाया है। आशा बोथरा, गांधी के रास्ते पर चलने वाली देश की जानी मानी और प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उनके साथ सुनीता तंवर उपाध्यक्ष तथा नीलम अग्रवाल संयुक्त सचिव बनी हैं। दो अन्य महिला सामाजिक कार्यकर्ता उरमूल सीमांत समिति बज्जू, बीकानेर, की सुशीला ओझा व अजमेर प्रौढ़ शिक्षण समिति की सुलक्षणा पारीक ने संस्थागत सदस्यों के रूप में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में स्थान पाया है। प्रौढ़ शिक्षा का महत्वपूर्ण काम करने का दशकों के अनुभव रखने वाले ओम कुवेरा समिति के दूसरे उपाध्यक्ष तथा उर्दू शायरी में बड़ा नाम कमाने वाले आदिल रज़ा मंसूरी दूसरे संयुक्त सचिव बने हैं। अन्य निर्वाचित संस्थागत सदस्य संधान के राजेंद्र भाणावत, दूसरा दशक के राघवेंद्र शर्मा तथा बीकानेर प्रौढ़ शिक्षण समिति के गिरिराज मोहता हैं। जन शिक्षण के काम का दीर्घ अनुभव रखने वाले अविनाश भार्गव कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए जबकि सचिव पद पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बोड़ा को चुना गया। कार्यकारिणी के तीन सदस्यों के रूप में उदयपुर के सुशील दशोरा, जोधपुर के ओमप्रकाश टाक और जयपुर के हिमांशु व्यास भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### ज्वैलर्स एसोसिएशन ने एम.चुब्बा का अभिनंदन किया

**जयपुर,** (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में राजस्थान आये भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम.चुब्बा एओ ओमंग का जयपुर ज्वैलर एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला के नेतृत्व में स्वागत किया गया। आज जयपुर में महावीर नगर स्थित आवास पर नागालैंड निवासी भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व चैयरमेन इंडियन चैम्बर ऑफ़ इंटरनेशनल बिज़नेस पूर्वोत्तर राज्य के एम चुब्बा एओ ओमंग ने अभिनंदन पर ज्वैलर एसोशियेसन का आभार प्रकट करते हुये कहा कि ईश्वर ने मानव संरचना को बनाया और उसको रत्नजड़ित सुंदर बनाने का हुनर ज्वैलर्स को दिया। नागालैंड के ज्वैलर व्यवसाय में जयपुर से जुड़ाव बताते हुये कहा कि राजस्थान से जुड़े हज़ारों व्यापारियों ने नागालैंड की तरक़्क़ी में सहयोग किया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, उपाध्यक्ष आलोक सौंखियां, संयुक्त सचिव नीरज लूणावत, शो कन्वेयनर राजेश धामाणी, पूर्व सचिव डी.पी.खंडेलवाल, संजय काला, निर्मल बरड़िया, अजय गोधा, गोविंद अग्रवाल, महावीर डागा, सुनील मणियार, अभिषेक सांड, सुनील गुप्ता व प्रदीप मेहता सहित ज्वैलर्स उपस्थित रहे।

### गैस टंकी विस्फोट में झुलसी बच्ची और महिला ने दम तोड़ा

**जयपुर,** (कासं)। हसनपुरा में सोमवार देर शाम कबाड़ की दुकान पर कार की गैस टंकी काटते समय लगी आग में झुसली एक बच्ची और महिला की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया हसनपुरा में एक कबाड़ की दुकान है। सोमवार शाम को कबाड़ी कार की गैस टंकी को काट रहा था। टंकी में गैस भरी हुई थी। ग्लाइडर से टंकी काटते से निकली चिंगारी से सिलेंडर धधक गया। सिलेण्डर में लगी आग की लपटे सामने रहने वाले अब्दुल हमीद के मकान तक पहुंच गई। हादसे के समय हमीद की पत्नी महरून निशा पौते-पोती के साथ घर के बाहर थी। आग से महरून निशा (60) , उसके पौते-पोती अबु बकर (3), फैजान (5), असरा (10), खुशी (6), बुसरा (6), बिन्नी (3) और कबाडी फरीद का बेटा जुबीन (20) झुलस गया। पुलिस ने झुलसे बच्चों सहित छहों लोगों को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जिसमें बुसरा (6) पुत्री जावेद और 60 वर्षीय महिला महरून निशा की इलाज के दौरान मंगलवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया और जांच में जुटी है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर,** (कासं)। रामगंज थाना पुलिस ने मामूली कहासुनी के बाद एक दूसरे पर पथराव करने के मामले में एक पक्ष के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित फारुख (40), इजराइल उर्फ बबलू (40) और रियाजुद्दीन उर्फ राजू (45) कांच की छबील, चौकड़ी तोपखाना हुजूरी, रामगंज के रहने वाले हैं।

# कांग्रेस नव संकल्प शिविर के घोषणा पत्र क्रियान्वयन के लिए करेगी कार्यशाला

■ 1 और 2 जून को होने वाली कार्यशाला में 650 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

**जयपुर,** (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र एवं निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर 1 और 2 जून को राजस्थान प्रदेश कांग्रेसकी दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, एआईसीसी के पदाधिकारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, मंत्रीमण्डल के सदस्य, विधायक, विधायक प्रत्याशी, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्ष, विभाग व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष/ जिलाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद, लोकसभा प्रत्याशी, जिला प्रमुख तथा बोर्ड एवं निगमों के चेयरमेन सहित 650 प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यशाला का मुख्य एजेण्डा उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में जारी नव संकल्प घोषणा के निर्णयों को जिला एवं अन्य निचले स्तर पर यथाशीघ्र क्रियान्वयन करना तथा इस हेतु मंथन कर समयबद्ध एवं चरणबद्ध कार्यक्रम बनाना रहेगा। कार्यशाला में 9 अगस्त को सभी जिलों में आयोजित होने वाली 75 किलोमीटर की पदयात्रा के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी। साथ ही 15 अगस्त को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर मंथन किया जायेगा।

इसी के साथ कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस की ओर से कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा के आयोजन हेतु जिम्मेदारियां प्रदान करने हेतु विमर्श किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यशाला में संगठन के पद जो चुनावी प्रक्रिया के अतिरिक्त भरे जाने है, जिसमें प्रमुख रूप से प्रकोष्ठ, विभाग एवं अग्रिम संगठनों के पद शामिल है, पर 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं से भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर 90 से 180 दिवस में इन पदों को भरने हेतु रोडमेप तैयार किया जायेगा। कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश में मण्डल कमेटियों के गठन, मण्डल कमेटियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाबत् भी सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की जायेगी। उदयपुर नव संकल्प शिविर में आर्थिक, युवा सशक्तीकरण, किसान आदि विषयों पर पारित निर्णयों की क्रियान्विति करने हेतु विशेष रूप से मंथन किया जायेगा।

# दो बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

**जयपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मंगलवार को श्याम नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए बदमाश शहर में बड़ी वारदातें अंजाम देने वाले थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते बदमाशों को दबोच लिया गया। इनके कब्जे से एक पिस्टल, देशी कट्टा सहित तीन कारतूस बरामद किए गए है।


कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मंगलवार को श्याम नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया कि बदमाश सनी उमरवाल उर्फ सनी धाबास निवासी एकता नगर अजमेर रोड करणी विहार और रोहित जाट निवासी गौतम पथ रामनगर सोडाला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित सनी उमरवाल उर्फ सनी धाबास के खिलाफ 8 एवं रोहित जाट के खिलाफ 2 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। दोनों आरोपित करणी विहार थाने में दर्ज मामले में वांछित चल रहे है।

**जेल में दोस्ती के बाद गैंग में शामिल :-** पूछताछ में खुलासा हुआ है कि सनी उमरवाल व रोहित जाट की जेल में रहने के दौरान भरतपुर निवासी कुल्लू गुर्जर से जानकारी हुई। उसके बाद वह संजय चौधरी के कहने पर कुल्लु गुर्जर गैंग में शामिल हो गए। गिरफ्तार आरोपियों ने कुल्लू गुर्जर के कहने पर जीतू टाइगर के गोली मारी थी। दोनों ही आरोपित संगङ्गित होकर काम करते है और उनकी गैंग को कुल्लू गुर्जर व संजय चौधरी संचालित करते है। इसके अलावा कुल्लू गुर्जर के कहने पर ही गोल्डी चौधरी मर्डर के मुख्य गवाह पर फायरिंग करना स्वीकार किया है।

## युवाओं को ट्रेंड कर रोजगार दिलाने पर हुआ मंथन

**जयपुर।** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम की ओर से मंगलवार को यहां टोंक रोड स्थित एक होटल में आयोजित 'सीएक्सओ कॉन्कलेव' में युवाओं को इंडस्ट्री की मांग अनुरूप ट्रेंड कर रोजगार के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने पर मंथन हुआ। कार्यक्रम के कौशल, उद्यिमता राज्य मंत्री अशोक चांदना ने कहा कि इसका समाधान युवाओं को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कर ही किया जा सकता है। आरएसएलडीसी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आरूषी मलिक ने प्रदेश में मौजूद बड़े कार्य बल को ताकत बताते हुए युवाओं को ट्रेंड कर सही दिशा देने की आवश्यकता पर बल दिया।



## Golf Month

Aaah golf! The sport of old rich people, who have the time to spend hours on the rolling green hills of a golf course following a tiny white speck. Many of us who have never even attempted to play golf surely wouldn't like it simply because of the golfers who don't seem to be the most exciting of individuals. But those of us who have tried see this pretty differently, so celebrate this Golf Month and learn how much fun this sport can be!

#SEISMOLOGY

# Incredible Atmospheric Waves

The Hunga volcano ushered in 2022 with a bang, devastating the island nation of Tonga.



Researchers report the first comprehensive account of the Hunga volcano eruption's atmospheric waves.

The Hunga volcano ushered in 2022 with a bang, devastating the island nation of Tonga, sending aid agencies and Earth scientists into a flurry of activity. It had been nearly 140 years since an eruption of this scale shook the Earth.

Robin Matoza of the University of California, Santa Barbara led a team of scientists to characterize the eruption's atmospheric waves, the strongest recorded from a volcano since the 1883 Krakatau eruption.

The team's work, compiled in an unusually short amount of time, details the size of the waves originating from the eruption, which the authors



find were on par with those from Krakatau. The data also provide exceptional resolution of the evolving wave field compared to what was available from the historic event. The paper appears in the journal Science.

### Booms

Early evidence suggests that an eruption on January 14 sunk the volcano's main vent below sea level priming the massive explosion the following day. The January 15 eruption generated a variety of different atmospheric waves, including booms heard 6,200 miles away in Alaska. It also created a pulse that caused the unusual occurrence of a tsunami-like disturbance an hour before the actual seismically driven tsunami began.

"This atmospheric waves event was unprecedented in the modern geophysical record," says Matoza, an associate professor in the earth science department.

The Hunga volcanic eruption has provided unprecedented insight into the behaviour of a variety of atmospheric wave types. "The atmospheric waves were recorded globally across a wide frequency band," says co-author David Fee at the University of Alaska Fairbanks Geophysical Institute. "And by studying this remarkable dataset we will better understand acoustic and atmospheric wave generation, propagation, and recording.

This has implications for monitoring nuclear explosions, volcanoes, earthquakes, and a variety of other phenomena.

### Lamb Waves

The researchers were most interested in the behaviour of an atmospheric wave known as a Lamb wave, which is the dominant pressure wave produced by the eruption. These are longitudinal pressure waves, much like sound waves, but of particularly low frequency. It is such low frequency in fact that the effects of gravity must be taken into account. Lamb waves are associated with the largest atmospheric explosions, such as large eruptions and nuclear detonations, though the wave characteristics differ between these two sources. They can last from minutes to several hours.

After the eruption the waves travelled along Earth's surface and circled the planet in one direction four times and in the opposite direction three times, the authors recorded. This was the same as scientists observed in the 1883 Krakatau eruption. The Lamb wave also reached into Earth's ionosphere, rising at 700 mph to an altitude of about 280 miles.

"Lamb waves are rare. We have very few high-quality observations of them," Fee says. "By understanding the Lamb wave, we can better understand the source and eruption. It is linked to the tsunami and volcanic plume generation and is also likely related to the higher-frequency infrasound and acoustic waves from the eruption."

The Lamb wave consisted of at least two pulses near the volcano. The first had a seven- to 10-minute pressure increase followed by a second and larger compression and subsequent long pressure decrease.


### Atmospheric Waves

A major difference between the accounts of Hunga's Lamb waves versus Krakatau's is the amount and quality of data scientists were able to gather. "We have more than a century of advances in instrumentation technology and global sensor density," Matoza says. "So, the 2022 Hunga event provided an unparalleled global dataset for an explosion event of this size."

Scientists noted other findings about atmospheric waves associated with the eruption, including remarkable long-range infrasound-sounds too low in frequency to be heard by humans. Infrasound arrived after the Lamb wave and was followed by audible sounds in some regions.

Audible sounds reached Alaska, about 6,200 miles from the volcano, where they were heard around the state as repeated booms. "I heard the sounds," Fee recalls, "but at the time definitely did not think it was from a volcanic eruption in the South Pacific."

The scientists believe the sounds heard in Alaska couldn't have originated in Hunga. While there's still much to learn, it's clear that standard sound models cannot explain how audible sounds propagated over such extreme distances. "We interpreted that they were generated somewhere along the path by non-linear effects," Matoza explains.





Tajinder Pal Singh Bagga arrested by Punjab cops.

# Keystone Cops!



Dr Goutam Sen
*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*

#COMEDY

I wonder how many of you can recall the comedy feature films known as 'Keystone Cops'. This comedy feature was a part of English films programme when shown in cinema halls. Since the main film was of shorter duration than the traditional Hindi film these entertaining twenty minute features were used as fillers.

### Criminal Intimidation

The antics of the Punjab Police and Delhi Police a few days ago remind me of the Keystone Cops. The BJP MLA Tajinder Pal Singh Bagga, from Delhi, had used the social Media and Twitter to cast aspersions on the AAP leader Arvind Kejriwal and his party. In response to these comments a complaint was lodged at Mohali Police station against Bagga by AAP spokesperson Dr Sunny Singh Ahluwalia stating that Bagga's action tantamounted to criminal intimidation...to cause violence....Imminent hurt to Arvind Kejriwal and other Members of AAP. As soon as the FIR was registered at the Mohali police sent notices to Bagga, to appear before them. Bagga ignored all the five notices sent to him. At last the Punjab Police lost its patience and decided to go to Delhi to arrest Bagga. It must be remembered that there was a newly formed AAP government in Punjab.

The Punjab police team reached Bagga's home in the morning and forced their entry pushing away people who tried to stop them. Bagga was roughly handled and not even allowed to put on his turban.




The plan was to whisk him away to Punjab. It is not uncommon for police from one state to cross its borders and go to another state to apprehend a wanted person. After all we are a Federal nation. There is however a protocol to be maintained, which requires the raiding party to inform the local police prior to the action. In fact the local police then joins the team to expedite the arrest. On this occasion the Punjab police is purported to have neglected to give prior information (for best known reason of their own) and just informed the Delhi police in passing as they returned post haste to Punjab.

### High Drama

Meanwhile the relatives of Bagga complained to Delhi police of this 'kidnapping'. Since the protocol had not been followed by the Punjab Police, the Delhi Police registered an FIR against them and conveyed the vehicle numbers to the Haryana Police with a request that the vehicles be stopped and Bagga be brought back to Delhi to appear before a local court. It must be remembered that the Delhi Police takes orders from the Centre. Similarly the Haryana Police has its orders from its own Government (Incidentally both are BJP governments).

All this was high drama. The Punjab police was stopped and Bagga released. The team returned empty handed to Punjab. Of course, allegations have now been made by all the police teams and the battle will continue for long in the courts. It is also likely that the matter will be allowed to cool and new reasonable ways will be found to solve the issue.

After being amused by these antics serious thinking needs to be done about the law and order situation along the borders in India. As it is a state subject each police force receives their orders from the ruling government of the moment and hence indirectly from the political masters. Politicians have elephantine memories. It is common for them to seek and create situations where the opponents are earmarked for past harassment or 'sins' done earlier. The police of the state change its colour like chameleons. The newly appointed officers have to prove their loyalty to the present government.




keystone kops on patrol bettmann.

> After being amused by these antics serious thinking needs to be done about the law and order situation along the borders in India. As it is a state subject each police force receives their orders from the ruling government of the moment and hence indirectly from the political masters. Politicians have elephantine memories. It is common for them to seek and create situations where the opponents are earmarked for past harassment or 'sins' done earlier.

### Expression of Possession

Let us for a moment consider borders. The boundary walls of our properties or barriers between two areas are an expression of possession and hence control of the area. This is a sort of 'monarch of all I survey' situation. Here the rules too are created by the owner. Anyone encroaching across the border therefore has to confirm to the rules. Trespassing is absolutely a 'NO! NO!' The fences, barriers and walls are constructed to make sure the entry to the area is restricted and only authorized people enter through a properly supervised gateway. For a moment let us expand the property from a single plot to a colony or a set of Apartments. Here again each area is gated and manned by a security force. They are empowered to inspect all personnel and vehicles that enter it. Similar measures are seen at the entry to five star hotels. The inspection at the hotel gates is so cursory that it can be considered a farce. If a bomb or weapon was tucked away in a hidden space of any vehicle it would certainly be not revealed by running a mirror under the chassis or looking into the boot. When guard dogs are used it is possible that the inspection may be more effective.

The point to remember is that a border has been crossed and so permission is required. Similar rules and laws come into place when a state border or that of a nation is crossed. There will be areas where the local customs may dictate that certain material cannot be allowed within. For example, most pilgrim towns in India will not allow non-vegetarian fare. Meat or meat product along with alcohol is forbidden. When it comes to national borders all international flyers have to fill an immigration form declaring that they are not carrying any contraband. In most nations specialist dogs do a better job than humans in sniffing out drugs. The smuggling of drugs has very severe consequences. Many nations go to the extent of punishing by death sentence if even a small amount of drug is detected (Saudi Arabia and Thailand).

> All this was high drama. The Punjab police was stopped and Bagga released. The team returned empty handed to Punjab. Of course, allegations have now been made by all the police teams and the battle will continue for long in the courts. It is also likely that the matter will be allowed to cool and new reasonable ways will be found to solve the issue.

### A Constant Headache

Protection of our borders from aggression has become a constant headache for our country. Our neighbours for best known reasons covet our land. All these nations claim that we have some part of their land under our control. The borders marked by the British in 1947 were marked on our maps without any consent of the neighbouring country, especially China. All sorts of obtuse causes are put forth. Kashmir is coveted by Pakistan because it has a dominant Muslim population. China is even worse. In the beginning we had no common border with it but it soon became our neighbour having gained control of Tibet. Ever since they kept on claiming some tract or other. They have the gumption to send their forces into the disputed Pangong Lake in Ladakh. For the first time shots were fired along the LAC near Galwan, Hot Springs and Gogra. We have to maintain forces throughout the year in the subzero temperatures in Aksai Chin. Naturally we have prevented them from entering the area. If they have entered some remote area it is possible that we have to use our military to push them back across our borders while negotiating at all levels using the local forces to the meeting of the senior-most Commanders in our forces. Even at the diplomatic level our foreign ministries are in constant touch to avoid a conflagration.

I have often wondered what would happen if nations had borders but did not require documentation to cross them. I guess European Union is an example of that thought. It felt quite odd when I transited through Zurich without going out of the airport to see Spain, Italy and France. At the end of the holiday my passport showed no evidence of these countries. My entry and exit was date stamped by the Swiss because I was flying Swiss Air. Relations between nations allowing free access to each other have not been idyllic. Shifting of parts of the population of one nation to another due to better employment conditions and living conditions have led to strife between people. In some regions this has created ghettos of religious minorities which too are a cause of concern.






Immigrants trying to settle after crossing the border.



Sunny Singh Ahluwalia, AAP spokesperson.

> Borders therefore are a need of the day, but I do hope there will come a day when nations will use them for demarcation alone. Battles and wars in the past have been used to preserve our borders at tremendous loss of young lives. I pray that such wars may never take place again.

### Futile Hopes

Borders may become more pervious due to political thought at times. The border between India and Bangladesh is an example where people cross with impunity through the unfenced borders. If they stay long enough they even acquire documentation like Aadhar Card, Ration Card and worse still voter's card..........

Borders therefore are a need of the day, but I do hope there will come a day when nations will use them for demarcation alone. Battles and wars in the past have been used to preserve our borders at tremendous loss of young lives. I pray that such wars may never take place again. My hopes are probably futile as border wars are being fought all over the world even now. Each of these simmering borders can lead to a World War again.

writetoarbit@rashtradoot.com



Border Lines.

#J'ADORE

# Perfect Playtime Outfits for Kids

Creating summer playtime outfits for kids is basically about choosing clothes that are made of summer-friendly fabric and come in light or pastel colours.

*There's nothing about summers that you cannot love, (except the blazing hot sun on some days maybe) especially summer clothes. We absolutely love summers and summer fashion. It's the time of the year you do not have to worry about layering up or carrying an umbrella. Kids too love summers – courtesy: summer vacation.*

*Summer vacation calls for summer camps, workshops, and a day-long of playing every day! This means you should stack up your child's wardrobe with some breezy summer clothes that are perfect playtime outfits.*



### Cotton Dress - Sandals

It's best to opt for flowy and airy dresses as opposed to body-hugging clothes. Cotton dresses, with simple frills or layers that float in the wind should be great for the summer. You can choose sleeveless, spaghetti straps or halter necks for these dresses. Pair this outfit with comfy sandals and a high pony for the best summer look.

### Baggy top - Denim Shorts - Sandals



If your daughter isn't much of a dress-lover, you can get her a pair of denim shorts or chino shorts. Pair this up with a baggy top with prints that echo the summer vibe. You can choose an off-shoulder or cold-shoulder top to go with the shorts. A simple braid and a pair of sandals will perfect your little girl's look.

### Shirt - Shorts - Slip-ons

Cotton shorts or chino shorts are a great alternative to denim shorts. You can keep several pairs of shorts in your child's closet all year round and use them for picnics, outings, travel and so on. You can pair the shorts with a roll-up shirt adorned with cute summery prints.



### Denim Dungarees

Choosing Denim dungarees is the coolest outfit idea which gives an awesome look and comfort. Denim Dungarees are beyond the jeans and splash across all age groups. Stock up your wardrobe with cute, ruffle elastic waistbands for your angle. If we talk about comfort in summer this is the perfect, stylish yet comfortable as casual fittings. These short and stylish outfits are made from pure cotton which gives an extra gentle and comfortable feel. Those who love to give stylish combinations will go with colourful summer tops which come in lots of designs and good fabrics.



### T-shirt - Shorts - Crocs

Simple tees and shorts never go out of style and are a fashion staple for the entire year. No matter what the season is (except, maybe winters) your boy can sport this outfit with a pair of easy crocs.



Get your son a pair of cool slip-ons to complete the playtime outfit.

### Hat and Sunglasses




Everything is incomplete for summer without a hat and sunglasses. When parents are planning to shop for cool outfits they should include hats and sunglasses. Kids are very sensitive, so to protect them from harsh weather we have to include these in their fashion wear.

In fact, nothing beats these summer accessories. Wearing classy hats and cool sunglasses gives a feeling of comfort and confidence to the little kiddos.

*-Shruti Kothari*

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# गुढ़ागौड़जी, बगड़, खिरोड़ व मंडावा में रात्रि में आए तूफान से हुआ नुकसान

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** भोड़की गांव में सोमवार रात्रि में क्षेत्र में आए तूफान से लाखों रुपए संपत्ति का नुकसान हुआ है। भोड़की गांव में जन सहयोग से बनाए स्टेडियम में भामाशाहों के सहयोग से बने दर्शक स्टैंड व मंच की छत की लोहे की चद्दरें उड़ गई व होर्डिंग एवं मंच की उड़ी चद्दरें पास से गुजर रही एचटी लाइन तारों पर अटक गई। उड़ी चद्दरें स्टेडियम की चारदीवारी की रेलिंग में फंस गई। जिससे काफी दूर में लोहे की रेलिंग धराशाई हो गई। हवा का वेग इतना तेज था कि कई लोहें की चद्दरें 500 मीटर दूर तक उड़ कर चली गई। तूफान रात्रि में आने से किसी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ। सुबह सरपंच नेमीचंद जांगिड़, स्टेडियम समिति अध्यक्ष हरलालसिंह गड़वाल, सचिव राजकुमार सैनी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। तूफान से बिजली के पोल तथा ट्रांसफर धराशाही हो गए। जिससे रात्रि को गुल हुई बिजली दूसरे दिन तक सुचारू नहीं हो सकी थी।



गुढ़ागौड़जी के कई इलाकों में सोमवार रात को आये अंधड़ से लाखों रुपए संपत्ति का नुकसान हुआ।

**बगड़ संवाददाता के अनुसार :** बीती रात को आए तूफान से किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है। बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के सदस्य भरतलाल नूनियां ने बताया कि लांबा गांव के गुलाब खां पुत्र मनीर खान ने महीनेभर पहले ही पाई-पाई जोड़कर ढाई लाख रूपए का सोलर प्लेट्स लगाई थी। लेकिन बीती रात आए तूफान से सोलर प्लेट्स हवा में उड़ गई और क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे किसान को नुकसान हुआ है।

**खिरोड़ संवाददाता के अनुसार :** खिरोड़ कस्बे एवं पास पड़ौस के गांव-ढाणियों में सोमवार रात को तेज अंधड़ आने से विभिन्न स्थानों पर पेड़ टूट गए। जिससे रास्ते अवरुद्ध हो गए। अंधड़ आने से जहां खेतों की मेड़ उड़कर रास्ते में आ गई। वहीं कई रास्तों में पेड़ टूट कर गिर गए। जिससे आवागमन बाधित हो गया। अंधड़ आने से खिरोड़, बसावा, झाझड़, मोहनवाड़ी, बारवा, पुरोहितों

- बगड़ में बीती रात को आए तूफान से किसानों को भी काफी नुकसान हुआ

की ढाणी, खोजावास, भोजनगर, टोंकछीलरी, टोडपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर जगह-जगह पेड़ टूटकर गिर गए। वहीं बिजली लाइनें भी टूट कर गिर गई। जिससे बिजली व्यवस्था ठप्प रही।

**मण्डावा संवाददाता के अनुसार :** जिले के मंडावा कस्बे सहित पास पड़ौस के इलाकों में सोमवार देर रात को इंद्रदेव मेहरबान रहे। क्षेत्र में तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम बदलने से तापमान में करीब 10 से 12 डिग्री की गिरावट हुई। जिससे आमजन के साथ-साथ जन जीवन को बड़ी राहत मिली। वहीं बारिश से पहले तीव्र गति से धूल भरी हवाएं चली। जिससे ग्रामीण इलाकों में सैंकड़ों पेड़ धराशाई हो गए तथा विद्युत ट्रांसफार्मर जमींदोज होने के साथ-साथ विद्युत पोल भी टूटकर गिर गए।

# उपभोक्ता ने राशन डीलर से मारपीट कर लहुलूहान किया

**अजमेर, (कासं)।** रसद विभाग व राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को बार-बार अपने शेष कोटे का गेंहू देने की मांग करने वाले अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 36 विज्ञान नगर के राशन डीलर सतीश चन्द आसोपिया पोस मशीन नंबर 21820 को विभाग की लापरवाही का नतीजा भुगतना पड़ा। उपभोक्ता द्वारा राशन डीलर से गेंहू की मांग को लेकर हुई तकरार खून संघर्ष

- राशन डीलर द्वारा पूर्व में विभाग को शेष कोटे का गेंहू देने की थी मांग

में बदल गई। उपभोक्ता ने राशन डीलर के सिर पर पत्थर दे मारा। राशन डीलर ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने राशन डीलर आसोपिया का मेडिकल भी करावाया है। जानकारी के अनुसार राशन डीलर ने विगत दिनों विभाग को पत्र लिखकर शेष कोटे का गेहूं देने की मांग करते हुए घटना घटित होने की आशंका जताई थी।

अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 36 विज्ञान नगर के राशन डीलर सतीश चन्द आसोपिया पोस मशीन नंबर 21820 ने बताया कि रसद विभाग व राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक



आपूर्ति निगम लिमिटेड अजमेर को बार-बार जानकारी देते हुए भी विभागों ने कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसका नतीजा 22 मई को उपभोक्ताओं से तकरार की स्थिति बन गई। आसोपिया ने बताया कि तकरार की मुख्य वजह (पीएमजी) कोटे वाला राशन का गेहूं है, क्योंकि उन्हें मांग के अनुरूप पूरा कोटा नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें उपभोक्ताओं को वितरण करने वाला गेंहू 90 क्विंटल का कोटा होने पर भी मात्र 32 क्विंटल ही दिया गया, जबकि शेष 58 क्विंटल आज दिन तक नहीं मिलने से राशन डीलर सभी उपभोक्ताओं को उन्हें गेहूं कैसे उपलब्ध करा सकता है, जबकि उपभोक्ताओं में राशन डीलर के खिलाफ रोष है। विगत दिनों भी विभाग को पत्र लिखकर शेष कोटे का गेंहू देने और उपभोक्ताओं से हुई तरार को लेकर आशंका जताई थी। आसोपियो ने बताया कि उनकी आशंका सही साबित हुई, 23 मई को गेंहू सप्लाई नहीं करने की बात को लेकर एक उपभोक्ता ने राशन डीलर के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शराब के नशे में आकर धक्का मुक्की करते हुए उनके सिर पर पत्थर दे मारा जिससे सिर से खून बहने लगा और कपड़े भी खून सन गए। उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिक ने बीच बचाव करते हुए हॉस्पिटल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने राशन डीलर की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जेएलएन अस्पताल से मेडिकल करवाया गया।

आसोपिया ने कहा कि वे राशन वितरण का काम लगभग 33 वर्षों से करते आ रहे हैं, लेकिन विभाग की लापरवाही का नतीजा रहा कि उन्हें उपभोक्ताओं द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया, यदि विभाग समय पर कोटे के अनुरूप गेहूं उपलब्ध करा देता तो शायद आज उनके साथ यह घटना घटित नहीं होती। विभाग की लापरवाही का खामियाजा राशन डीलर को भुगतना पड़ा रहा है। आसोपिया ने बताया कि गेहूं का बिल माह अप्रेल में ही बना दिया गया जिसे 24 घंटो में ही सप्लाई करना था जिसका आज तक पूरा गेहूं उन्हें नहीं दिया गया। गेहूं सप्लायर ठेकेदार फर्म भास्कर इंडस्ट्रीज के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# फाइनेंसकर्मी की संदिग्ध अवस्था में मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक फाइनेंस कर्मचारी की संदिग्ध मौत के मामले में आक्रोशित परिजनों ने एमजी मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। पत्नी का कहना है कि मरने से पहले पति ने फोन कर उसे कहा था मुझे बचा लो, मेरे दोस्त मुझे पीट रहे हैं।

थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के गांगाजी का खेड़ा निवासी सीताराम सालवी अभी भीलवाड़ा में रहकर टाटा फायनेंस में काम करता था। उसे जख्मी हालत में एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान सीताराम ने दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर बड़ी संख्या में समाज के लोग एमजी अस्पताल की मोर्चरी में जमा हो गये। सूचना पर प्रताप नगर थाना प्रभारी भी जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे। जहां मृतक के भाई कैलाशचंद्र सालवी ने रिपोर्ट पुलिस को दी कि उसका भाई सीताराम भीलवाड़ा में रहकर टाटा फायनेंस में काम करता था। सोमवार सुबह घर से निकला। वह फायनेंस की वसूली के लिए गया। सुबह से अंकेश उसके साथ ही था। शाम 7 बजे के लगभग सीताराम ने उसकी पत्नी मंजा को फोन कर बताया कि मुझे मार रहे हैं मुझे बचा ले। मैं पांसल चौराहा के पास हनुमानजी मंदिर के निकट वाटर वॉक्स के सामने हूं। परिवादी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि अंकेश व उसके दोस्तों ने मार-पीट कर सीताराम की हत्या कर दी। पुलिस ने कैलाश सालवी की रिपोर्ट पर अंकेश व उसके दोस्तों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि सुबह ही पुलिस पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी पहुंच गई, लेकिन अभी तक पोस्टमार्टम नहीं हो सका। मोर्चरी में मौजूद मृतक पक्ष के लोग सरकारी आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी समझाइश का प्रयास कर रहे हैं। देर रात तक गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया

**उदयपुर, (कासं)।** अपहरण कर बंधक बना महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले व साथियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी नारायणनाथ पुत्र शंकरनाथ व साथी योगेश सुखवाल, भेरूनाथ के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपी नारायण से परिचय था। गत दिनों मां से मिलने के लिए गई थी। इस दौरान 23 मार्च 2022 को आरोपी कार में डाल कर मुझे कोर्ट ले गए जहां पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा चित्तौड़गढ़ ले गए। जहां डेढ माह तक मुझे बंधक बना आरोपी नारायण ने अश्लिाल फोटों व वीड़ियो होने की धमकी देते हुए मेरे साथ दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद बस में बिठा कर अहमदाबाद रणछोड़नगर ले गया। जहां मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मोबाईल पर किसी को मुझे बेचने का सौदा करने की बात कर रहा था। 20 मई को मौका मिलने पर बस में बैठ कर घर लौट कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। जिसकी जांच प्रतापगर थानाधिकारी दर्शनसिंह कर रहे है।

# चना खरीद में अनियमितताओं को लेकर भीलवाड़ा के किसानों में रोष, जाम लगाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा के किसानों ने ट्रेक्टर ट्रॉली के साथ चक्का जाम प्रदर्शन करते हुए सरकार की ओर से समर्थन मूल्य पर की जा रही चना खरीद को लेकर रोष व्याप्त किया है। साथ ही किसानों ने अधिकारियों पर पैसा मांगने और नहीं देने पर माल

- किसानों ने अधिकारियों पर पैसा मांगने और नहीं देने पर माल रिजेक्ट करने का आरोप लगाया

रिजेक्ट करने का आरोप लगाते हुए पुराना बस स्टैंड स्थित राज्य भंडारगृह के बाहर जाम लगा दिया।

सहाडा से रालोपा प्रत्याशी बद्रीलाल जाट ने कहा कि सरकार की ओर से चने की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है लेकिन यहां के अधिकारी अपने मिलने वालों का माल पास कर रहे हैं। पैसों की डिमांड की जाती है और जो किसान पैसा नहीं दे पाते उनका माल खराब बताकर रिटर्न कर रहे हैं। समिति में तुलाई के बाद जब किसान माल लेकर भंडारगृह आते हैं तो माल बेकार क्वालिटी का बता दिया जाता है। इससे किसानों में रोष है। जाट ने कहा कि अधिकारियों की मंशा है कि किसानों का माल कम से कम खरीदें ताकि किसान कौडियों के दाम पर फसल बेचने को मजबूर हो जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी गाड़ी में खराब माल भी आ जाता है तो वह व्यापारियों का होता है, किसानों का नहीं। जाट ने कहा कि जब तक जिला कलेक्टर या उनका प्रतिनिधि यहां नहीं आता और काम व्यवस्थित रूप से शुरू नहीं किया जाता तब तक वे जाम नहीं हटाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्हें जयपुर भी जाना पड़ा तो वे जाएंगे।



भीलवाड़ा के किसानों ने ट्रेक्टर ट्रॉली के साथ चक्का जाम लगा प्रदर्शन कर रोष जताया।

इस संबंध में भंडार गृह की वरिष्ठ भंडार प्रबंधक मंजरी परमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार माल को दो कैटेगिरी में रखा है। चने की क्वालिटी चेक जयपुर से आए सर्वेयर द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार सर्वेयर भी समिति या ट्रक ड्राइवर के साथ मिल जाता है और बेकार क्वालिटी का माल भी सही बता देता है लेकिन हमने इसके लिए अपना स्टाफ नियुक्त कर रखा है। अभी चने की समर्थन मूल्य पर रेट 5553 रुपए दी जा रही है। किसानों को 5300 रुपए दिए जा रहे हैं तो इसमें गलती समिति की है। हम खराब माल को भी ले रहे हैं किसानों को मना नहीं कर रहे हैं। हम खराब क्वालिटी का माल अलग रखवा रहे हैं और इसे समिति के नाम से जमा कर रहे हैं। चने की समर्थन मूल्य पर खरीद में कोई गडबड नहीं है। यह कुछ असामाजिक तत्वों का किया धरा है।

उन्होंने कहा कि मैंने खुद ने देखा है कि असामाजिक तत्व व्यापारियों के साथ मिलकर खराब क्वालिटी का माल लाकर किसानों के नाम से जमा करा देते थे। अगर समिति 3000 रुपए में चना लेकर उसे 5300 रुपए बता रही है तो यह गलत है। जाम की सूचना मिलने पर एसडीएम ओमप्रभा मौके पर पहुंची और किसानों से समझाइश कर उन्हें शांत कराया और अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार के निर्देशों की पूरी तरह पालना की जाए।

# प्रदीप हत्याकांड के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**खेतड़ी, (निसं)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश खेतड़ी ने अपने एक महत्वपूण फैसले में उपखंड के गौरीर में हुए प्रदीप हत्याकांड के तीन आरोपियों को आर्थिक दंड देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार खेतड़ी थाने में 9 मार्च 2018 को गौरीर निवासी जगदीपसिंह ने रिपोर्ट दी कि उसका बड़ा भाई प्रदीप 7 मार्च 2018 को सायंकाल घर से खेलने के लिए कह कर गया था।

- 50-50 हजार रुपयों के अर्थदंड से दंडित किया

देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खेतड़ी थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। 9 मार्च को जंगल में तलाश कर रहे थे तो ओमप्रकाश शर्मा के कुएं के पास खून के निशान पड़े मिले। कुएं में देखा तो कुएं में प्रदीप का शव पड़ा था। जिसे किसी ने उसके भाई की हत्या कर शव कुएं में डाल दिया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज का अनुसंधान कर इस मामले में गौरीर निवासी संदीप उर्फ मिरचिया उर्फ गजनी, सुदेश उर्फ गीगो, कर्मवीर उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

इस मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुन अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश खेतड़ी श्वेता शर्मा ने आरोपियों गौरीर निवासी संदीप उर्फ मिरचिया उर्फ गजनी, सुदेश उर्फ गीगो व कर्मवीर उर्फ मुन्ना को प्रदीप की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा व 50-50 हजार रुपयों के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा धारा 201 के दोषी मानते हुए चार वर्ष का कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपयों के अर्थदंड से दंडित किया गया। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक उदयभानसिंह व परिवादी जगदीप सिंह की ओर से गोपीचंद गुर्जर ने पैरवी की।

# पुलिस की मदद नहीं मिलने पर अतिक्रमण हटाने गया दस्ता बैरंग लौटा

**मण्डरायल, (निसं)।** नींदर पटवार हल्का के राजस्व गांव फिरोजपुर में चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को जेसीबी लेकर पहुंचे तहसील प्रशासन की टीम को पुलिस जाब्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण बैरंग लौटना पड़ा जिससे अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही नहीं हो सकी।

तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि नींदर हल्का के राजस्व गांव फिरोजपुर में चारागाह भूमि में अतिक्रमण किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। उन्होंने बताया कि 32 लोगों के कच्चे,पक्के अतिक्रमणों को हटाने मंगलवार को तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, गिरदावर मुकेश शर्मा, प्रेम सिंह मीणा, नींदर हल्का पटवारी मनोज मीणा, हरकेश मीणा, जितेंद्र शर्मा, जयप्रकाश जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे लेकिन पुलिस जाब्ता उपलब्ध नहीं मिलने पर उन्हें वापस बैरंग लौटना पड़ा। ज्ञात रहे कि गत दिन करौली आए बीसुका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान को फिरोजपुर गांव के लोगों सोहनलाल, रामबाबू शर्मा, कुट्टू सहित कई अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन पेश कर राजस्व गांव फिरोजपुर पटवार हल्का नींदर के चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी।

## विधवा महिला से दबंगों ने मारपीट की

**मांडलगढ़, (निसं)।** बिजौलियां थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक विधवा महिला के घर में घुस कर मारपीट की। अचानक हुए हमले में महिला घायल हो गई।

दबंगों की धमकी के बाद महिला गांव छोड़कर अन्य रिश्तेदार के यहां उपचार करा रही हैं। पीड़िता की थाने में शिकायत तक दर्ज नहीं की गई। मांडलगढ डीएसपी ने बिजौलियां थानाधिकारी को पीडिता की रिपोर्ट पर मेडिकल कराकर मामला दर्ज करने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# चूरू गोपाल गौशाला में आए अंधड़ से 15 लाख के नुकसान का अंदेशा

**चूरू, (कासं)।** अंचल में गत शाम करीब पौने आठ बजे यहां अचानक बादलों की आवाजाही शुरु हो गयी और तेज आंधी चलने लगी। धूलभरी आंधी के साथ तेज बारिश की बोछारें गिरने लगी। तेज अंधड़ शुरु होने के साथ ही पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई जो कि देर रात करीब दो बजे बाद बहाल हो पायी। रात के समय में चलने वाली औद्योगिक इकाईयों का कामकाज भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ। तेज आंधी व तूफान के कारण अनेक स्थानों पर टीन शेड उड़कर दूर जा गिरे। वहीं अनेक स्थानों पर बड़े पेड़ भी धराशाही हो गये। गत शाम 75 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से आये तूफान से गौशाला में बिजली के करीब 600 पोल टूट गए है। आथुणा मोहल्ला वार्ड नंबर 5 में 11000 केवी लाइन के पोल में करंट आने से एक गाय व एक सांड की मौत होगी। शहर के धर्म स्तूप, एसबीआई बैंक के पास कई पेड़ उखड़ गए। रमाकांत शर्मा ने बताया कि चूरू में तूफान का सबसे ज्यादा नुकसान बुंटियां रोड़ स्थित श्री गोपाल गो सेवा समिति में हुआ जहां लाखों रुपए से बने टीन शेड उखड़ गए और पक्की दीवारें गिर गई।



चूरू जिले में बूंटिया रोड़ स्थित गोपाल गौशाला के टीन शेड उखड़ गये व पक्की दीवार गिर गई।

बिजली विभाग के एसई एमएम सिंघवी ने बताया कि रात करीब 8 बजे आए तूफान से 600 से ज्यादा बिजली के पोल टूट गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा पोल सरदारशहर, भादासर, भानीपुरा हिस्से में है। इसके अलावा सुजानगढ, तेहनदेसर व सालासर में करीब 50 पोल, राजलदेसर में 50 पोल, रतनगढ़ गोगासर में 50 पोल टूटने की सूचना मिली है। इसके अलावा चूरू में 20 से 25 पोल टूट गए हैं। विभाग की टीम लगातार टूटे पोल को बदल रही है। विभाग ने बिजली आपूर्ति बंद करवाई गई है अलग-अलग स्थानों पर टीम भेजकर सप्लाई सुचारू करवाई जा रही है।

**चिड़ावा संवाददाता के अनुसार :** चिड़ावा शहर व आसपास के इलाकों में गत रात्रि में भारी बारिश हुई। वहीं तेज अंधड़ से कई पेड़ उखड़ गए और बिजली के पोल उखड़ गए। शहर में अरड़ावतिया कॉलोनी में एक पुराना बड़ का पेड़ उखड़कर बिजली के तारों को लपेटे में लेते हुए बीच रास्ते में जा गिरा, जिससे यातायात अवरुद्ध हो गया है।

**बिसाऊ संवाददाता के अनुसार :** बिसाऊ में सोमवार की रात्रि को करीब आठ बजे के आसपास तेज आंधी, बरसात एवं ओलों की गड़गड़ाहट के साथ आये तूफान से काफी नुकसान हुआ। काफी संख्या में पेड़ टूट गये, बिजली के पोल एवं पशु पक्षियों की मौत हो गई, कई घरों की दीवारें भी टूटी जिससे करीब 15 घंटे तक बिजली बाधित रही। मंगलवार को करीब 3 घंटे के आसपास बिजली बिजली गायब रही जिससे 24 घंटे बीतने के बाद भी पीने का पानी लोगों के घरों में नहीं आया।

# तीन साल के कार्यकाल में गहलोत सरकार पूरी तरह फेल : सतीश पूनिया

**डूंगरपुर, (निसं)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया बांसवाड़ा जाते समय डूंगरपुर रुके जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूनिया पूर्व मंत्री जीतमल खांट की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में पूनिया ने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में राज्य की गहलोत सरकार पूरी तरह फैल साबित हुई है। इसके खिलाप भाजपा पूरे प्रदेश में जन आक्रोश आंदोलन चलाकर प्रदेश के लोगों को जागरूक करेगी।

राज्यसभा चुनाव को लेकर पूनिया ने कहा कि राजस्थान में 3 सीटें हैं, जिसमें से 2 कांग्रेस और 1 भाजपा के खाते में आती हुई नजर आ रही है। टिकिट को लेकर उन्होंने आने वाले वक्त में राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए टिकिट मिलने की बात कही। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा के इस्तीफे को लेकर पूनियां ने कहा कि कांग्रेस अब एक ऐसा डूबता जहाज है जिसे वैचारिक नीतियों, सैद्धांतिक आधार पर देश की जनता ने नकार दिया है। पूनिया ने कहा कि कांग्रेस में वंशवाद और परिवारवाद है वो उसके विकास में बड़ा बाधक है, लेकिन यह उनकी मजबूरी, जरूरत और समस्या तीनों है। इससे जब तक वे बाहर नहीं आएंगे तब तक संभावना कम है। कांग्रेस में इसी तरह से मोहभंग हो रहा है। आज लोग अपनी जमीन, अपनी माटी और देश की बात कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ना तो अपने नेताओ, ना कार्यकर्ताओं ओर ना ही जनता को संतुष्ट कर पाई है। इसलिए कांग्रेस में कभी त्याग पत्र, कभी बयान और कभी धरने के रूप में घटनाएं हो रही हैं। विधायक गणेश घोघरा का इस्तीफा भी इसी का हिस्सा है। एक तरफ कई विधायक टूट रहे हैं तो दूसरी तरफ कइयों की अनदेखी हो रही है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया का एक दिवसीय दौरा स्वर्गीय जीतमल खांट पूर्व राज्यमंत्री राजस्थान सरकार की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने हेतु रहा। जिसके तहत 12 बजे डॉ. सतीश पूनिया का काफिला डूंगरपुर तहसील चौराहे पहुंचा तहसील चौराहे पर भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप जैन द्वारा उर्पणा ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इसीक्रम में नगर महामंत्री नयन सुथार अनुराग कटारा एवं पुष्कर चौबीसा द्वारा भी उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के उपस्थित कार्यकर्ता द्वारा उपरणा ओढाकर भव्य स्वागत किया गया। इसी के साथ महिला मोर्चा द्वारा गुलाब की पंखुडियों से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई। वही दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया अपने एक दिवसीय निजी दौर पर रतनपुर पहुंचे इसी क्रम में प्रदेशाध्यक्ष सुबह बिछीवाडा पहुंचे जहां बिछीवाडा ब्लॉक कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने गाजे बाजे के साथ फूलमाला पहनाकर एवं पगडी बांधकर स्वागत किया। पूनिया जिले का दौरा करते हुए डूंगरपुर से हिराता, ओबरी, चितरी होते हुए गलियाकोट पहुँचे। जहां सागवाडा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक अनिता कटारा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूनिया का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक अनिता कटारा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया को कमल का फूल भेंट कर स्वागत किया। वहीं प्रदेशाध्यक्ष पुनिया का गलियाकोट चौकी के पास पूर्व विधायक कटारा और कार्यकर्ताओं ने साफा शाल व मोतियों की माला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान पुनिया के साथ प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या का भी कटारा व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के डूंगरपुर पहुंचने पर तहसील चौराहे पर भाजपा नगर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा, ''कांग्रेस एक ऐसा डूबता जहाज जिसे जनता ने नकारा''
- प्रदेशाध्यक्ष पूनिया पूर्व मंत्री जीतमल खांट की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बांसवाड़ा जा रहे थे
- रतनपुर बोर्डर से सागवाड़ा तक प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का भव्य स्वागत

## संक्षिप्त

### विद्युत कटौती बंद करने की मांग

**रींगस।** क्षेत्र में हो रही अघोषित विद्युत कटौती से हर कोई परेशान हो रहा है। विद्युत कटौती की वजह से शहर की पेयजल आपूर्ति पटरी से उतर गई है। विद्युत कटौती बन्द करने की मांग को लेकर पार्षदों ने विद्युत निगम को ज्ञापन दिया है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया की जयपुर जिले में पिछले कुछ दिनों से विद्युत कटौती बन्द है। लेकिन रींगस शहर में यह लगातार जारी है। ऐसे में विद्युत कटौती बन्द की जाये ताकि आमजनता को पेयजल आपूर्ति सही हो पाये। इस दौरान पार्षदों के साथ अनेक लोग भी शामिल थे।

### तेज अंधड़ से कई पेड़ हुए धराशाई

**चाकसू।** यहां रविवार रात 10 बजे बाद अचानक मौसम में बदल गया और ठंडी हवाएं चलने लगी भीषण गर्मी से परेशान लोगों को देर रात बारिश एवं तेज हवा चलने से कुछ हद तक राहत मिली वहीं क्षेत्र के कस्बे सहित ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया इलाके में अंधड से कई स्थानों पर कच्चे छप्पर वह टीनशेड उड गए। वहीं कई स्थानों पर धराशाई हो गए तो कहीं बिजली की लाइनें टूट गई। जिससे सोमवार रात व मंगलवार सुबह तक कई इलाकों की बिजली की सप्लाई सुचारू नहीं हो पाई अंधड से चारों और अंधेरा छा गया।

### फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** विशेष अभियान के दौरान दत्तवास पुलिस ने तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कप्तान सिंह ने बताया कि मंगलवार को पुलिस टीम ने अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के मामले में एक वर्ष से फरार वांछित आरोपी प्यारसिंह गुर्जर निवासी कांटोली तथा धर्मराज गुर्जर निवासी कांटोली को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के मामले में 6 माह से फरार वांछित आरोपी ओमप्रकाश मीणा निवासी पुराना चूंगी नाका आगरा रोड पालडी कानोता को गिरफ्तार किया गया है।

### करंट लगने से मोर घायल

**निवाई।** रिको इंडस्ट्रीज एरिया झिलाय रोड पर वार्ड नंबर 31 में विद्युत पोल पर करंट लगने से मोर घायल हो गया। नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारी रामेश्वर सैनी ने पशु चिकित्सक डॉ. शिवराज शर्मा व वन विभाग के रेंजर हरेंद्र सिंह को घायल मोर की सूचना दी। पशु चिकित्सक शिवराज शर्मा ने मोर का घटनास्थल पर पहुंचकर उपचार किया। इसके बाद मोर को वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया।

### सांभर पालिका ने 22 पट्टे जारी किये

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर पालिका प्रशासन की ओर से स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार पट्टे तैयार कर लोगों को मंगलवार को वितरित किये गये। ईओ मनीषा यादव ने बताया कि शीघ्रताशिघ्र शेष पत्रावलियों का निस्तारण कर पट्टों का वितरण किये जाने के लिये करीब पचास से अधिक पट्टे तैयार कर लिये गये है। इसी क्रम में मंगलवार को 22 लोगों को पट्टे जारी किये गये। इस मौके पर सहायक अभियन्ता रवि कुमार कुमावत आदि मौजूद रहे।

# चाकसू में यूको बैंक के सामने गंदगी से भरी नालियों से आमजन परेशान

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू नगरपालिका कार्यालय के सामने अस्पताल एवं तहसील कार्यालय तक आने जाने के लिए व्यस्ततम सड़क पर यूको बैंक चाकसू एवं युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी कार्यालय के बाहर की तरफ बनाई गई नालियां ठीक से सफाई नहीं होने के कारण कचरे एवं गंदगी से भरी रहती है।

नालियों के अंदर भरी गंदगी एवं कीचड़ से उड़ने वाली बदबू के कारण आसपास के दुकानदार एवं आने जाने वाले परेशान हैं। पानी एवं गंदगी का निकास सही नहीं होने के कारण बीमारी एवं प्रदूषण का डर बना रहता है। नगरपालिका पार्षद, मुस्लिम महिला होने के बावजूद इस समस्या का स्वयं अवलोकन करते हुए नगरपालिका से बार बार आग्रह कर चुकी है कि नाले पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण हटाकर जेसीबी से नाले की अंतिम सिरे ( टेल एण्ड) तक सफाई करवाई जाए। संभावनाएं यह है कि नाले में सड़क के पास घुमाव पर बड़े पत्थर भरे होने से पानी का निकास ( फ्लो) बाधित हो रहा हो। एक दो बार नगरपालिका अध्यक्ष ने जेसीबी भिजवाई लेकिन घुमाव पर बनी नाली से अतिक्रमण नहीं हटवा सकने के कारण नाली पूरी तरह साफ नहीं हो सकी।



चाकसू में यूको बैंक के सामने गंदगी से भरी नालियां।

समाजसेवी शफीक भाई ने नगरपालिका प्रशासन से अनेकों बार आग्रह किया है कि स्वयं अधिकारी मौके पर उपस्थित हो कर अतिक्रमण साफ करवाने में मददगार बने जिससे नाले की सफाई एवं पानी के निरंतर बहाव में आ रही बाधा हमेशा के लिए दूर हो सके। आस-पास के दुकानदारों भंवरलाल, राजू सैनी, महेन्द्र शर्मा,आशीष शर्मा , पवन कुमार गोस्वामी आदि ने नगरपालिका से पुनः आग्रह किया है कि पानी भरा रहने से दुकानों की नींव भी क्षतिग्रस्त हो सकती है, दीवारों में हमेशा सीलन बनी रहती है, गंदगी से बीमारी एवं प्रदूषण का खतरा बना रहता है। इसलिए सक्षम अधिकारी उपस्थित होकर इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले।

## निशुल्क जल सेवा जारी

**फुलेरा, (निसं)।** दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा एवं आमजन के सहयोग जल सेवा का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार रही जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, आरपीएफ के विक्रम सिंह चौधरी, फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड एवं जीआरपी थानाधिकारी भंवर राम गोटन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अशोक जी वासदेव द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा भगवान गणेश जी एवं मां शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी के साथ स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को निशुल्क जल सेवा प्रारंभ की गई। इस दौरान पानी पिलाने के साथ में यात्रियों की बोतल व केन आदि भरकर उन्हें इस भीषण गर्मी में होने वाली पानी की समस्या से निजात दिलवाया जा रहा है। इसी के साथ स्काउट गाइड्स एवं समाजसेवी सहित अन्य लोग अपनी सेवाएं प्रधान कर रहे है। इस अवसर पर डीआरयूसीसी मेंबर भारत शर्मा, महामंत्री इकरामुद्दीन कुरेशी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, ललित जैन, शिक्षाविद् शक्ति सिंह, दुर्गा सिंह नरूका, गौरीशंकर शर्मा, खेमाराम चौधरी, सुनील भारद्वाज, ताराचंद कुमावत, महेन्द्र सैनी, लालचंद कुमावत, लवीना जांगिड़, कुंजबिहारी शर्मा, ललित सोनी, योगेश कुमावत, प्रमोद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हत्या की वारदात का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

- ग्राम कल्याणपुरा कलां में विगत 19 मई को आपसी रंजिश को लेकर हुई थी प्रकाश गुर्जर की हत्या
- अमुख्य आरोपी बलराम उर्फ थानेदार गुर्जर को सरूण्ड थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विगत 19 मई को ग्राम कल्याणपुरा कलां में आपसी रंजिश को लेकर हुई एक युवक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

गौरतलब है कि विगत 19 मई को ग्राम कल्याणपुरा स्थित ठाकुर जी के मंदिर के पास एक लीज को लेकर चल रही आपसी पुरानी रंजिश में ग्रामीण युवक प्रकाश चंद गुर्जर के साथ गंभीर मारपीट की गई थी। जिसकी उपचार के दौरान विगत 21 मई को जयपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने एएसपी कोटपूतली विधा प्रकाश, डीएसपी डॉ. संध्या यादव को घटनाक्रम का शीघ्र खुलासा करने व आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। इस पर सरूण्ड एसएचओ इन्द्राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देते हुए मुखबीर की सूचना पर हत्या के मुख्य आरोपी बलराम उर्फ थानेदार पुत्र बहादुर सिंह गुर्जर निवासी ग्राम कल्याणपुरा कलां, सरूण्ड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पुछताछ में आरोपी ने बताया कि वारदात पूरानी रंजिश को लेकर की गई थी। पुलिस मामले के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## चिंतन शिविर में जो भी निष्कर्ष निकला उस पर कार्य किया जाएगा: पायलट

**टोंक, (निसं)।** मोलाईपुरा स्थित श्रीमीनेश्वर भगवान मंदिर के मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शिरकत की। समारोह में मुख्य अतिथि बतौर सम्बोधित करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि शिक्षा और एकता ही विकास का आधार है। पायलट ने मीणा समाज के छात्रावास के लिए विधायक मद से 4 कक्ष बनवाने की घोषणा की। साथ ही गांव के स्कूल और अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

समारोह के दौरान आयोजित पद दंगल को भी पायलट ने देखा। पायलट ने कहा कि कलाकारों ने दंगल के माध्यम से जो संदेश दिया है उसे जीवन में उतारना है। इससे पहले उन्होंने मीडिया से वार्ता में कहा कि कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। इसके तहत एक व दो जून को राज्य स्तरीय आयोजन होगा। चिंतन शिविर में जो भी निष्कर्ष निकला उस पर कार्य किया जाएगा। सआदत अस्पताल में सुविधाएं बढाई गई हैं।



मोलाईपुरा स्थित श्रीमीनेश्वर भगवान मंदिर के मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शिरकत की।

समारोह में देवली-उनियारा विधायक हरीश मीणा ने कहा कि गरीब और पिछडे की कोई जाति नहीं है सभी को मिलकर आगे बढ़ना होगा। समारोह को निवाई के पूर्व विधायक कमल बैरवा ने भी सम्बोधित किया। समारोह में नगर परिषद सभापति अली अहमद, मदरसा बोर्ड के सदस्य सऊद सईदी, सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, कांग्रेस जिला प्रभारी महेन्द्रसिंह, रामलाल गुर्जर संडीला, सुनील बंसल, दिनेश चौरासिया, हंसराज गाता, फौजूराम मीणा, मणिन्द्र लोदी आदि मौजूद थे।

## बीमार गायों की चिकित्सा सुविधा के लिए भामाशाहों ने मशीन भेंट की

- जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया सम्मान

**पावटा, (निसं)।** श्री कृष्ण गौशाला दांतिल में पावटा निवासी भामाशाह बलदेव गोयल, राहुल गोयल, मनोज कुमार जांगिड द्वारा बीमार गौवंश की चिकित्सा सुविधा में सहायता के लिए रविवार को लोहे की मशीन भेंट की गई। भामाशाह बलदेव गोयल, मनोज कुमार जांगिड ने बताया कि श्री कृष्ण गौशाला दाँतिल मे बीमार गौ वंश की चिकित्सा मे सहयोग के लिए हर बार 8-10 लोगों को बुलाना पड़ता था व हमेशा परेशानी का सामना करना पड़ता था।

इस समस्या के समाधान के लिए भामाशाहों से इस मशीन की आवश्यकता बताते हुए गौ भक्तो द्वारा अपील की गई थी। जिस पर भामाशाहो द्वारा यह मशीन की गई है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच गोधराज शर्मा, उपाध्यक्ष खैराती लाल सैनी, सचिव जय सिंह दरबार, कोषाध्यक्ष महेश चंद साँख ला, व्यवस्थापक पूरणमल गुप्ता, सरपंच दाँ तिल किरण देवी, उपसरपंच दाँतिल ओम प्रकाश सैनी, करण सिंह तंवर, हनुमान सिंह शेखावत, गोपाल सैनी, सरपंच प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच महेश चंद व पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद मीणा ने भामाशाहों एवं प्रेरणा देने वाले राधेश्याम नितेश अग्रवाल दाँतिल, ओमप्रकाश शर्मा का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। गौशाला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच गोधराज शर्मा ने बताया कि इस लोहे की मशीन के गौशाला में आने पर बीमार गौ वंश की पशु चिकित्सक द्वारा उपचार करने के दौरान जमीन से ऊपर उठाने के लिए जहां पहले 8-10 लोगों की जरूरत पडती थी। अब मात्र एक आदमी के द्वारा ही मशीन की सहायता से गौ वंश को जमीन से ऊपर उठा कर उपचार करवाया जा सकेगा। इस पर उन्होंने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

## अंधड़ से 30 पोल टूटे, 3 डीपी हुई क्षतिग्रस्त

**पावटा, (निसं)।** सोमवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। पहले अंधड चला और बरसात के साथ ठंडी हवा चली। अंधड से उपखंड पावटा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में टीनशैड, छप्पर, होर्डिंग्स और ट्रांसफार्मर व खंभे धराशायी हो गए।

सुबह व रात को आए अंधड ने नुकसान पहुंचाया। अंधड से पेड उखड गए, टीनशैड उड गए, बिजली के खंभे व ट्रांसफार्मर, हॉर्डिंग गिर गए। तेज हवा के बाद बारिश होने से पिछले कुछ दिनों से पड रही गर्मी से राहत मिली तथा मौसम सुहाना हो गया।

सुहाने मौसम का लोगों ने अपने घरों की छत पर लुत्फ उठाया। करीब आधे घंटे तक बरसात हुई। जगह-जगह खंभे गिर जाने से बिजली कटौती रही। विद्युत विभाग को सोमवार की रात आई आंधी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

तेज आंधी से करीब दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति शुरू करने के लिए विभाग के कर्मचारी अधिकारी कार्य में जुट गए। विधुत विभाग के कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र यादव ने बताया कि पावटा सहित आस-पास के गांव में तेज आंधी के कारण 30 बिजली के खंभे टूट गए। इसके अलावा 3 घरेलू एवं कृषि ट्रांसफार्मर के खंबे टूटने के कारण जमीन पर गिर गए।

## रात में आये अंधड़ से काफी नुकसान


**टोंक।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार देर रात्रि जोरदार अंधड़ तूफान आया और रात को अचानक मौसम बदलने से आमजीवन अस्त व्यस्त हो गया, रात्रि में आए अंधड से काफी नुकसान भी हुआ और उसके बाद अंधड़ के साथ बारिश भी हुई। अंधड से धूल ही धूल हो गई और रात को घरों में सोएं लोग जाग उठे और घरों की छतों पर सामान को संभाल कर रखा।

जिला मुख्यालय पर रात्रि 11 बजे बाद अचानक जोरदारों हवाओं के साथ अंधड़ आना शुरु हो गया और तूफान की भांति आए अंधड के कारण कई जगह पेड टूट कर गिर गए और शहर की बिजली व्यवस्था भी बंद हो गई। अंधड का दौर करीब एक घंटे तक चलता रहा और उसके बाद बारिश का दौर शुरु हो गया, जिससे तेज गर्मी से आमजन को राहत मिली, लेकिन अंधड के कारण धूल ही धूल हो गई और लोगों ने सुबह उठकर दुकानों व घरो की साफ सफाई की और मंगलवार को मौसम बदला हुआ नजर आया।

# पाइप लाइन बिछाने के लिए खोद दी पक्की सड़क

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के अंतर्गत वार्ड नंबर 11 स्थित शर्मा कॉलोनी 2 साल से नलों में पानी आने का इंतजार कर रही है। लेकिन अभी तक उनकी इस समस्या का समाधान तो हुआ नहीं बल्कि जलदाय विभाग ने इस कॉलोनी में बनी सड़क को पाइप लाइन बिछाने के नाम पर खोद दिया। जिससे लोगों का पैदल गुजरना भी मुश्किल है। नगरपालिका क्षेत्र में हर गली-मोहल्लों में ऐसी कई सड़क मिलेंगी, जो पक्की होने के बावजूद कीचड से सनी हुई है। पावटा जलदाय विभाग द्वारा शर्मा कॉलोनी की पक्की सडक को पाइप लाइन बिछाने के नाम पर खोदकर अस्त-व्यस्त कर दिया गया है।

इस स्थिति में लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। या यह कह सकते है कि जलदाय विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है व पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को भूल गए। कई दिनों से ना तो पाइप



नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के वार्ड 11 स्थित शर्मा कॉलोनी में जलदाय विभाग ने इस कॉलोनी में बनी सड़क को पाइप लाइन बिछाने के नाम पर खोद दिया।

लाइन डाली जा रही है और ना ही सडक को सही किया जा रहा है। वही खोदे गई सडक को मरमत करने का भी प्रावधान है, लेकिन पाइप लाइन बिछने व पानी आपूर्ति का टेस्ट होने के बाद ही खोदी गई सडक की मरमत की जाएगी। ऐसे में यहां प्रश्न उठता है कि तब तक क्या यह सडकें ऐसे ही अस्त-व्यस्त रहेंगी।

## सर्विस रोड व कॉलोनियों में गंदा पानी भरा

**पावटा, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित पावटा के दोनों सर्विस रोडो को जोड़ने वाले मार्ग पर गंदा पानी भरा होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। पावटा में हाइवे के सर्विस रोड के निर्माण के दौरान बने नाले कई स्थानों पर जाम हो चुके हैं। इससे कारण जगह-जगह सर्विस रोड पर के बरसात में तालाब जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। दोनों सर्विस रोडों पर गंदा पानी बह रहा है। इसके वहां की रोड तालाब हो गई है। इसके चलते लोगों को गंदे पानी में से होकर आवागमन करना पड रहा है। जबकि नगरपालिका के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी बेखबर बने हुए हैं। अगर यहीं हाल रहा तो गंदा पानी बाजारों, दुकानों में प्रवेश करने लगेंगा। निवासियों का कहना है कि तत्काल जाम पड़े नालों की सफाई कराई जाए ताकि लोगों को परेशानियों से मुक्ति मिल सके। वहीं नगरपालिका ईओ हरि नारायण यादव ने कहा कि जाम पडे नालों की सफाई जल्द कराई जाएगी। वही नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नबर 20 में सब्जी मंडी में रात को आधे घंटे हुई बारिश के दौरान आम रास्ते में पानी भर गया। जिससे वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पडा।

## सार-समाचार

### किरोड़ी लाल मीणा का किया स्वागत



**टोंक, (निसं)।** राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का टोंक आगमन पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा कामधेनु सर्किल पर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल टोंक अध्यक्ष शेलेन्द्र जैन, शहर महामंत्री रामावतार मेहरा,शहर उपाध्यक्ष पंकज सैनी, सीताराम चावला,पूर्व जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा जयनारायण वर्मा, सुनील चौहान, तारिक अजीज, मंडल आईटी सेल संयोजक प्रियवीर सिंह राठौड, महावीर सेन,गिरधारी नकवाल, हीरालाल महावर, नरेन्द्र अजमेरा, दिलीप सिंधी, प्रदीप मूलचंदानी ,सीताराम अंकल, दिनेश महावर ,गुड्डू खटीक, श्याम आदि कार्यकर्ता ने राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा का स्वागत किया। इसके बाद सांसद किरोडीलाल मीणा व पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने टोंक शहर के ग्राम मोलाईपूरा में मीन भगवान के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर उपस्थित जनसमूह को उद्बोधन प्रदान किया और मन्दिर में दर्शन किए।

### पेड़ों के बीच से गुजर रही बिजली की लाइन हादसे को दे रही न्यौता



**पावटा।** प्रागपुरा बस स्टैण्ड से आदर्श विद्या मंदिर के रास्ते पिछले एक माह से पेड़ से होकर गुजर रही बिजली की लाइन कभी भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। पेड से गुजर रही लाइन को लेकर विधुत विभाग गंभीर नहीं है और ना ही लाइन को पेड़ से हटाने में कोई रुचि दिखा रहा। कीकर के पेड से गुजर रही यह बिजली की लाइन से पेड में करंट आने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि पता नहीं विभाग पेड से बिजली की लाइन क्यों नहीं हटवा रहा है। विभाग की इस प्रकार की कार्यप्रणाली को देखकर ऐसा लगता है कि विभाग कोई दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रागपुरा बस स्टैण्ड से आदर्श विद्या मंदिर के रास्ते की ओर जा रही बिजली की लाइन महज 5 फुट ऊंचाई पर है। इस लाइन से पशुओं का चपेट में आने का खतरा भी हमेशा बना रहता है। इस संबंध में जेईएन वीरेंद्र यादव व ए ईएन कपिल शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में यह लाइन नहीं है। जल्द ही पता लगाकर इसका समाधान करवाया जाएगा।

### चौथे दिन भी पल्लेदारों की हड़ताल जारी



**निवाई।** स्थानीय कृषि मंडी में लगातार चौथे दिन भी पल्लेदारों की हडताल के चलते रहने से कोई कारोबार नहीं हो पाया है। हडताल के कारण एक ओर किसानों का माल नहीं बिक रहा है वहीं दूसरी ओर कृषि मंडी को भी टेक्स का नुकसान हो रहा है। कृषि मंडी सचिव कांति चंद मीणा ने हडताल को समाप्त करवाने के लिए व्यापारियों एवं पल्लेदारों की मीटिंग आयोजित की लेकिन सहमति नहीं बन पाने के कारण हडताल जारी रही। पल्लेदार यूनियन के अध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा ने बताया कि पल्लेदार कार्य करने के लिए तैयार हैं लेकिन मंडी व्यापारी जिंसों की बोली नहीं लगा रहे हैं। पल्लेदार किसानों का माल उतार रहे हैं। लेकिन बिना बोली के माल नहीं बिक रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया ने बताया कि डोम के नीचे किसानों का ही माल रखा हुआ है। पल्लेदार कृषि मंडी में शाम पांच बजे बाद कार्य नहीं करने की बात पर बेवजह अड़े है।

### नाबालिग के विवाह की सूचना से मचा हड़कंप

**मालपुरा।** टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के मोर गांव में 26 मई बुधवार को बाल-विवाह होने की मिली सूचना से पुलिस व प्रशासन में खलबली मच गई। नाबालिग के बाल-विवाह की मिली सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक तंत्र ने तत्परता दिखाते हुए थानाधिकारी दातार सिंह, गिरदावर व पटवारी के साथ मोर गांव पहुंच मामले की जानकारी जुटाई तो 26 मई को 15 वर्षिय नाबालिग सोना पुत्र बजरंग लाल बैरवा का विवाह होने की जानकारी सामने आने पर प्रशासन ने परिजनों को पाबंद कर बाल-विवाह किये जाने पर कार्यवाही की दी चेतावनी।

### शहीद के घर पहुंचा प्रशासन

**नारायणपुर।** उधोग एवं देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने शहीद भंवर सिंह की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा था कि शहीद परिवार की देखरेख करना हमारी पहली प्राथमिकता है अगर वीरांगना एवं शहीद परिवार की कोई समस्या है तो अधिकारी उसके घर जाकर उनकी समस्या सुनेंगे और तुरंत समाधान करेंगे ऐसा कोई अधिकारी नही करेंगा तो वह नारायणपुर और बानसूर में नौकरी नहीं करेगा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री रावत की बात का असर दिखा और मंगलवार को नारायणपुर एसडीएम सुनीता मीणा, तहसीलदार रामचन्द्र गुर्जर ने शहीद भँवर सिंह के घर पहुंचकर उनकी समस्या सुनी और उनका जमीन संबंधित प्रकरण का अतिशीघ्र सीमाज्ञान कर प्रकरण निस्तारण का आश्वासन दिया।

### वीरेंद्र सिंह को लगाया थाना अधिकारी

**बहरोड़/ भिवाड़ी।** जिला पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने 24 मई को दो अधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए भिवाड़ी जिला पुलिस क्षेत्र में ही फेरबदल कर पदस्थापन आदेश जारी किया है। जिसमें बहरोड़ थाना अधिकारी सूणीलाल मीणा पुत्र सुवालाल को बहरोड़ थाने से कार्यालय पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी में स्वयं की प्रार्थना पर पदस्थापित किया है जिसमें सूणीलाल मीणा थाना अधिकारी बहरोड़ को उनके द्वारा अन्वेषणधीन प्रकरण व परिवादों को सूचीबद्ध कर संबंधित थाना अधिकारी को सौंप कर नवीन पदस्थापन हेतु रिलीव होने का आदेश दिया गया है वहीं उनकी जगह वीरेंद्र पाल सिंह पुत्र सोहनलाल को पुलिस लाइन भिवाड़ी से थानाधिकारी बहरोड़ प्रशासकीय आधार पर पदस्थापित किया गया है।

### 11 जुआरी गिरफ्तार

**मालपुरा,(निस)।** मालपुरा शहर में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में अवैध जुआ व सट्टा बाजार की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार की देर शाम को जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशों पर मालपुरा पहुंची जिला स्पेशल टीम ने मालपुरा थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से शहर के बस स्टैंड के बाहर एक दुकान पर दबिश की कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से जुआ सट्टा खेल रहे 11 जनों को मौके से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश पत्ती व 48250 की नगद राशि जप्त की गई ।मालपुरा थाने के एसआई राजमल कुमावत ने बताया कि पकड़े गए सभी 11 जनों के विरुद्ध मालपुरा थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है



वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि वे रनों बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते है। कोहली ने पिछले मैच बहुत अच्छा खेला, खासकर जब आरसीबी के लिए इसकी जरूरत थी। - सौरव गांगुली

बीसीसीआई अध्यक्ष, विराट कोहली की फॉर्म को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶** **रविचंद्रन अश्विन**



**भारतीय** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह खेल के मैदान में आलोचनाओं की परवाह किये बिना प्रयोग करना जारी रखेंगे और इसमें उन्हें 'जीवन में एक उद्देश्य मिल गया है'। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में अपने ' सबसे बेहतरीन सत्र में से एक' का लुत्फ उठा रहे है। उन्होंने हालांकि इस दौरान महज 11 विकेट लिये हैं लेकिन उनका इकोनॉमी रेट काफी कम रहा है। उन्होंने इसके साथ ही बल्ले से 183 रन का शानदार योगदान दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने जिस चतुराई से आंद्रे रसेल को अपनी फिरकी में फंसाया उसे इस आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंदों में से एक माना जा रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेदु ताएब ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम किया।

## राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराया

# किलर मिलर ने गुजरात को फाइनल में पहुंचाया



कोलकाता, 24 मई। किलर मिलर के नाम से मशहूर डेविड मिलर (नाबाद 68)ने आखिरी ओवर की पहली तीन गेंदों पर तीन जबरदस्त छक्के लगाते हुए गुजरात टाइटंस को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को सात विकेट से जीत दिलाते हुए अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल के फ़ाइनल में पहुंचा दिया।

राजस्थान ने फॉर्म में चल रहे जोस बटलर की 89 रन की जबरदस्त पारी से पहले क्वालीफायर में छह विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन गुजरात ने 19.3 ओवर में तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत अपने नाम की और फ़ाइनल का टिकट कटा लिया।

राजस्थान को अब फाइनल में पहुंचने के लिए बुधवार को लखनऊ सुपर जायंटस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से क्वालीफायर 2 में भिड़ना होगा। लखनऊ सुपर जायंटस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। क्वालीफायर 2 अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 27 मई को खेला जाएगा और इस मुकाबले के विजेता का सामना 29 मई को फाइनल में गुजरात टाइटंस से होगा।

राजस्थान रॉयल्स से मिले 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने दूसरी ही गेंद पर रिद्धिमान साहा (0) का विकेट गंवा दिया, जिन्हें ट्रेंट बोल्ट ने संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इसके बाद मैथ्यू वेड (35) और शुभमन गिल (35) ने दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 71 रनों की साझेदारी करके टीम को संकट से बाहर निकाला। साझेदारी लंबी होती जा रही थी तभी गुजरात ने 72 के स्कोर पर गिल का और 85 के स्कोर पर मैथ्यू वेड का विकेट गंवा दिया। गिल ने 21 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्का जबकि वेड ने 30 गेंदों पर छह चौके लगाए।

गिल और वेड के आउट होने के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या और किलर मिलर डेविड मिलर ने चौथे विकेट के लिए 61 गेंदों पर 106 रनों की अविजित साझेदारी करके टीम को सात विकेट से जीत दिला दी। मिलर ने 38 गेंदों पर तीन चौके और 5 छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक ने 27 गेंदों पर 5 चौके लगाए। गुजरात को मैच जीतने के लिए अंतिम ओवर में 16 रन बनाने थे और मिलर ने प्रसिद्ध कृष्णा की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर गुजरात को फाइनल में पहुंचा दिया।

इससे पहले, अच्छी फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने धीमी शुरुआत के बाद आकर्षक अर्धशतक जड़ा जिससे राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट पर 188 रन बनाए। बटलर ने 56 गेंद में 12 चौकों से दो छक्कों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान संजू सैमसन (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी भी की।

देवदत्त पडिक्कल (28) ने भी उपयोगी पारियां खेली। बटलर की पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम अंतिम चार ओवर में 61 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 15 रन दिए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। मोहम्मद शमी, यश दयाल और आर साई किशोर काफी महंगे साबित हुए। इन तीनों ने क्रमशः 43, 46 और 43 रन लुटाए और तीनों को एक-एक सफलता मिली।

बटलर ने धीमी बल्लेबाजी की लेकिन एक छोर संभालकर रखा। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने पंड्या पर चौका जड़ा जो तीसरे ओवर में बाद उनकी पहली बाउंड्री थी। बटलर ने 17वें ओवर में दयाल पर चार चौके जड़े और इस दौरान 42 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अगले ओवर में जोसेफ पर भी तीन चौके मारे।

**स्कोर बोर्ड**

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का साह बो यश | 3 | 8 | 0 | 0 |
| बटलर रन आउट | 89 | 56 | 12 | 2 |
| सैमसन का जसफ बो किशोर | 47 | 26 | 5 | 3 |
| पडिक्कल बो हार्दिक | 28 | 20 | 5 | 3 |
| हेटमेयर का टेवतिया बो शमी | 28 | 20 | 2 | 2 |
| रियान रन आउट | 4 | 3 | 0 | 0 |
| अश्विन नाबाद | 2 | 1 | 0 | 0 |
| बोल्ट नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 11 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन
**विकेट पतन :** 1-11, 2-79, 3-16, 4-161, 5-185, 6-186
**गेंदबाजी :** शमी 4-0-43-1, दयाल 4-0-43-1, जोसफ 2-0-27-0, राशिद 4-0-15-0, किशोर 4-0-43-1, हार्दिक 2-0-14-1

| गुजरांत टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का सैमस्न बो बोल्ट | 0 | 2 | 0 | 0 |
| शुभमन रन आउट | 35 | 21 | 5 | 1 |
| मैथ्यू का बटलर बो मैकॉम | 35 | 30 | 6 | 0 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 40 | 27 | 5 | 0 |
| मिलर नाबाद | 68 | 38 | 3 | 5 |
| **अतिरिक्त :** | 13 | | | |

**कुल :** 19.3 ओवर में 3 विकेट पर 191 रन
**विकेट पतन :** 1-0, 2-72, 3-85
**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-38-1, कृष्णा 3.3-0-38-1, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-32-0, मैकॉय 4-0-40-1

# एशिया कप : जापान ने भारत को 5-2 से शिकस्त दी



जकार्ता, 24 मई। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में चल रहे हीरो एशिया कप हॉकी के पूल ए के मुकाबले में मंगलवार को जापान ने भारत को 5-2 से शिकस्त दी। जीबीके एरिना में हुए मुकाबले में जापान पहले क्वार्टर से ही भारत पर हावी रहा। मैच के 23वें मिनट में नागायोशी केन ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए जापान के लिये पहला गोल किया।

मैच के 39वें मिनट में दोबारा जापान की ओर से कवाबे कोसेई ने गोल कर स्कोर 2-0 पर पहुंचा दिया। इसके जवाब में भारत को राहत दिलाते हुए राजभर पवन ने 44वें मिनट में टीम का पहला गोल किया। चार मिनट बाद ही ऊका रयोमा ने जापान के लिये एक और गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। मैच के 49वें मिनट में सिंह उत्तम ने भारत के लिये गोल कर स्कोर को 3-2 किया लेकिन इसके बाद मैच भारत की पकड़ से निकलता रहा। जापान के यामासाकी कोजी ने 54वें मिनट में और कावाबे कोसाई ने 55वें मिनट में गोल कर जापान की बढ़त को 5-2 कर दिया। इस हार के साथ भारत पूल ए के पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर जबकि जापान पहले स्थान पर पहुंच गया है। भारत अभी तक हीरो एशिया कप में एक भी मुकाबला नहीं जीता है। भारत और पाकिस्तान के बीच सोमवार को हुआ मुकाबला 1-1 पर समाप्त हुआ था। भारत का अगला मैच इंडोनेशिया के खिलाफ है। प्रतियोगिता में बने रहने के लिये उन्हें यह मैच जीतना होगा।

## बांग्लादेश ने ओमान को 2-1 से हराया

जकार्ता, 24 मई। बांग्लादेश ने मंगलवार को पूल-बी के अपने दूसरे मुक़ाबले में ओमान को 2-1 से शिकस्त देते हुए हीरो एशिया कप की अपनी पहली जीत दर्ज की। जीबीके एरिना में एक दिन पहले आयोजित मुक़ाबले में बांग्लादेश को कोरिया के हाथों 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था। मंगलवार के मुकाबले में बांग्लादेश ने अपने कोच गोबीनाथ कृष्णमूर्ति की योजनाओं पर विश्वास जताते हुए अपनी ओर आए सभी मौकों को भुनाया। मैच के छठे मिनट में अशरफुल इस्लाम ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश के लिये पहला गोल किया। 17वें मिनट में ओमान के रशद अल फज़री ने फील्ड गोल करते हुए मैच को 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। ओमान को मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, मगर वह एक का भी फायदा नहीं उठा पाई जिससे उनकी जीत की संभावना बुरी तरह प्रभावित हुई। बांग्लादेश ने अच्छा खेल दिखाते हुए मैच के 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल किया और मोहम्मद राकिबुल की मदद से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली, जो मैच समाप्त होने तक नहीं बदली।

बांग्लादेश के कोच गोबीनाथ ने जीत के बाद कहा, एशियाई खेलों के क्वालिफायर में ओमान के हाथों 6-2 हारने के बाद इस जीत से अच्छा महसूस हो रहा है। आज हमारे खिलाड़ियों ने काफ़ी बेहतर खेल खेला और ओमान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, हम यहां अपना खेल सुधारने के लिये आये हैं। हम लगातार अपनी योजना के अनुसार ही खेलेंगे। हमने एक साथ 13-14 मैच खेले हैं, मैं खुश हूं कि कई नये खिलाड़ियों के आने के साथ हमने एक अच्छी टीम बनायी है।

## बोपन्ना-मिडिलकूप की जोड़ी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

पेरिस, 24 मई। रोहन बोपन्ना और नीदरलैंड के उनके जोड़ीदार मात्वे मिडिलकूप की जोड़ी ने मंगलवार को यहां सीधे सेटों में जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत और नीदरलैंड की अनुभवी 16वीं वरीय जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में गुएमार्ड वेनबर्ग और लुका वेन एशे की स्थानीय वाइल्ड कार्ड धारक जोड़ी को 6-4 6-1 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई।

भारत के रामकुमार रामनाथन भी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं और उन्होंने अमेरिका के हंटर रीस के साथ जोड़ी बनाई है। भारत और अमेरिका की इस जोड़ी को पहले दौर में डेनियल आल्टमेयर और आस्कर ओटे की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ना है। महिला युगल में सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरादेका की 10वीं वरीय जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत जैस्मिन पाओलिनी और मार्टिना ट्रेविसान की इटली की जोड़ी के खिलाफ करेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच नियुक्त हुए वेटोरी और बोरोवेच

मेलबोर्न, 24 मई। ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के मुख्य ऐंड्रयू मैक्डॉनल्ड की नई टीम में न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान डैनियल वेटोरी को शामिल किया गया है। वेटोरी को आंद्रे बोरोवेच के साथ टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है। यह दोनों ही जून महीने के अंत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ शुरु होने वाली टेस्ट सीरीज़ से बतौर सहायक कोच टीम के साथ जुड़ेंगे। बोरोवेच ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ पिछले साल से ही काम कर रहे हैं, वहीं वह ऑस्ट्रेलिया ए टीम के कोचिंग स्टाफ़ का हिस्सा भी हैं।

पाकिस्तान के ख़िलाफ़ सीमित ओवरों की सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ काम करने वाले वेटोरी द हंड्रेड के इस सीज़न में बर्मिंघम फ़ीनिक्स के साथ बतौर कोच जुड़े रहेंगे। वेटोरी ने पिछले सीज़न इस टीम को फ़ाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका भी निभाई थी। मैक्डॉनल्ड और वेटोरी दोनों को ही साथ में खेलने और कोचिंग की सेवा देने का अनुभव रहा है। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए साथ खेलने के अलावा टीम के कोचिंग स्टाफ़ का भी हिस्सा रह चुके हैं, जहां मैक्डॉनल्ड ने वेटोरी के अंडर सहायक के तौर पर काम किया था।

वेटोरी का कोचिंग करियर काफ़ी अनुभवी रहा है। वह बांग्लादेश टीम के साथ बतौर स्पिन गेंदबाज़ी सलाहकार काम कर चुके हैं। नई भूमिका में वेटोरी को मैक्डॉनल्ड के साथ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों की तैयारियों, योजनाओं और उनके कार्यभार की देखरेख करनी होगी। वहीं उन्हें ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट कोचों से भी नियमित तौर पर संवाद स्थापित करते रहना होगा।

द हंड्रेड 4 अगस्त से 3 सितंबर के बीच होगा, लिहाज़ा ऑस्ट्रेलिया और ज़िम्बाब्वे के बीच खेले जाने वाली सफ़ेद गेंदों की सीरीज़ में वेटोरी टीम के लिए अनुपलब्ध रह सकते हैं। हालांकि वह टी20 विश्व कप और उससे पहले भारत में होने वाली तीन टी20 मैचों की सीरीज़ के लिए उपलब्ध रहेंगे।

एक तरफ़ जहां वेटोरी के पास क्रिकेट कोचिंग का अच्छा ख़ासा अनुभव है तो वहीं बोरोवेच की कोई पेशेवर क्रिकेट खेलने की पृष्ठभूमि नहीं रही है लेकिन वह मैक्डॉनल्ड के साथ पहले भी काम कर चुके हैं, जब मैकडोनाल्ड विक्टोरिया और मेलबर्न रेनेगेड्स के मुख्य कोच थे।

## अभिजीत ने विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में बनाई जगह

नयी दिल्ली, 24 मई। असम के अभिजीत बरुआ वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल की ओर से तंज़ानिया में आयोजित होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने वाले राज्य के पहले पेशेवर बॉक्सर बन गये हैं। अभिजीत के विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने की ख़बर मिलते ही उनके गांव जोरहाट में ख़ुशी का माहौल छा गया। 69 किलो वर्ग के प्रतिभागी बरुआ ने रविवार को आरडीसी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल के ट्रायल्स में उत्तर प्रदेश के शिवम तिवारी को हराया था। 24 घंटे में नंगे पांव सबसे लंबी दूरी दौड़ने का रिकॉर्ड भी बरुआ के नाम ही है। साल 2012 में बरुआ ने 24 घंटे में 156.2 किमी नंगे पांव दौड़कर गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया था।

बरुआ मार्शल आर्ट्स के विशेषज्ञ भी हैं और उन्होंने 10 अलग-अलग श्रेणियों में कई पुरस्कार जीते हैं। वर्तमान में यूथ लाइटवेट विश्व चैंपियन राजेश कसाना लुक्का की कोचिंग में प्रशिक्षण ले रहे बरुआ का सपना है कि वह भारत के पहले पेशेवर विश्व चैंपियन बनें। इस सपने के साथ उन्होंने असम पुलिस की अपनी नौकरी छोड़कर अपना जीवन बॉक्सिंग को समर्पित कर दिया है।

## ईस्ट बंगाल स्वामित्व के मामले में मैनचेस्टर युनाइटेड और अन्य के साथ बातचीत कर रहा है : गांगुली

कोलकाता, 24 मई। मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष कर रही ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब दुनिया की कई दिग्गज क्लबों के साथ स्वामित्व को लेकर बातचीत कर रही है जिसमें इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर युनाइटेड भी शामिल है। देश की सबसे पुरानी फुटबॉल क्लबों में से एक को अगर मैनचेस्टर युनाइटेड का साथ मिलता है तो यह भारतीय फुटबॉल में बड़ा बदलाव होगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली इस करार को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने मीडिया को बताया कि 'रेड डेविल्स' की मैनचेस्टर युनाइटेड के अलावा और कुछ अन्य लोगों के साथ बातचीत चल रही है और इससे जुड़ी तस्वीर लगभग दो सप्ताह में स्पष्ट हो जायेगी।

ईस्ट बंगाल बांग्लादेश स्थित बसुंधरा समूह के साथ भी बात कर रहा था, लेकिन इससे कोई समझौता नहीं हुआ। गांगुली ने इस मुद्दे पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए मंगलवार को कहा, " हां हमने उनसे और अन्य लोगों से भी बात की है। किसके साथ करार पूरा होगा यह जानने के लिए 10-12 दिनों का और इंतजार करना होगा।"

यह पूछे जाने पर कि क्या यूरोपीय फुटबॉल दिग्गज निवेशक के रूप में आ रहे हैं, भारतीय क्रिकेट इस पूर्व सितारे ने कहा, " नहीं-नहीं (वे आ रहे हैं) वे क्लब मालिक के तौर पर यहां आयेंगे। " गांगुली ने हालांकि इस बारे में विस्तार से कुछ बताने से मना कर दिया। गांगुली ने कहा, " इसमें अभी कुछ समय और बातचीत एक स्तर पर पहुंच जाए तब हम टिप्पणी करेंगे। मैं कुछ तय हो जाने के बाद ही बोलूंगा। मैदान के बाहर के मुद्दों के कारण टीम का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

बेंगलुरु के क्वेस कॉर्प तीन साल के करार के बावजूद दो साल के बाद ही टीम का साथ छोड़ दिया। । 2020-21 सत्र में जब वे निवेशक ढूंढने में असफल रहे तब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने श्री सीमेंट के साथ उनका करार करवाया।

## फ्रेंच ओपन : मेदवेदेव आसान जीत के साथ दूसरे दौर में

पेरिस, 24 मई। रूस के दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने आसान जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने अर्जेन्टीना के फाकुंडो बाग्निस को सीधे सेट में 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। लगभग दो महीने पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद मेदवेदेव की यह पहली जीत है। पिछले हफ्ते सर्जरी के बाद वापसी करते हुए उन्हें जिनेवा ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

## विश्व चैम्पियनशिफ की हार से अहम सबक सीखा : लवलीना

नयी दिल्ली, 24 मई। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आईबीए विश्व चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने को एक बहुत जरूरी 'सीख' मानती है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना का विश्व चैम्पियनशिप में अभियान 70 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में निराशाजनक हार के बाद समाप्त हुआ था। पिछले साल तोक्यो में पोडियम पर अपना अभियान खत्म करने के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मेंलवलीना को 'फेयर चांस टीम' (देश छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले खिलाड़ी) की सिंडी नगाम्बा ने 4-1 से हराया था।

लवलीना ने विश्व चैंपियनशिप में देश के तीन पदक विजेता निकहत जरीन (स्वर्ण, 52 किग्रा), मनीषा मौन (कांस्य, 57 किग्रा) और परवीन हुड्डा (कांस्य, 63 किग्रा) के सम्मान समारोह के कार्यक्रम के इतर कहा, " मेरी तैयारी (विश्व चैंपियनशिप के लिए) इतनी अच्छी नहीं थी। ओलंपिक के बाद बहुत सी चीजें बदल गई हैं। मुझे कई चीजों को समय देना था, प्रतिबद्धताओं को पूरा करना था।" उन्होंने कहा, "लेकिन जैसा कि एक कहावत है कि आप अपनी जीत से नहीं सीखते, आप अपनी हार से सीखते हैं और इस हार ने मुझे बहुत महत्वपूर्ण सबक सिखाया

## अब ओलंपिक चैम्पियन बनकर भाषण दूंगी : निखत

नयी दिल्ली, 24 मई। विश्व चैंपियन बन चुकी भारत की निखत जरीन (52 किग्रा)ने मंगलवार को वादा किया कि वह अब ओलम्पिक चैंपियन बनकर भाषण देंगी। निखत ने भारतीय मुक्केबाजी संघ द्वारा यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में कहा,मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। मैं विश्वास दिलाती हूं कि मैं आगे ओलम्पिक चैंपियन बनकर यहां पर आप सबके सामने भाषण दूंगी। भारत ने तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित विश्व महिला चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते। मनीषा (57 किग्रा) और परवीन (63 किग्रा) ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किये। ये पदक विजेता और टीम की अन्य सदस्य तथा सपोर्ट स्टाफ के सदस्य भी सम्मान समारोह में मौजूद थे। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह और साई डीजी संदीप प्रधान सहित अन्य आला अधिकारी भी समारोह में मौजूद थे। ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ठाकुर ने कहा, मैं भारतीय दल और मुक्केबाजों को दिल की गहराईयों से धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं निखत को ख़ास तौर पर बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने अपने सम्बोधन में अपने लिए अब ओलम्पिक चैंपियन बनने का लक्ष्य रखा है।

## धोनी सर की तरह अंत तक खेलना है : नवगिरे

पुणे, 24 मई। अपने व्हॉट्सऐप स्टेटस पर किरण नवगिरे ने महेंद्र सिंह धोनी के प्रति अपने अपार प्रेम को ज़ाहिर किया है। वह उन्हें क्रिकेट का भगवान मानती हैं। महाराष्ट्र की इस धाकड़ बल्लेबाज़ ने कहा, मैं धोनी की तरह लंबे छक्के लगाना चाहती थी और इसी वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। देश के साथ-साथ मेरे लिए भी बहुत कुछ बदल सा गया जब धोनी ने (2011) विश्व कप जीतने के लिए वह छक्का लगाया था।"

11 वर्षों बाद नवगिरे अपनी बल्लेबाज़ी के दम पर सुर्ख़ियां बटोर रही हैं। हाल ही में संपन्न हुई महिला टी20 लीग में नागालैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 35 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने 54 चौकों की मदद से कुल 525 रन बनाए। इस दौरान वह एक टी20 मैच में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली भारतीय महिला भी बनी। साथ ही अपनी पार्ट टाइम ऑफ़ स्पिन से उन्होंने सात विकेट झटके।

इस प्रदर्शन के बाद वह महिला टी20 चैलेंज में अपना पहला मैच खेलने की कगार पर हैं। तीन टीमों वाली यह प्रतियोगिता अपने चौथे संस्करण में है और नवगिरे को दीप्ति शर्मा के नेतृत्व वाली वेलॉसिटी टीम में चुना गया है।

# वेलोसिटी ने सुपरनोवास को सात विकेट से हराया



पुणे, 24 मई। शेफ़ाली वर्मा (51) और लोरा वोलवार्ड (51) के आतिशी अर्धशतकों की बदौलत वेलोसिटी ने मंगलवार के महिला टी20 चैलेंज मुकाबले में सुपरनोवास को सात विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सुपरनोवास ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाये। इसके जवाब में वेलोसिटी ने 10 गेंदें रहते ही 151 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

अपने पहले मुकाबले में जीत के साथ वेलोसिटी ने दो अंक अर्जित कर लीग में अपना खाता खोल लिया है। इसके अलावा सुपरनोवास के दो मुकाबलों में एक हार और एक जीत के साथ दो अंक हैं जबकि ट्रेलब्लेज़र सुपरनोवास के खिलाफ सोमवार का अपना एकलौता मुकाबला हारकर एक भी पॉइंट हासिल नहीं कर पाई है। वेलोसिटी ने टॉस जीतकर सुपरनोवास को पहले बल्लेबाज़ी करने के लिये बुलाया और पहले चार ओवर में ही तीन बल्लेबाज़ों को पवेलियन लौटा दिया। मात्र 18 रन पर तीन विकेट गंवाकर सुपरनोवास की हालत नाज़ुक थी लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तानिया भाटिया के साथ 82 रन की साझेदारी कर टीम को सुरक्षित स्थिति में ला खड़ा गया। सुपरनोवास के लिये हरमनप्रीत ने 71(51), तानिया ने 36(32) और सुने लूस ने 20(14) रन बनाये।

सुपरनोवास के लिये सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली हरमनप्रीत ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये। वेलोसिटी की ओर से केट क्रॉस ने अपने चार ओवर में सिर्फ 24 रन देकर दो विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा अपने चार ओवर में एक विकेट के बदले 31 रन दिये।



*कोटपूतली के चांदौली की ढाणी के पास करन्ट लगने से एक पैंथर की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, संभवतः बकरी का शिकार करते वक्त पैंथर बिजली की लाइन के सम्पर्क में आ गया।*

# अपने ही कमीशनखोर मंत्री को बर्खास्त किया मु.मंत्री भगवंत मान ने

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को बुलाकर कॉल रिकॉर्डिंग सुनाई तो रोने लगे मंत्री

- **स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने मुख्यमंत्री के पास जाकर विजय सिंगला की शिकायत की और अपनी सुरक्षा का आश्वासन मांगा तो मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके पास कोई सबूत है तो लाओ।**
- **स्वास्थ्य अधिकारी ने तुरंत कॉल रिकॉर्डिंग सबूत के तौर पर पेश कर दी। उसके मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तुरंत मंत्री को बुलाकर उनसे सफाई मांगी और कॉल रिकॉर्डिंग सुनाई।**

चंडीगढ़, 24 मई। भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. विजय सिंगला को आज मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया। सिंगला पर टेंडर और वर्क ऑर्डर की एवज में कमीशन मांगने का आरोप लगा है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सिंगला के खिलाफ यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर की। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने खुद जाकर मुख्यमंत्री से मंत्री सिंगला की शिकायत की थी तो मुख्यमंत्री ने उनसे सबूत मांगा। मुख्यमंत्री के पास पहुंची ऑडियो रिकॉर्डिंग में सिंगला एक व्यक्ति से कह रहे हैं कि उन्हें अपने भतीजे को शुकराना (मतलब कमीशन) देना चाहिए। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि, हमारे पास मंत्री के खिलाफ सबूत हैं। इसके बाद उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया। उधर, मोहाली की अदालत ने विजय सिंगला को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सिंगला को रिकॉर्डिंग सुनाई और पूछा यह आवाज आपकी है, बोले-हां और गलती मानकर रोने लगे। सरकार के सूत्रों ने बताया कि मंत्री स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में निविदा के आवंटन के लिए बठिंडा निवासी से कमीशन को कहकर शुकराना की मांग कर रहे थे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान से मामले को लेकर संपर्क किया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारी को उसकी सुरक्षा का आश्वासन दिया और पूरे मामले से संबंधित सबूतों की मांग की। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी सबूत मुख्यमंत्री को उपलब्ध कराए। साथ ही मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक की ऑडियो रिकॉर्डिंग स्वास्थ्य अधिकारी ने उपलब्ध कराई। इसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने डॉ. सिंगला और उनके विभाग के मामलों में उनके व्यवहार के बारे में गहन जांच कराई। जिसके बाद मुख्यमंत्री मान ने मंत्री को पूछताछ के लिए बुलाया। जहां मुख्यमंत्री ने सिंगला के सामने ऑडियो रिकॉर्डिंग चलाई।

सिंगला को पद से बर्खास्त करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद मोहाली कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 27 मई तक के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को आज बर्खास्त किए जाने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया है। सिंगला को पंजाब पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक सेल ने मामले में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। सी.एम. मान ने कहा था कि स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त हैं और उनके पास इसके सबूत हैं। वह कथित तौर पर एक टेंडर में रिश्वत मांग रहे थे।

### कश्मीर में कांस्टेबल की आतंकियों ने गोली मार कर हत्या की

श्रीनगर, 24 मई (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया और उसकी पुत्री घायल हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि यह आतंकवादी हमला अंचार सौरा इलाके में हुआ।

पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, आतंकवादियों ने सौरा (अंचार) इलाके के मलिक साब निवासी पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी पर फायरिंग की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हमले में उनकी पुत्री भी घायल हुई है।

- **इस मौके पर पुलिस कांस्टेबल के साथ मौजूद उनकी सात वर्षीय बेटी गम्भीर रूप से घायल हो गई।**

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी को एसकेआईएमएस अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हालांकि अभी पुलिसकर्मी के शहीद होने की पुष्टि नहीं की है।

# करन्ट लगने से पैंथर की मौत

- **वन विभाग ने पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार किया।**

कोटपूतली, 24 मई (निसं)। कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान के चांदौली की ढाणी बण्यातैली व कांकड़ के बीच सोमवार को 33 केवी विद्युत लाइन के खम्भे से करंट लगने से एक नर पैंथर की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि पैंथर बकरी का शिकार करने के लिए आया था, जो कि करन्ट लग जाने से बकरी के साथ ही मृत पाया गया। ग्रामीण शीशराम डोई ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी थी लेकिन सोमवार रात्रि तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

बताया जाता है कि ग्रामीण गिरिराज गुर्जर की बकरियां सोमवार को जंगल में चरने गई थी। उनमें से एक बकरी वापस नहीं लौटी इस पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो विद्युत लाईन के खम्भे की तान में मृत पैंथर व बकरी फंसे हुए थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि शिकार के लिए पैंथर के बकरी के पीछे दौड़ते समय करन्ट लगने से उनकी मृत्यु हुई होगी।

मंगलवार को वन विभाग की टीम मृत पैंथर के शव को कस्बे के रेंज कार्यालय परिसर लाई। जहां विभिन्न विभागों की टीम ने पैंथर के शव का पोस्टमार्टम कर पंचनामा किया और पैंथर का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान रेंजर सीताराम, वनपाल हरदान सिंह, लालाराम यादव, रमेश चंद सैनी, डॉ. हरिश गुर्जर, डॉ. कैलाश चंद शर्मा, डॉ. विजयपाल सिंह, तहसील कार्यालय के कार्मिक बृजमोहन सिंह, सुण्डाराम गुर्जर, बिहारी लाल व वन रक्षक खेताराम गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 'रणदीप...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अगर कांग्रेस एकजुट होकर चुनाव लड़ती है, तो पार्टी राज्यसभा की चार में से तीन सीटें जीत सकती है, वरना दो तो जीत ही लेगी।

भाजपा का विकल्प तो सुरजेवाला के लिये खुला ही है तथा देखना यह है कि ऊँट किस करवट बैठता है।

बताया जाता है कि उन्हें मीडिया विभाग से हटाने के लिये पूरी-पूरी तैयारी हो चुकी है क्योंकि जिस तरह से मीडिया विभाग चलाया जा रहा है, उन तौर-तरीकों की बहुत आलोचना हो रही है।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि राहुल गांधी जैसे जिद्दी व्यक्ति भी आखिर इस बात पर सहमत हो गये हैं, कि सुरजेवाला को बदल दिया जाए।

जहाँ सोनिया गांधी कोई निर्णय लेने में काफी समय लगाती हैं लेकिन राहुल गांधी अपने नजदीकी लोगों को बचाने के लिये अड़ जाते हैं और फिर वे ना तो उसके कामकाज एवं उसके प्रदर्शन की परवाह करते हैं और न वे इस बात पर ध्यान देते हैं कि वे कुछ कर भी रहे हैं या नहीं।

उनकी नीति है- मेरा आदमी सबसे अच्छा आदमी है लेकिन यह देखने की प्रतीक्षा है कि उनकी यह नीति सुरजेवाला पर लागू होती है अथवा नहीं।

# पंजाब के हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में पानी छोड़ा

## प्रदेश के 17 जिलों को पानी मिलेगा

- **दो महीने के नहर क्लोज़र और मरम्मत के कारण 7-8 दिन देर से पानी छोड़ा गया।**
- **जोधपुर, जहां 8 दिन का पानी ही शेष है, में 4 जून से पानी की आपूर्ति हो सकेगी।**

जोधपुर, 24 मई (कासं)। पश्चिमी राजस्थान की प्यास बुझाने वाली इंदिरा गांधी नहर में अब पंजाब के हरिके बैराज से सोमवार की रात को पानी छोड़ा गया है। दो महीने के नहर क्लोजर और एक स्थान पर हुई टूट फूट के कारण पानी 7-8 दिन लेट छोड़ा गया है। हरिके बैराज से छोड़ा गया पानी प्रतिदिन 70-80 किलोमीटर की यात्रा तय कर 2-4 जून तक जोधपुर पहुंचेगा। इस पानी से जोधपुर के अलावा राजस्थान के 17 जिलों की प्यास बुझती है। रात को पंजाब सरकार के आदेश पर पानी को छोड़ा गया। फिलहाल जोधपुर में पानी की भंयकर किल्लत है। यहां अब हर तीसरे- चौथे दिन पानी की सप्लाई की जा रही है। जलदाय विभाग डिग्गियों में बचे पानी से शहरवासियों की प्यास बुझाने में लगा है। उधर कायलाना झील में भी आठ दिन का पानी शेष है। ऐसे में पेयजल संकट और गहरा सकता है। अभी नहरी पानी के लिए 4 जून तक इंतजार करना पड़ेगा।

शहर के लोगों को अगले कुछ दिन तक पानी को सहेज कर काम लेना होगा। इंदिरा गांधी नहर के क्लोजर के साठ दिन से थोड़ा लंबा होते ही जोधपुर में शुरू हुए पेयजल संकट से फिलहाल राहत मिलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। नहर के जरिये हिमालय का पानी जोधपुर पहुंचने के बावजूद अगले कुछ दिन तक जोधपुर शहर में तीन दिन में एक बार जलापूर्ति की व्यवस्था जारी रहेगी, ताकि खाली होने की कगार पर पहुंच चुके शहर के प्रमुख जलाशयों कायलाना व तखतसागर में कुछ पानी आपात स्थिति के लिए एकत्र किया जा सके। पंजाब में नहर की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पूरा हो गया है।

### टास्क...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्ष सोनिया गांधी होंगी। भारत जोड़ो यात्रा के लिए तीसरी कमेटी का गठन किया गया है, जिसमे सचिन पायलट को सदस्य बनाया गया हैं।

मजेदार बात यह है कि आज घोषित तीनों कमेटियों में अशोक गहलोत को कोई स्थान नहीं दिया गया है।

### राहुल फिर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जेरेमी कॉर्बिन कश्मीर भारत के अलग होने की खुल्ली वकालत कर रहे हैं।" इसके जवाब में सुरजेवाला ने भी एक फोटोग्राफ ट्वीट कर दिया, जिसमें मोदी, कॉर्बिन के साथ दिखाई दे रहे हैं तथा मीडिया से कहा कि इन दोनों व्यक्तियों को पहचाने। इसके साथ ही सुरजेवाला ने भी वही प्रश्न दाग दिया, जिसके लिये राहुल गांधी पर भाजपा आरोप लगा रही हैं।

सुरजेवाला ने कहा, "कुल मिलाकर, क्या मैं भी मीडिया के मित्रों से नीचे की तस्वीर में दिखाई दे रहे इन दोनों व्यक्तियों को पहचानने के लिये कह सकता हूँ तथा उनसे वही सवाल कर सकता हूँ? क्या इसका मतबल यह है कि प्रधानमंत्री ने भारत के विषय में जैरेमी कॉर्बिन के विचारों का समर्थन कर दिया है?

यह संभावित प्रतीत हो रहा है कि आगामी सप्ताहों और महीनों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सोशल मीडिया लड़ाई जोर पकड़ जाये, क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने अब सुराग लगाने के क्षेत्र में आगे बढ़ना शुरु कर दिया है, जिसमें वह अब तक पिछड़ रही थी।

# पत्नी करती थी बेरहमी से पिटाई

## बेटे के सामने रोज क्रिकेट बैट और तवे से मारती थी

- **पीड़ित पति ने पत्नी की सच्चाई सामने लाने के लिए घर में कैमरा लगा दिया।**
- **पीड़ित व्यक्ति, जो एक स्थानीय स्कूल में प्रिंसिपल है, की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और कोर्ट ने पीड़ित प्रिंसिपल को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया है।**

अलवर, 24 मई। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा के केस अक्सर सामने आते रहते हैं, लेकिन अलवर में इसके ठीक इसके उलट मामला सामने आया है। मामला पत्नी के द्वारा पति को पीटे जाने का है। पत्नी अपने पति की बेरहमी से पिटाई करती थी कभी तवे से तो कभी क्रिकेट बैट से पति की रोज पिटाई होती थी और बचने के लिए पति पूरे घर में भागता फिरता था।

पीड़ित पति ने पत्नी की सच्चाई सामने लाने के लिए घर में कैमरा लगा दिया। कैमरा फुटेज मिलने के बाद पति ने मुंह खोला और पत्नी की सारी करतूत पुलिस को बता दी। मामला दर्ज होने के बाद कोर्ट ने पति को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। मामला भिवाडी का है। पीडित पति अजीत स्कूल में प्रिंसिपल है। पति की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि पत्नी सुमन अपने प्रिंसिपल पति की जमकर पिटाई कर रही है। पीडित फुटेज में हाथ भी जोड रहा है।

खास बात यह है पत्नी अपने बेटे के सामने ही पति को पीटती है। कई फुटेज में पति-पत्नी के अलावा उनका बेटा भी दिख रहा है। पिता की पिटाई के दौरान वह डरा-सहमा नजर आ रहा है। पीडित प्रिंसिपल ने घरेलू हिंसा की शिकायत भिवाडी पुलिस को दी है।

### कुतुब मीनार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हरिशंकर जैन उस समय साकेत जिला न्यायालय पहुँचे थे, जब सिविल कोर्ट ने उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि यह याचिका/मुकदमा "पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत निषिद्ध है।

सिविल जज ने यह भी कहा था कि अतीत की गलतियाँ वर्तमान शान्ति को भंग करने का आधार नहीं बन सकती तथा अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो संविधान के ताने-बाने तथा पंथ-निरपेक्ष चरित्र को क्षति पहुँचेगी।

एडीजे ने कहा कि परिसर में मूर्तियों का अस्तित्व विवाद में शामिल नहीं है। उन्होंने यह जानना चाहा कि क्या अपीलार्थियों को इस मुकदमें को दायर करने का कानूनी अधिकार है।

जज ने कहा, "अब आप इस इमारत को मंदिर में बदलना चाहते हैं, जिसे आप पुन:प्रतिष्ठा कह रहे हैं, मेरा प्रश्न है कि यह मानते हुए ये ये 800 साल पहले यह अस्तित्व में थे, आप यह दावा कैसे करेंगे कि वादियों को यह मुकदमा दायर करने का कानूनी अधिकार है? इसे सहजता से लें कि देवी-देवता पिछले 800 सालों से पूजा के बिना ही रहे है। इन्हें ऐसे ही आगे भी बने रहने दें।"

# कश्मीर से 8 आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

## सुरक्षाबलों ने कहा कि, आतंकियों के खिलाफ हमने इतनी कड़ी कार्रवाई की है कि, उनके पास राइफल व गोला-बारूद नहीं बचा है आतंकी अब पिस्तौलों के भरोसे रह गये हैं

श्रीनगर, 24 मई (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के अंवतीपोरा उपजिला में सुरक्षा बलों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद समूह का भंडाफोड़ कर उनके आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार ये लोग जैश के आतंकवादियों को सरंक्षण देने तथा क्षेत्र में रसद और गोला-बारुद पहुंचाने का काम करते थे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जिसके बाद सुरक्षा बलों ने अवंतीपोरा में संचालित इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया।

प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मुश्ताक अहमद डार, अशफाक अहमद डार, मंजूर अहमद डार, फयाज अहमद राथर, शब्बीर अहमद राथर, मोहम्मद लतीफ राथर, शिराज अहमद मीर तथा वसीम अहमद भट के रूप में हुई है और ये सभी अवंतीपोरा निवासी हैं। इनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, गोलाबारुद और वाहन भी जब्त किये गए हैं।

प्रवक्ता ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जैश-ए-मोहम्मद के दो सक्रिय आतंकवादियों मोंगामा निवासी आसिफ शेख और सैयदाबाद पस्तूना त्राल निवासी एजाज भट के दो सक्रिय आतंकवादियों को आश्रय, रसद और हथियार तथा गोला-बारूद पहुंचाने का काम करते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और कार्रवाई जारी है। कश्मीर में आतंकवादी अब अशांति फैलाने के लिए भारी-भरकम स्वचालित राइफल की जगह पिस्तौल जैसे हथियारों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि इस वर्ष अब तक आतंकवादियों से 130 पिस्तौल बरामद की गयीं।

# 26 मई को होगी ज्ञानवापी मामले की अगली सुनवाई

## जिला-सैशन जज ने मुस्लिम पक्ष से उनकी आपत्तियां और जवाब पेश करने के लिए कहा

- **26 मई को सबसे पहले ज्ञानवापी परिसर की "मेन्टनैबिलिटी" यानि रखरखाव के बिन्दू पर सुनवाई की जायेगी।**

वाराणसी, 24 मई। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की जिला अदालत में मंगलवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों पक्षों से सर्वे रिपोर्ट पर जवाब मांगा है, वहीं 26 मई को सबसे पहले "मैन्टेबिलिटी" पर सुनवाई होगी। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इससे पहले सोमवार को जिला जज ए.के.विश्वेश की अदालत ने करीब 45 मिनट तक दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर मामले को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत से जिला जज के कोर्ट में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मामले की संवेदनशीलता और जटिलता को देखते हुए यह बेहतर है कि कोई अनुभवी न्यायिक अधिकारी इस मामले की सुनवाई करे। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता मोहम्मद तौहीद खान ने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने अदालत में याचिका दायर करके कहा है कि यह मुकदमा चलाने लायक नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाए।

इसके अलावा ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के नियमित पूजन-अर्चन के लिये अदालत में काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डॉक्टर कुलपति तिवारी ने सोमवार को याचिका दायर की है। तिवारी ने कहा, "मैं बाबा विश्वनाथ की तरफ से आया हूं। मैंने आज एक याचिका दाखिल कर अदालत से बाबा के नियमित दर्शन पूजन की मांग की है। मुझे बाबा के राग, भोग, सेवा और भक्तों को दर्शन की अनुमति दी जाय।" वहीं, जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडे की ओर से परिसर में स्थित मानव निर्मित तालाब के पानी में से मछलियों को हटाने और वजूखाने की पाइप लाइन को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर एक याचिका गत मंगलवार को दाखिल की गई थी, जिस पर अदालत द्वारा सुनवाई होनी है।

गौरतलब है कि वाराणसी के सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने राखी सिंह तथा अन्य की याचिका पर ज्ञानवापी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। सर्वेक्षण का यह काम पिछली 16 मई को पूरा हुआ था, जिसके बाद इसकी रिपोर्ट अदालत को सौंप दी गई थी। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने के अंदर कथित शिवलिंग मिलने का दावा किया था। इसी बीच उच्चतम न्यायालय में मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका की सुनवाई की गई। मुस्लिम पक्ष की दलील थी कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण कराया जाना उपासना स्थल अधिनियम 1991 का उल्लंघन है। हालांकि, हिंदू पक्ष का दावा है कि सर्वेक्षण के दौरान परिसर के अंदर हिंदू धार्मिक चिह्न तथा अन्य चीजें मिली हैं।

### कांग्रेस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सलीम अहमद को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संगठनात्मक बदलाव की बात कही थी। साथ ही 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पॉलिटिकल अफेयर ग्रुप और टास्क फोर्स के गठन का ऐलान भी किया था।

खास बात यह है कि कांग्रेस ने अपने नैशनल प्लान में प्रियंका गांधी के साथ -23 गुट के दो नेताओं गुलाम नबी आजाद और शशि थरूर को भी शामिल किया है।

# 'अगर ताईवान पर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाता है और इनकी व्यूह रचना एशिया में चीन की बढ़ती मुखरता के विरोध में एक सीधा जवाब है। यह मुखरता खासतौर पर दक्षिण चीन सागर को लेकर है, जिसके लिए चीन अपना विशेष संप्रभु क्षेत्र होने का दावा करता है।

क्वाड संरचना यह सुनिश्चित करना चाहती है कि दक्षिण चीन सागर के पुराने वैश्विक शिपिंग कॉरिडोर्स में चीन, विशेष संप्रभु क्षेत्र के दावे को लेकर कोई व्यवधान ना डाल दे। यहां से भारी मात्रा में व्यापारिक माल गुजरता है और यहां किसी तरह के व्यवधान से क्वाड सदस्य देशों सहित मेजबान देशों के वैश्विक व्यापार एवं हितों को भारी क्षति पहुंच सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि हम इस क्षेत्र में ताकत के बल पर यथा-स्थिति में परिवर्तन करने का कोई भी प्रयास अमेरिका को यहां संलिप्त होने के लिए प्रेरित करेगा। अमेरिका ने इस बारेमें अब तक "सामरिक अस्पष्टता" की एक नीति अपनाई हुई थी जिसका तात्पर्य यह है कि यदि ताइवान पर हमला होता है तो अमेरिका उसके समर्थन अथवा विरोध में कोई टिप्पणी नहीं करेगा।

राष्ट्रपति बाइडन ने "सामरिक अस्पष्टता" के स्थापित प्रोटोकॉल का पालन ना करने के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश को फटकार लगाई थी और अब सभी संबंधित पक्ष इसको लेकर आश्चर्यचकित हैं कि ताइवान पर आक्रमण की सूरत में अमेरिका की प्रतिक्रिया क्या होगी।

राष्ट्रपति बाइडन के बयान को अमेरिका की दीर्घकालिक "वन चाइना" पॉलिसी के असर देखा जा रहा है। चीन का दावा है कि द्विपीय देश ताइवान, वास्तव में चीन का हिस्सा है। अत: ताइवान को लेकर कोई भी घटनाक्रम चीन का आतंरिक मामला होगा।

अमेरिका ने औपचारिक रूप से ताइवान के साथ प्रत्यक्ष कूटनीतिक संबंध तभी से बंद कर रखे हैं जब राष्ट्रपति निक्सन ने चीन के साथ कूटनीतिक संपर्क और मेलभाव शुरु करने के लिए चीन की राजधानी का दौरा किया था।

चीन के आज अमेरिका को चेतावनी दी कि ताइवान यह किसी अन्य देश के हस्तक्षेप को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान माना जाएगा। इसलिए, उसने कहा है कि ऐसे प्रयासों को सैन्य कार्रवाई से खदेड़ दिया जाएगा।

पूरा लब्लोलुआब यह है कि इन बयानों और इसके विपरीत आए बयानों ने ताइवान पर जबरन कब्जे की सूरत में अमेरिका-चीन के बीच सीधी झड़प का एक मंच तैयार कर दिया है। यह रूस-यूक्रेन युद्ध से भी अधिक गंभीर एक आग को भड़का सकता है।

अत: किसी भी पक्ष द्वारा जल्दबाजी में उठाए जाने वाले ऐसे कदमों के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। निकट पड़ोस के ये घटनाक्रम भारत के हितों पर सीधा असर डाल सकते हैं।

भारतीय प्रशांत क्षेत्र में चीन की मुखरता और अपने पड़ोस में बलपूर्वक बदलाव करने के उसके प्रयासों पर लगाम कसने की जरूरत है ताकि वह भारत से लगती अपनी अनिश्चित सीमा पर ऐसा जोखिम उठाने की हिमाकत ना कर सके।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908